CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 15°C

मुजफ्फरनगर, रविवार 5 अप्रैल 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 77 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | बैसाख कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2083 | 16 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अंबेडकर जयंती पर शक्ति प्रदर्शन, लखनऊ में भारी भीड़ जुटाने की तैयारी पेज 2



आरसीबी के खिलाफ सीएसके को करनी होगी वापसी खेल टाइम्स




होर्मुज स्ट्रेट को तीन श्रेणी में बांटेगा ईरान पेज 11



ग्लोबल एनीमे अवॉर्ड्स में बतौर प्रेजेंटर नजर आएंगी रश्मिका मंदाना बॉलीवुड

# ईरान की अमेरिका और उसके सहयोगी देशों को सख्त चेतावनी

## कहा: किसी भी तरह की सैन्य कार्रवाई का जवाब पहले से कहीं ज्यादा करारा और विनाशकारी होगा

**तेहरान, वार्ता**

**पश्चिम एशिया** में तनाव एक बार फिर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। ईरान ने अमेरिका और उसके सहयोगी देशों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर उसके खिलाफ किसी भी तरह की सैन्य कार्रवाई की गई, तो उसका जवाब पहले से कहीं ज्यादा करारा और विनाशकारी होगा।

ईरानी सशस्त्र बलों के केंद्रीय मुख्यालय के प्रवक्ता इब्राहिम ज़ोल्फाघारी ने शनिवार को बयान जारी कर कहा कि अमेरिका के हालिया बयानों और धमकियों को हल्के में नहीं लिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान अपनी सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगा। ईरान ने सिर्फ अमेरिकी सैन्य ठिकानों ही नहीं, बल्कि उन देशों को भी चेतावनी दी है जो अपने यहां अमेरिकी सैन्य बेस की अनुमति देते हैं। प्रवक्ता ने कहा कि ऐसे देशों को अमेरिका को अपने क्षेत्र से बाहर करने के लिए कदम उठाने चाहिए, अन्यथा उन्हें भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। ईरानी सेना ने संकेत दिए हैं कि जवाबी कार्रवाई केवल सैन्य ठिकानों तक सीमित नहीं होगी। इसमें ऊर्जा संयंत्र, ईंधन केंद्र और आर्थिक ढांचे भी निशाने पर हो सकते हैं। बयान में कहा गया है कि यह कार्रवाई पहले से कहीं ज्यादा व्यापक और कठोर होगी। यह पूरा विवाद उस समय और बढ़ गया जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के बुनियादी ढांचे जैसे पुल, बिजली संयंत्र और ऊर्जा सुविधाओं को निशाना बनाने की बात कही थी।



■ अमेरिकी ठिकानों और सहयोगियों पर साधेंगे निशाना, ऊर्जा और आर्थिक ढांचे पर हमलों का किया ऐलान

### अमेरिका एसी-130 गनशिप के जरिये कर रहा अपने पायलट की तलाश

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान में गिराए गए अपने लड़ाकू विमान के पायलट की तलाश के लिए अभियान तेज कर दिया है और इसके लिए वह एसी-130 गनशिप का इस्तेमाल कर रहा है। बीबीसी ने अपनी रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी है। बीबीसी के अमेरिकी साझेदार सीबीएस न्यूज से बात करते हुए अमेरिका के एक पूर्व कमांडर ने बताया कि अगर बचाव अभियान का लक्ष्य ऐसे इलाके में है, जहां हेलीकॉप्टर नहीं पहुंच सकता, तो एसी-130 गनशिप के स्क्वाड्रन उस विमान से छलांग लगाएंगे और पैदल ही तलाश अभियान शुरू कर देंगे। उन्होंने कहा कि जमीन पर पहुंचने के बाद स्क्वाड्रन का मकसद लापता क्रू मेंबर से संपर्क करना, जरूरत पड़ने पर मेडिकल मदद देना, दुश्मन से बचना या उसे रोकना और ऐसी जगह पहुंचना होता है, जहां से उन्हें बचाया जा सके।

### ईरान के बुशहर न्यूक्लियर प्लांट के पास हमला, एक की मौत

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान के बुशहर में शनिवार को न्यूक्लियर पावर प्लांट के पास हमला हुआ है। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्लांट के पास एक प्रोजेक्टाइल गिरा, जिससे एक सुरक्षा कर्मी की जान चली गई। वहीं इजरायल ने ईरान के दक्षिणी खुजेस्तान प्रांत में महशहर पेट्रोकेमिकल स्पेशल इकोनॉमिक जोन पर हमला किया है। इस इलाके में कई विस्फोट हुए, जिसके बाद घटनास्थल से धुआं उठता हुआ देखा गया।

### केदारनाथ में भारी बर्फबारी, यूपी में बिजली गिरने से पांच मौतें

**नई दिल्ली।** गर्मी के मौसम में देश के उत्तरी और पश्चिमी राज्यों में बारिश, ओले और बर्फबारी हो रही है। केदारनाथ में शनिवार को बर्फबारी के बाद पूरा इलाका सफेद हो गया है। रोहतांग दर्रे के पास भारी हिमपात की वजह से अटल सुरंग बंद कर दी गई है। इधर, लाहौल स्पीति के ऊंचे पहाड़ों पर बर्फबारी जारी है। उत्तर प्रदेश की कोसीकला अनाज मंडी में 10 हजार बोरियों में रखा 5 हजार क्विंटल गेहूं बारिश में भीग गया। इससे पहले राज्य में अलग-अलग जगह बिजली गिरने से 5 लोगों की मौत हो चुकी है। दिल्ली, पंजाब सहित 11 राज्यों में शनिवार को तेज बारिश का अलर्ट था।

## संक्षिप्त समाचार

### नासिक में कुएं में गिरी कार, एक ही परिवार के नौ मरे

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में एक कार के कुएं में गिरने से एक परिवार के छह बच्चों समेत 9 लोगों की मौत हो गई। हादसा शुक्रवार रात करीब 10 बजे डिंडोरी शहर के शिवाजी नगर इलाके में हुआ। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित परिवार एक बैंक्वेट हॉल में फंक्शन में शामिल होने के बाद घर जा रहा था, तभी उनकी कार वेन्यू के पास एक कुएं में गिर गई। लोग मौके पर पहुंचे और आधी रात को दो क्रेन और तैराकों की मदद से कार और उसमें सवार लोगों को बाहर निकाला। पुलिस के अनुसार, मरने वालों की पहचान सुनील दत्तू दरगुडे (32), उनकी पत्नी रेशमा, एक अन्य महिला आशा अनिल दरगुडे (32) और परिवार के छह बच्चों (पांच लड़कियां और एक लड़का) के रूप में हुई है। अधिकारी ने कहा कि वे यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि ड्राइवर को कुआं कैसे नहीं दिखा। उन्होंने आगे कहा, हम चश्मदीदों की तलाश कर रहे हैं और घटना के सीसीटीवी फुटेज चेक कर रहे हैं।

### केरलम में 38 प्रतिशत उम्मीदवारों पर क्रिमिनल केस, 339 करोड़पति

**तिरुवनंतपुरम।** केरलम विधानसभा चुनाव में 38 प्रतिशत उम्मीदवारों पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। इनमें सबसे ज्यादा 72 उम्मीदवार कांग्रेस से हैं। भाजपा के 59 और सीपीआई एम के 51 उम्मीदवार हैं। वहीं, 23 प्रतिशत पर हत्या और बलात्कार जैसे गंभीर केस दर्ज हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने विधानसभा चुनाव लड़ रहे कुल 883 में से 863 उम्मीदवारों के एफिडेविट का एनालिसिस कर शनिवार को यह रिपोर्ट जारी की। 339 करोड़पति प्रत्याशी हैं। यानी हर 5 में से 2 उम्मीदवार करोड़पति हैं। 2021 में राज्य के पिछले विधानसभा चुनाव में 27 प्रतिशत उम्मीदवार ही करोड़पति थे, लेकिन 2026 में ये नंबर बढ़कर 39प्रतिशत हो गया। यानी 5 साल में करोड़पति उम्मीदवारों की संख्या 48 प्रतिशत बढ़ी है। रिपोर्ट के मुताबिक, 54 प्रतिशत उम्मीदवार ग्रेजुएट नहीं हैं।

### कमलनाथ, आनंद शर्मा व थरूर का सरकार को समर्थन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के 3 बड़े नेताओं ने मिडिल ईस्ट जंग और एलपीजी संकट पर पार्टी लाइन से हटकर बात की। इनमें कमलनाथ, आनंद शर्मा और शशि थरूर शामिल हैं। उधर, राहुल गांधी इन मुद्दों पर सीधे प्रधानमंत्री का नाम लेकर निशाना साध रहे हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने भारत के डिप्लोमैटिक तरीके की तारीफ करते हुए इसे मैच्योर और स्किलफुल बताया। वहीं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने गैस संकट पर कहा था कि ऐसी कोई कमी नहीं है। यह बस माहौल बनाया जा रहा है। आनंद शर्मा ने 2 अप्रैल को एक्स पर लिखा कि संकट से निपटने में भारत का डिप्लोमैटिक तरीका समझदारी भरा रहा है। इससे संभावित मुश्किलों से बचा गया है। सरकार ने एक अप्रत्याशित और अस्थिर स्थिति में राजनीतिक नेताओं को पॉलिसी फैसलों के बारे में बताने के लिए एक आल-पार्टी मीटिंग भी की।

# खाड़ी देशों में भारतीयों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध: मोदी

## कांग्रेस चुनावी फायदे व मुझे गाली देने के लिए 1 करोड़ प्रवासियों की जिंदगी दांव पर लगाने को तैयार

**तिरुवल्ला, वार्ता**

**केरल में** चुनावी बिगुल बज चुका है और इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सूबे के तिरुवल्ला में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने विपक्षी दल कांग्रेस, लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) और यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) पर जमकर प्रहार किए। पीएम ने कांग्रेस पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी सिर्फ चुनावी फायदे और मुझे गाली देने के लिए एक करोड़ प्रवासियों की जिंदगी दांव पर लगाने को तैयार है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की मंशा बेहद खतरनाक है। वे चाहते हैं कि पश्चिम एशिया के देश भारत को अपना दुश्मन समझ लें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चाहती है कि हम यहां कोई ऐसी गलती कर दें या कोई ऐसा बयान दे दें, जिससे खाड़ी देशों में रह रहे हमारे भारतीय भाई-बहनों पर बड़ी मुसीबत आ जाए। पीएम मोदी ने सीधे तौर पर कहा कि कांग्रेस जानबूझकर खाड़ी देशों को नाराज करने वाले बयान दे रही है, जिससे देश में डर का माहौल बने और उन्हें केंद्र सरकार को कोसने का मौका मिल सके। प्रधानमंत्री ने विरोधियों को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि मैं कांग्रेस और एलडीएफ-यूडीएफ के लोगों से साफ कह देना चाहता हूं कि राजनीति अपनी जगह है और चुनाव आते-जाते रहेंगे। मेरे लिए केरल के जो लाखों लोग वहां काम कर रहे हैं, उनकी सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है और मैं इसके लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं। प्रधानमंत्री ने केरल की संस्कृति पर हो रहे हमलों को लेकर भी विपक्ष को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि लेफ्ट और कांग्रेस के भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण का सीधा निशाना केरल की महान संस्कृति और आस्था पर है। उन्होंने कहा कि पहले इन लोगों ने सबरीमाला तीर्थ को बदनाम करने की साजिश रची और अब यह इनकी लूट का अड्डा बन गया है। पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि सबरीमाला में जो कुछ भी हुआ वह एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा था। उन्होंने कहा कि यह चोरी एलडीएफ सरकार में हुई और इसके तार कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से जुड़े पाए गए हैं। यही वजह है कि एलडीएफ सरकार इस पूरे मामले की जांच सीबीआई को नहीं सौंप रही है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि हर चीज में झूठ बोलना इनका स्वभाव बन चुका है। उन्होंने कहा कि जब हम सीएए लेकर आए, तब इन्होंने खूब झूठ फैलाया। आज कानून लागू हो चुका है और देश का कोई नुकसान नहीं हुआ। उन्होंने द केरल फाइल्स और कश्मीर फाइल्स जैसी फिल्मों का उदाहरण देते हुए कहा कि सच सामने आते ही विपक्ष इसे झूठ का पुलिंदा बताने लगता है। आजकल ये लोग यूसीसी को लेकर भी ऐसा ही भ्रम फैला रहे हैं।



■ मोदी ने विपक्षी दल कांग्रेस, एलडीएफ और यूडीएफ पर जमकर किए प्रहार

### केरलम में एलडीएफ जाएगी, एनडीए आएगी: मोदी

**तिरुवल्ला।** केरलम के तिरुवल्ला पहुंचे पीएम मोदी ने कहा कि इस बार के चुनाव में केरलम में लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) की सरकार जाएगी और नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) की सरकार आएगी। उन्होंने कहा कि मैं पहले भी केरलम आया हूं, लेकिन इस बार हवा का रुख कुछ अलग है। केरल एक ऐतिहासिक बदलाव के लिए तैयार है। इस बार सत्ता परिवर्तन होगा।

# ईरानी तेल टैंकर को भुगतान मुद्दों के कारण चीन मोड़े जाने की रिपोर्ट गलत: पेट्रोलियम मंत्रालय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने उन मीडिया रिपोर्टों को गलत बताया है जिनमें कहा गया है कि ईरान से कच्चा तेल लेकर आ रहे तेल टैंकर को 'भुगतान मुद्दों' के कारण भारत के बजाय चीन की ओर मोड़ दिया गया है।

मंत्रालय ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि समाचार रिपोर्टों और सोशल मीडिया पोस्टों में किया गया यह दावा कि ईरानी कच्चे तेल का एक कार्गो भुगतान मुद्दों के कारण वाडिनार, भारत से चीन की ओर मोड़ दिया गया है, तथ्यात्मक रूप से गलत है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि भारतीय रिफाइनरियों ने अपनी कच्चे तेल की आवश्यकताओं को सुरक्षित कर लिया है, जिसमें ईरान से भी आपूर्ति शामिल है और अफवाहों के विपरीत, ईरानी कच्चे तेल के आयात के लिए कोई भुगतान बाधा नहीं है। गुरुवार को शिप ट्रैकिंग साइट के हवाले से मीडिया रिपोर्टों में कहा गया था कि करीब छह लाख बैरल कच्चा तेल लेकर इस्वातिनी के ध्वज वाला टैंकर भारत के वाडिनार बंदरगाह पर आ रहा है। हालांकि जहाजरानी मंत्रालय ने कहा था कि उसे इस टैंकर के बारे में विशेष जानकारी नहीं है। शुक्रवार को इस साइट के हवाले से खबरों में कहा गया कि पिग शुन नामका यह टैंकर चीन के बंदरगाह डोंगयिग की ओर बढ़ रहा है। इसके बाद मीडिया की रिपोर्टों में कहा गया कि यह इस टैंकर को 'भुगतान मुद्दों' के कारण चीन मोड़ दिया गया है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि समाचार रिपोर्टों और सोशल मीडिया पोस्टों में यह दावा कि ईरानी कच्चे तेल का एक कार्गो भुगतान मुद्दों के कारण वाडिनार, भारत से चीन की ओर मोड़ दिया गया है, तथ्यात्मक रूप से गलत है। भारत 40 से अधिक देशों से कच्चा तेल आयात करता है, और कंपनियों को वाणिज्यिक विचारों के आधार पर विभिन्न स्रोतों और भौगोलिक क्षेत्रों से तेल प्राप्त करने का पूरा लचीलापन प्राप्त है।

■ कहा: भारतीय रिफाइनरियों ने अपनी कच्चे तेल की आवश्यकताओं को सुरक्षित किया

# 200 करोड़ की ठगी मामले में लीना मारिया की जमानत पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** 200 करोड़ रुपये की ठगी से जुड़े मामले में आरोपी और सुकेश चंद्रशेखर की पत्नी फिल्म अभिनेत्री लीना मारिया की मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दाखिल जमानत याचिका पर शनिवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई टल गई है।

अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए छह अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। इससे पहले हुई सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने लीना मारिया की मकोका (महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ आर्गनाइज्ड क्राइम एक्ट) के तहत दायर जमानत याचिका पर बहस पूरी कर ली थी।

■ कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए छह अप्रैल निर्धारित की

### प. बंगाल में 4660 सहायक मतदान केंद्र बनाने के निर्देश

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की सुविधा के लिए 4660 सहायक मतदान केंद्र बनाने के निर्देश दिए हैं। सहायक मतदान केंद्र उन क्षेत्रों में बनाए जाएंगे, जहां मतदाताओं की संख्या प्रति मतदान केंद्र 1200 से अधिक है। इसके अतिरिक्त राज्य में 321 मतदान केंद्रों को मतदाताओं की सुविधा के लिए उनके पहले निर्धारित स्थानों से दूसरी जगह स्थापित किया जाएगा।

# हजारों हमलों के बाद भी ईरान की ताकत बरकरार

## अमेरिकी खुफिया आकलन: 50 प्रतिशत लॉन्चर अभी भी सुरक्षित, मिसाइलें गुफाओं में छिपाई

**वाशिंगटन, वार्ता**

**लगातार पांच** हफ्तों से जारी अमेरिका और इजरायल के हमलों के बावजूद ईरान की सैन्य क्षमता पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। अमेरिकी खुफिया आकलन, जिसका हवाला सीएनएन ने तीन सूत्रों के जरिये बताता है कि ईरान के करीब आधे मिसाइल लॉन्चर अब भी सुरक्षित हैं और उसके पास हजारों आत्मघाती ड्रोन मौजूद हैं।

खुफिया रिपोर्ट के अनुसार, कुछ लॉन्चर ऐसे हैं, जो हमलों के बाद जमीन के नीचे दब गए हैं या पहुंच से बाहर हो गए हैं, लेकिन नष्ट नहीं हुए। एक सूत्र का कहना है कि ईरान अब भी पूरे क्षेत्र में गंभीर नुकसान पहुंचाने की क्षमता रखता है। ड्रोन ताकत भी काफी हद तक बची हुई है। अनुमान है कि ईरान की लगभग आधी ड्रोन क्षमता अब भी सक्रिय है। इसके अलावा तटीय रक्षा के लिए इस्तेमाल होने वाली क्रूज मिसाइलें भी बड़ी संख्या में मौजूद हैं, जो होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों के लिए खतरा बनी हुई हैं। व्हाइट हाउस ने इन खुफिया आकलनों पर सवाल उठाते हुए कहा कि गुमनाम सूत्र ट्रम्प की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। सरकार का दावा है कि ईरान की नौसेना लगभग खत्म हो चुकी है, दो-तिहाई सैन्य उत्पादन क्षमता नष्ट हो गई है और अमेरिका तथा इजरायल को हवाई बढ़त हासिल है। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने भी कहा है कि ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमलों में करीब 90 प्रतिशत की कमी आई है। हालांकि जमीनी स्थिति इससे अलग संकेत देती है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार 12,300 से ज्यादा ठिकानों पर हमले किए जा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद ईरान की क्षमताएं पूरी तरह खत्म नहीं हुईं। इजरायल का अनुमान है कि केवल 20 से 25 प्रतिशत लॉन्चर सक्रिय हैं, हालांकि इसमें वे सिस्टम शामिल नहीं हैं जो सुरंगों और गुफाओं में छिपे हुए हैं। ईरान की रणनीति का अहम हिस्सा उसके भूमिगत ठिकाने हैं। उसने मिसाइल और लॉन्च सिस्टम को सुरंगों और गुफाओं में छिपाकर रखा है, जिससे उन्हें ढूंढ़ना और नष्ट करना मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा मोबाइल लॉन्चर तेजी से जगह बदलते हैं, जिससे उन पर निशाना साधना और भी कठिन हो जाता है।



■ ईरान अब भी पूरे क्षेत्र में गंभीर नुकसान पहुंचाने की क्षमता रखता है

# चीनी CCTV कैमरों से लोगों को जोखिम में डाल रही सरकार: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार चीनी सीसीटीवी कैमरों का इस्तेमाल कर रही है और जिन पर खुद उसने प्रतिबंध लगाया उन्हीं से निगरानी करवाकर जनता की जान जोखिम में डाल रही है।

राहुल गांधी ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि सरकार से जब उन्होंने संसद में इस बारे में सवाल पूछा तो ठोस जवाब नहीं दिया गया। उनका कहना था कि सरकार ने हाल में चीनी सीसीटीवी कैमरों के सार्वजनिक उपयोग पर प्रतिबंध लगाया लेकिन सरकारी इमारतों के अंदर चीनी कैमरे अब भी लगे हुए हैं। प्रतिबंधित चीनी एप्स बदले हुए नामों के साथ फिर से सामने आ रहे हैं। विदेशी एआई प्लेटफॉर्म संवेदनशील डेटा प्रोसेस कर रहे हैं और सरकार के पास इन सबके बारे में कहने के लिए कुछ भी नहीं है। मैंने संसद में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय से सवाल पूछा। जवाब में बहुत कुछ कहा गया लेकिन जो पूछा गया था उसका कोई जवाब नहीं मिला। हमारे कैमरे किन देशों से आए। उनमें से कितने सुरक्षा की दृष्टि से प्रमाणित हैं।



CMYK



## संक्षिप्त समाचार

### योगी ने काल भैरव और बाबा विश्वनाथ के किए दर्शन

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काशी दौरे के दूसरे दिन शनिवार को बाबा विश्वनाथ और काल भैरव के दर्शन-पूजन किए। उन्होंने यहां आसपास के दुकानदारों और बच्चों से संवाद किया तथा उनका कुशलक्षेम पूछा। मुख्यमंत्री ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद भी दिया। मुख्यमंत्री सबसे पहले बाबा काल भैरव के दरबार पहुंचे। उन्होंने वहां माथा टेका और आरती उतारकर अपनी श्रद्धा अर्पित की। दर्शन के बाद निकलते समय योगी ने आसपास के दुकानदारों और बच्चों से बातचीत की। सभी ने प्रणाम कर अपने मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री के आत्मीय व्यवहार को देखकर लोग प्रसन्न नजर आए। इसके बाद मुख्यमंत्री श्री काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे।

### सपा ढोंगी पार्टी 2027 में फिर आएगी भाजपा: जयवीर

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने समाजवादी पार्टी को ढोंगी पार्टी करार देते हुए आरोप लगाया कि सपा सरकार के कार्यकाल में दलितों पर अत्याचार की घटनाएं सबसे अधिक हुईं। सर्किट हाउस में जनसुनवाई के बाद पत्रकारों से बातचीत में मंत्री ने कहा कि सपा अब डा. भीमराव आंबेडकर के अनुयाई बनने का दिखावा कर रही है, जबकि पहले उनके खिलाफ बयानबाजी करती रही है। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वे पीडीए की परिभाषा बार-बार बदल रहे हैं और उन्हें स्वयं इसका अर्थ स्पष्ट नहीं है। मंत्री ने दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता सपा को नकारते हुए फिर भाजपा की सरकार बनाएगी। जयवीर सिंह ने कहा कि योगी सरकार में प्रदेश विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## काशी से सीएम योगी का बड़ा ऐलान, इसी महीने से मिलेगा मानदेय

# शिक्षा मित्रों को 18 व अनुदेशकों को 17 हजार मिलेंगे

**वाराणसी, वार्ता**



- शिवपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में सीएम ने किया 'स्कूल चलो अभियान' का भव्य शुभारंभ
- स्कूलों के प्रधानाचार्य गांव मोहल्लों में निकलें व अभिभावको से संवाद करें

सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अनुदेशकों को 17,000 तथा शिक्षामित्रों को 18,000 का मानदेय इसी महीने से लागू करने की घोषणा की है। वे प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र को और सशक्त बनाने तथा हर बच्चे को स्कूल से जोड़ने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'स्कूल चलो अभियान' का भव्य शुभारंभ करने शिवपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय पहुंचे थे।

सीएम ने शिक्षा को समाज की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। सीएम योगी ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी और स्कूल चलो अभियान की सार्थकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि 9 वर्ष में लगभग 60 लाख नए बच्चों को बेसिक शिक्षा के स्कूलों से जोड़ा गया है। उन्होंने शिक्षा मित्र अनुदेशक, रसोइयों के लिए भी बड़ी घोषणा की। सीएम ने बताया कि शिक्षक, अनुदेशक, रसोइयों के लिए पांच लाख रुपये की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि आप काम करिए, सरकार आपके साथ है। सीएम ने शिक्षकों से अनुरोध किया कि 1 से 15 अप्रैल तक हर शिक्षक को स्कूल चलो अभियान से जुड़ना चाहिए। सीएम ने कहा कि प्रधानाचार्य अभिभावकों के साथ संवाद करें और शिक्षक स्कूल खुलने से थोड़ा पहले निकलकर गांव-मोहल्ले के घरों पर दस्तक दें। अभिभावकों से पूछें कि स्कूल जाने से कोई बच्चा वंचित तो नहीं है। उन्हें बताएं कि सरकार सब नि:शुल्क दे रही है।

### अब खर्च होते हैं 80 हजार करोड़ रुपये

सीएम ने पीएम मोदी की प्रेरणा से यूपी में अब स्कूली शिक्षा पर 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च होते हैं। इस पैसे का परिणाम आना चाहिए। शिक्षक व अधिकारियों ने मेहनत की है, इसलिए सरकार भी आपके साथ खड़ी है। जहां कस्तूरबा गांधी विद्यालय नहीं थे, इस बजट में वहां के लिए भी पैसा दे दिया गया। वहां आठवीं तक की शिक्षा थी, हमने इसे 12वीं तक प्रारंभ कर दिया। श्रमिकों के तथा निराश्रित बच्चों के लिए अटल आवासीय विद्यालय प्रारंभ किए।

### सीएम ने परोसा खाना, खिलखिलाए बच्चे

इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्कूल चलो अभियान के शुभारंभ पर बच्चों को मिड-डे मील परोसा। उन्हें स्कूल बैग, पाठ्य पुस्तकों के साथ उपहार व चॉकलेट भी दी। सीएम ने निपुण विद्यालयों व बच्चों को पुरस्कृत भी किया। इस मौके पर बच्चों ने भी खिलखिलाकर सीएम के प्रति आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने काशी दौरे के दूसरे दिन शनिवार को कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में शिक्षा सरकार के एजेंडे में नहीं थी और न ही गरीब व सामान्य बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता दी जाती थी। हालांकि उस समय नकल की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया जाता था। उन्होंने शिक्षकों से अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने का आह्वान किया।

# अखिलेश यादव ने दी पीडीए फॉर्मूले को धार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** यूपी विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) को अभी से धार देना शुरू कर दिया है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि पीडीए के उत्थान के लिए हमें खुद आगे आना होगा और अपना वक्त बदलना होगा। अखिलेश यादव ने पीडीए को जिताएंगे, संविधान को बचाएंगे का नारा दिया।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लंबी पोस्ट लिखी और पीडीए को लेकर अहम संदेश दिया। उन्होंने लिखा- प्रिय पीडीए युवक-युवतियों, हर 'पीडीए' को जोड़े है, पीड़ा की एक डोर.. चलो चलें 'अनुशासन से शासन' की ओर! पीडीए के संकल्पबद्ध युवाओं को हर बूथ को मजबूत करने का जो निर्देश दिया गया है, उसको लेकर उनका अभूतपूर्व उत्साह दिखाई दिया। इस बार

- युवाओं से जुड़ने का किया आह्वान

बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद और युवाओं का प्रयास मिलकर अपनी 'पीडीए सरकार बनाने' और 'संविधान बचाने' के लिए कटिबद्ध-प्रतिबद्ध है। सच तो यही है कि जब पीडीए सरकार बनेगी, तभी संविधान बचेगा, जब संविधान बचेगा, तभी अधिकार और आरक्षण बचेगा, तभी युवाओं को भेदभाव के बिना काम-कारोबार-रोजगार के बराबर मौके मिलेंगे, नौकरी मिलेगी। वो अपने घर-परिवार के सपने पूरे कर पाएंगे और सम्मान से जीवन जी पाएंगे। आज से पीडीए के युवाओं का यही नया नारा है- पीडीए को जिताएंगे, संविधान को बचाएंगे!'

# यूपी बोर्ड ने प्रायोगिक परीक्षा के अंक अपलोड के लिए अंतिम मौका दिया

**प्रयागराज, वार्ता**

- 652 प्रायोगिक केंद्रों पर अब तक नहीं किए अपलोड

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने इंटरमीडिएट प्रायोगिक परीक्षा 2026 के अंकों के अपलोड को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए विद्यालयों को अंतिम अवसर प्रदान किया है।

परिषद की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कई विद्यालयों में आंतरिक परीक्षकों द्वारा प्रैक्टिकल अंकों को समय पर ऑनलाइन अपलोड नहीं किया गया, जिससे हजारों छात्रों का परीक्षा परिणाम प्रभावित हो रहा है। बोर्ड के मुताबिक, इंटरमीडिएट प्रायोगिक परीक्षाएं दो चरणों में आयोजित की गई थीं। पहला चरण 24 जनवरी से 1 फरवरी 2026 तक तथा दूसरा चरण 2 फरवरी से 9 फरवरी 2026 तक संपन्न हुआ था। इसके बाद भी जिन विद्यालयों में अंक अपलोड नहीं हो सके थे, उन्हें 13 फरवरी 2026 तक अतिरिक्त समय दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद कई परीक्षा केंद्रों पर लापरवाही बरती गई। ऑनलाइन डेटा की समीक्षा में सामने आया है कि प्रदेश के 652 प्रायोगिक परीक्षा केंद्रों पर अब तक अंक अपलोड नहीं किए गए हैं, जिससे लगभग 34,637 परीक्षार्थियों का परिणाम प्रभावित हुआ है। परिषद ने छात्रहित में एक और अवसर देने का निर्णय लिया है। अब बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर 6 और 7 अप्रैल 2026 को प्रैक्टिकल अंकों का पोर्टल पुन: खोला जाएगा। निर्देश दिए हैं कि निर्धारित तिथियों के भीतर सभी विद्यालय अपने शेष प्रैक्टिकल अंक अनिवार्य रूप से अपलोड करें। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि इस अंतिम अवसर के बावजूद अंक अपलोड नहीं किए जाते हैं, तो संबंधित परीक्षार्थियों को अनुत्तीर्ण घोषित किया जा सकता है। इसके लिए संबंधित परीक्षक, प्रधानाचार्य और जिला विद्यालय निरीक्षक को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

# सरकारी इमारतों पर अभी तक चीनी सीसीटीवी क्यों: राहुल गांधी

**नई दिल्ली, वार्ता**



बैन के बाद कांग्रेस नेता का सरकार से सवाल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर केंद्र सरकार को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि भले ही सरकार ने आम लोगों के लिए चीनी सीसीटीवी कैमरों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है, लेकिन सरकारी इमारतों में अभी भी ऐसे कैमरे लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी एआई प्लेटफॉर्म संवेदनशील डेटा को प्रोसेस कर रहे हैं और सरकार के पास इस बारे में कहने के लिए कुछ भी नहीं है। मैंने संसद में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय से सवाल पूछे थे। जवाब में बहुत कुछ कहा गया, लेकिन जो पूछा गया था, उसका कोई जवाब नहीं दिया गया।

राहुल गांधी ने बताया कि उन्होंने सरकार से पूछा था कि हमारे कैमरे किन देशों से आए? उनमें से कितने सुरक्षा की दृष्टि से प्रमाणित हैं? कौन से विदेशी एआई प्लेटफॉर्म सरकारी डेटा प्रोसेस कर रहे हैं? कौन से प्रतिबंधित ऐप्स बदले नामों के साथ अब भी चल रहे हैं? राहुल ने कहा कि मंत्रालय के जवाब में न कोई संख्या, न कोई जवाब, एक भी प्लेटफार्म का नाम तक नहीं। राहुल गांधी ने सरकार के जवाब का पत्र सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा कि पांच साल पहले यह मानने के बाद कि सरकार द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे 10 लाख चीनी कैमरे डेटा ट्रांसफर के जोखिम पैदा करते हैं, आज भी सरकार ने ये नहीं बताया कि आज जो कैमरे हम पर नजर रख रहे हैं, वे सुरक्षित हैं या नहीं।

दिल्ली के सीसीटीवी सर्विलांस नेटवर्क का आधे से ज्यादा हिस्सा चीन में बने कैमरों का है, जिसके चलते राज्य सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को देखते हुए इन्हें चरणबद्ध तरीके से बदलने का काम शुरू कर दिया है।

### सैफई में खेत में गिरा ड्रोन, अखिलेश यादव ने की जांच व मुआवजे की मांग

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इटावा के सैफई क्षेत्र के नंदपुर गांव में गेहूं के खेत में ड्रोन गिरने की घटना पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि इस घटना से इलाके में दहशत और अफरा-तफरी का माहौल बन गया, ग्रामीणों को आशंका हुई कि कहीं कोई मिसाइल तो नहीं गिर गई। सपा अध्यक्ष ने कहा कि यदि यह किसी सरकारी परीक्षण या प्रयोग का हिस्सा था, तो स्थानीय लोगों को पहले से सूचित किया जाना चाहिए था। बिना भरोसे और पर्याप्त तैयारी के आबादी वाले क्षेत्रों के आसपास ऐसे परीक्षण करना गंभीर जोखिम पैदा करता है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि ड्रोन खेत के बजाय किसी बस्ती में गिरता, तो जान-माल का बड़ा नुकसान हो सकता था। अखिलेश यादव ने राज्य सरकार से घटना की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि प्रभावित किसान के नुकसान और मानसिक आघात का आकलन कर उचित मुआवजा दिया जाए। साथ ही भविष्य में ऐसे सभी परीक्षण निर्जन क्षेत्रों में ही कराए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सैफई की जनता सवाल उठा रही है कि जब ड्रोन संचालन ही सही ढंग से नहीं हो पा रहा है, तो वहां की हवाई पट्टी से विमान संचालन कैसे संभव होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक कारणों से सैफई के रनवे को उपेक्षित छोड़ दिया गया है।


काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010


## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 71608.05
निफ्टी 22383.40



सोना 151090
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 249900
प्रति किलो



# एलपीजी कालाबाजारी पर नकेल अब तक 3700 से ज्यादा छापेमारी

## एक हजार एलपीजी एजेंसियों को नोटिस जारी, 27 सस्पेंड

**नई दिल्ली, वार्ता**



पश्चिम एशिया में तनाव के बीच भारत सरकार ने ऊर्जा आपूर्ति, नागरिक सुरक्षा और जरूरी सेवाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। सरकार ने साफ किया है कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं है और सभी रिफाइनरी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं।

सरकार ने घरेलू जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए एलपीजी और पीएनजी की सप्लाई मजबूत की है। शुक्रवार को ही 51 लाख एलपीजी सिलेंडर डिलीवर किए गए, जबकि 23 मार्च से अब तक 5.7 लाख छोटे (5 किलो) सिलेंडर वितरित किए जा चुके हैं। 5 किलो वाला एफटीएल एलपीजी सिलेंडर अब सिर्फ वैध आईडी दिखाकर बिना एड्रेस प्रूफ के भी लिया जा सकता है। मार्च 2026 से अब तक 3.5 लाख से ज्यादा नए पीएनजी कनेक्शन चालू किए गए हैं और पीएनजी को बढ़ावा देने के लिए इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड, महानगर गैस लिमिटेड, गेल और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड जैसी कंपनियां सक्रिय हैं। एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए सरकार ने सख्त कार्रवाई की है। अब तक 3700 से ज्यादा छापे मारे गए हैं, 1000 एलपीजी एजेंसियों को नोटिस जारी हुआ है और 27 एजेंसियों को सस्पेंड किया गया है। उद्योगों को फिलहाल 80 प्रतिशत गैस सप्लाई दी जा रही है, जबकि उर्वरक संयंत्रों को 6 अप्रैल से 90 प्रतिशत तक गैस सप्लाई बढ़ाई जाएगी। कमर्शियल एलपीजी सप्लाई भी अब सामान्य स्तर के करीब 70 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

### सोने में तेजी लौटी, चांदी की चमक अभी भी फीकी

**नई दिल्ली।** देश में सोने की कीमत में तेजी लौट आई है। शनिवार की सुबह राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 151090 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। मुंबई में भाव 150940 रुपये प्रति 10 ग्राम है। एक दिन पहले दिल्ली का सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में कोई उतार-चढ़ाव नहीं देखा गया। कीमत 1,51,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रही। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोने का भाव वर्तमान में 4,591.52 डॉलर प्रति औंस है। दूसरी कीमती धातु चांदी की कीमत में गिरावट बरकरार है। 4 अप्रैल की सुबह भाव 249900 रुपये प्रति किलोग्राम पर है। एक दिन पहले दिल्ली के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही।

# पूर्व महिला उपनिरीक्षक दोषी

## अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर व धमकी मामले में फैसला

**नई दिल्ली, वार्ता**



राष्ट्रीय राजधानी की द्वारका अदालत ने दिल्ली पुलिस की पूर्व उपनिरीक्षक कविता माथुर को चार्जशीट पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर करने और एक वरिष्ठ अधिकारी को धमकी भरा एसएमएस भेजने का दोषी करार दिया है।

यह मामला साल 2015 में किए गए अपराधों से संबंधित है, जब कविता पालम गांव पुलिस थाने में तैनात थीं। अदालत के फैसले के अनुसार, जांच अधिकारी के रूप में काम करते हुए कविता ने पालम गांव थाने की कई प्राथमिकियों की अंतिम रिपोर्ट या चार्जशीट पर तत्कालीन सहायक पुलिस आयुक्त एम हर्ष वर्धन के फर्जी हस्ताक्षर किए थे। उन पर प्राथमिकी नंबर 224/14 और 276/14 की अंतिम रिपोर्ट पर तत्कालीन थाना प्रभारी निवती एम कश्यप के हस्ताक्षर भी जाली तरीके से करने और बाद में उन दस्तावेजों को संबंधित अदालत में पेश करने का आरोप था। इसके अलावा 23 जुलाई 2015 को कविता ने अपने मोबाइल फोन से एसीपी हर्षवर्धन के सरकारी मोबाइल नंबर पर एक एसएमएस भेजा था, जिसमें लिखा था, सर, मैंने बहुत कोशिश की कि मैं सब बातों का सामना करूं, लेकिन ये मेरे लिए बहुत मुश्किल रहा। मैं किसी को फेस नहीं कर पा रही हूं, मैंने आपका साइन कर कोई मामला रद्द नहीं करवाया। सब लोग मुझे अजीब तरीके से देख रहे हैं। मैं अदालत के समक्ष नहीं कर पा रही। मेरा सारा करियर आपकी एफआईआर ने खत्म कर दिया। मैं सुसाइड कर रही हूं। अदालत ने माना कि यह संदेश डराने के इरादे से दी गई 'आपराधिक धमकी' थी। इसका उद्देश्य अधिकारी को डराना और उन्हें मामले की पैरवी करने से रोकना था। अदालत ने देखा कि जब निरीक्षक मीना यादव ने आरोपी से फर्जी हस्ताक्षरों के बारे में पूछताछ की, तो उसने चार्जशीट का आखिरी पन्ना फाड़ दिया, जिस पर जांच अधिकारी (आईओ), एसएचओ और एसीपी के हस्ताक्षर थे।


स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com


# अजमेर की दुष्कर्म पीड़िता और परिजनों को न्याय दे सरकार

## कांग्रेस ने की राजस्थान सरकार से मांग

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने राजस्थान के अजमेर में दुष्कर्म पीड़ित युवती के साथ न्याय नहीं होने तथा परि. जनों को प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए राज्य सरकार से पीघ्ति को न्याय और परिवार जनों को सुरक्षा देकर दोषियों को तत्काल सजा देने की मांग की है।

कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रमुख राजेद्र पाल गौतम ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा शासित राजस्थान में 15 साल की दलित बच्ची के साथ 2024 में तीन दबंग युवकों ने दुष्कर्म किया। बच्ची के गर्भवती होने पर उसे दिल्ली लाया गत और फिर अजमेर जाकर इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया। पीड़िता के बयान न्यायाधीश के सामने दर्ज कराए जाते हैं लेकिन 8 महीने तक किसी को भी गिरफ्तार नहीं किया गया। बाद में एक गिरफ्तारी हुई और उनमे 2 को छोड़ दिया गया जबकि न्यायाधीश के सामने तीनों लोगों के खिलाफ दुष्कर्म का बयान दिया गया था। उन्होंने बताया कि दबंगों ने परिवार पर मामला वापस लेने का दबाव डाला, नहीं माने तो कुल्हाड़ियों से उन पर हमला किया गया। परिजनों को घायल किया गया, लेकिन प्रशासन की तरफ से शिकायत होने पर भी उन्हें किसी तरह की सुरक्षा नहीं दी गई, उल्टे पुलिस अधिकारियों ने मामले को रफा दफा करने का प्रयास किया है। श्री गौतम ने आरोप लगाया कि दलितों के खिलाफ अत्याचार के मामले सबसे ज्यादा भाजपा शासित राज्यों में हो रहे हैं। उनका कहना था कि पूरे देश में भाजपा शासित राज्यों में जिस तरह से दलित उत्पीड़न के मामले बढ़ रहे हैं, वह चिंताजनक है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के सबसे ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश में हो रहे है जबकि दूसरे नम्बर पर मध्य प्रदेश और तीसरे स्थान पर राजस्थान है और फिर बिहार है। कांग्रेस नेता ने कहा कि कमाल की बात यह है कि अजमेर पुलिस दलित युवती के साथ दुष्कर्म करने वालों को छोड़ देती है। बलात्कारी उनके परिवार के लोगों का उत्पीड़न कर रहे हैं। उनकी फसलों को भी काट कर ले गए हैं।

# गाजीपुर में पकड़े गए तीन साइबर ठग, 76 करोड़ ठगे

## 25 राज्य, 75 मुकदमे दर्ज: साइबर पुलिस

**गाजीपुर।** यूपी के गाजीपुर साइबर पुलिस ने 67 करोड़ की साइबर ठगी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी लोगों को लालच देकर फर्जी अकाउंट खुलवाते थे, फिर उन अकाउंट्स में फर्जीवाड़े की रकम मंगवाई जाती है। इनके पास से पुलिस ने कई सिम कार्ड, एटीएम कार्ड, मोबाइल सहित कई अन्य सामान बरामद किया है।

गाजीपुर पुलिस ने देशभर में फर्जी खातों के जरिए करोड़ों रुपये की साइबर ठगी करने वाले 3 अंतर्राज्यीय अपराधियों ऋषिराज, रोहन कुमार और सचिन सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी लोगों को लालच देकर उनके नाम पर फर्जी बैंक खाते खुलवाते थे। इसके बाद वह उन खातों के जरिए साइबर फ्रॉड से कमाए गए पैसे मंग. वाते थे। ये रकम क्रिप्टोकरेंसी या डॉलर के जरिए ट्रांसफर की जाती थी। गिरफ्तार आरोपियों के मोबाइल की जांच में देशभर के 25 राज्यों में दर्ज 75 से ज्यादा शिकायत में इनकी संलिप्तता सामने आई हैं, जिनमें करीब 67 करोड़ रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उनके पास 700 से ज्यादा फर्जी खाते थे, जिसमें वह साइबर फ्रॉड के पैसे को मंगाकर उसको ठिकाने लगाते थे। पुलिस अधीक्षक डा. इरज ने बताया कि यदि इनके पास मौजूद खातों की जांच की जाए, तो घोटाले का मामला और भी लंबा हो सकता है। यह सभी लोग फ्रॉड किए गए पैसों को डॉलर और क्रिप्टो करेंसी में कन्वर्ट कर पैसों को अन्य खातों या फिर विदेश तक भेजा करते थे। पुलिस ने ऋषिराज, रोहन कुमार और सचिन सिंह नाम के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# अंबेडकर जयंती पर शक्ति प्रदर्शन लखनऊ में भीड़ जुटाने की तैयारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**




- मायावती के निर्देश पर 14 अप्रैल को प्रदर्शन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी ने अपनी कवायद शुरू कर दी है। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती लगातार संगठन की बैठकें ले रही हैं। बसपा के पदाधिकारियों की मानें तो मायावती के निर्देश पर 14 अप्रैल को राजधानी लखनऊ में बड़ा शक्ति प्रदर्शन करने जा रही है। पार्टी अभी से इसकी तैयारी में जुट गई है।

पार्टी के एक पूर्व सांसद ने कहा कि पार्टी 14 अप्रैल को भीम राव अंबेडकर की जयंती पर बड़े आयोजन की तैयारी में जुटी है। यह रैली अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ेगी। यह विरोधी पार्टियों के लिए एक बड़ा संदेश होगा। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ता डॉक्टर भीम राव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। बसपा के नेता ने बताया कि हाल ही में लखनऊ में आयोजित पार्टी की बैठक में मायावती ने प्रदेश के सभी 18 मंडलों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को लखनऊ स्थित अंबेडकर स्मारक पर एकत्र होने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि खास बात यह है कि इस बार पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ता भी लखनऊ में ही जुटेंगे, क्योंकि दलित प्रेरणा स्थल फिलहाल नवीनीकरण कार्य चल रहा है। ऐसे में इस बार रिकॉर्ड भीड़ जुटने की संभावना जताई जा रही है। हालाकि मायावती ने कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे अपने परिवार के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हों, जिससे आयोजन को और व्यापक बनाया जा सके। इससे पहले 9 अक्टूबर 2025 को बसपा ने अपने संस्थापक कांशीराम की 19वीं पुण्यतिथि पर भी लखनऊ में बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया था, जिसमें पूरे प्रदेश से कार्यकर्ता जुटे थे। इस कार्यक्रम को 2016 के बाद बसपा का सबसे बड़ा शक्ति प्रदर्शन माना गया था, जहां मायावती ने एक दशक बाद कांशीराम स्मारक पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया था।

CMYK

# सड़क हादसे में कार चालक की दर्दनाक मौत

## बेकाबू कार व ट्रैक्टर की भिड़ंत में हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** फुगाना थाना क्षेत्र में दिल्ली-देहरादून हाईवे पर बीती शुक्रवार की देर रात एक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार स्विफ्ट कार और ट्रैक्टर की आमने-सामने की टक्कर में कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार स्विफ्ट कार में सवार सुनील पुत्र महिपाल निवासी गांव खेड़ा हटाना हाईवे से गुजर रहे थे। तभी सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर से उनकी कार की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में अमित पुत्र महिपाल, शिवानी पत्नी अमित, इद्रेश पत्नी हरेंद्र और अवि पुत्र हरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना मिलने पर फुगाना थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को वाहन से बाहर निक. ाला गया व एम्बुलेंस के जरिए बुढ़ाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

बुढ़ाना सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें मेरठ के हायर सेंटर रेफर कर दिया।

वहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।

# खूनी संघर्ष के आठ आरोपी गिरफ्तार

## सैदपुरकलां में निकाह के दौरान कहासुनी के बाद आमने-सामने आए थे दो पक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के ग्राम सैदपुर कलां में निकाह के दौरान शुरू हुए विवाद ने शुक्रवार को हिंसक रूप ले लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाठी-डंडे चला रहे दोनों पक्षों के आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके से छह डंडे बरामद हुए हैं, जबकि दो आरोपी फरार होने में कामयाब रहे।

पुलिस के अनुसार, 2 अप्रैल को सैदपुर कलां में सहबाब की बहन की शादी थी, जहां सालिम और सहबाब के बीच कहासुनी हुई थी। ग्रामीणों ने तब समझौता करा दिया था, लेकिन शुक्रवार को बड़ी मस्जिद के पास दोनों पक्ष फिर आमने-सामने आ गए और जानलेवा हमला कर दिया।

एसओ चरथावल ने बताया कि मौके से प्रथम पक्ष के राशिद, रिहान, साजिद व मोमीन और दूसरे पक्ष के शादाब, सहबाब, अनीश व अलीम को गिरफ्तार किया गया है। संघर्ष में घायल अनीस और नफीस को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने फिरोज और साकिब सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

वही मामले मे एक दिन पहले जिम्मेदार लोगो ने फैसला भी करा दिया था जिसके बाद अगले दिन माफीनामा आदि होना था, लेकिन दोनों पक्षो के इकठ्ठा होते ही फिर विवाद हो गया जिसके बाद दोनों पक्षो मे विवाद होने के बाद मारपीट हो गयी जिसके बाद मारपीट का वीडियो भी वायरल सोशल मीडिया पर वायरल होने से हड़कम्प मच गया जिसके बाद पुलिस द्वारा दोनों पक्षो पर मुकदमा दर्ज कर दिया गया और आरोपियों की पहचान कर जेल भेज दिया गया।

वही बीच बचाव करा रहे सभासदपति की नामजदगी से क्षेत्र मे रोष है और सभासदपति फिरोज अंसारी दोनों पक्षो मे फैसला कराने के लिए गए थे नामजदगी से रोष है और जिम्मेदार लोगो के खिलाफ फर्जी कार्यवाही होने से जहाँ क्षेत्रवासी कार्यवाही न करने की मांग कर रहे है वही कह रहे है ऐसे तो फैसला कराने के लिए कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति आगे नहीं आएगा और समाज का ताना बाना ही ढह जायेगा। पुलिस का दावा है कि घटना में प्रयुक्त छह डण्डे भी बरामद किए गए है, वही क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अतिरिक्त सतर्कता बरत रही है और गश्त लगा रही है।

### प्रेमी युगल ने परिजनों पर लगाया झूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप

**मुजफ्फरनगर।** प्रेमी युगल ने पुलिस कार्यालय पहुंचकर परिजनों से खतरा बताते हुए फर्जी मुकदमे में फंसाने का आरोप लगाया और सुरक्षा की गुहार लगाई। जानसठ थाना क्षेत्र के रहने वाले प्रेमी युगल ने शनिवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचकर बताया कि उन्होने हाल ही में मुस्लिम रीति रिवाज से विवाह किया और अब वह अपनी मर्जी से एक साथ रहना चाहते है, लेकिन उनके परिवार के लोग इस रिश्ते से खुश नहीं है युवती का आरोप है कि वर्ष 2025 में उसके परिजनों ने उसके प्रेमी को झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवा दिया था अब वह फिर झूठे मुकदमे में फंसाकर उन्हे अलग करने का प्रयास कर रहे है।




मुजफ्फरनगर: जिला सहकारी बैंक की प्रगति की जानकारी देते चेयरमैन रामनाथ ठाकुर व अन्य।

### अनियंत्रित कार खाई में पलटी, दंपति समेत तीन घायल

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** शनिवार को दिल्ली-हरिद्वार नेशनल हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक कार खाईनुमा खेत में पलट गई। हादसे में कार सवार दंपत्ति सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रतनपुरी थाना क्षेत्र के रायपुर नंगली गांव के पास एक होटल के सामने यह दुर्घटना हुई। बताया जा रहा है कि दिल्ली से हरिद्वार की ओर जा रही स्विफ्ट डिजायर कार अचानक असंतु. लित हो गई और सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरी। आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। ग्रामीणों ने कार में फंसे घायलों को बाहर निकालकर मदद की। सूचना मिलते ही रतनपुरी पुलिस भी मौके पर पहुंची और एंबुलेंस के जरिए सभी घायलों को साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खतौली भेजा गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस के मुता. बिक, घायलों की पहचान श्यामल मिश्रा (59), निवासी अमर कॉलोनी, साउथ दिल्ली और उनकी पत्नी पूनम देवी के रूप में हुई है। तीसरे घायल की पहचान की प्रक्रिया जारी है।




स्कूल चलो अभियान का आगाज करते मंत्री, पालिकाध्यक्ष व जिला पंचायत चेयरमैन।

## जिला सहकारी बैंक ने वित्तीय प्रगति में बनाया नया कीर्तिमान

# बैंक का शुद्धलाभ 31 करोड़ पार: रामनाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिला सहकारी बैंक ने वित्तीय प्रगति में नया कीर्तिमान बनाते हुए शुद्धलाभ 31 करोड रूपये के आंकडे को पार कर लिया है। जो वित्तीय वर्ष 2022-23 से तीन गुना अधिक है।

जिला सहकारी बैंक में पत्रकारों से वार्ता करते हुए चेयरमैन हापुड रामनाथ सिंह ने वित्तीय वर्ष की प्रगति साझा करते हुए बताया कि जब से उन्होने जिम्मेदार संभाली है तब से बैंक का शुद्ध लाभ दो गुना से अधिक वृद्धि कर रहा है उन्होने बताया कि वर्ष 2022-23 में जब उन्होने बतौर चेयरमैन जिम्मेदार संभाली थी तो उस वक्त बैंक का शुद्धलाभ 10.06 करोड था जा वर्तमान में बढ़कर वित्तीय वर्ष 2025-26 में 31.13 करोड रूपये हो गया है। उन्होने बताया कि यह तीन वर्षो में दो गुना से अधिक की वृद्धि है जो सभी के लिए खुशी की बात है। उन्होने दावा करते हुए कहा कि इस उपलब्धि के साथ ही बैंक ने उत्तर प्रदेश में भी प्रथम स्थान हासिल किया है बैंक की निजी कुंजी भी 375.17 करोड से बढ़कर 480 रूपये करोड तक पहुंच गई है। इसी प्रकार जमा निक्षेप में भी बैंक ने उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज कराने में कामयाबी हासिल की जो 1884.80 करोड रूपये से बढ़कर इस समय वर्तमान में 2524.50 करोड रूपये हो गया है। यह बैंक की मजबूत वित्तीय स्थिति के साथ ही बैंक संचालकों के सहयोग से हुआ है और बैंक के अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम ने मेहनत और लगन के साथ कामयाबी कीतरफ कदम बढ़ाया यह भीहर्ष का विषय है। उन्होने बताया कि कार्यशील पूंजी में भी लगभगत तीस प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है जो अब 3826.53 करोड रूपये तक पहुंच गई है। किसानों के हित में फसली ऋण वितरण में भी महत्वपूर्ण बढ़ोत्तरी हुई है वित्तीयवर्ष में 1114.07 करोड रूपये का ऋण वितरित किया गया है, जबकि पिछले वर्ष यह आंकडा 751.55 करोड रूपये था। इसमें 48.24 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्तमान में स्थिति में बैंक की 115 समितियों के साथ मुजफ्फरनगर और शामली जनपद में भी 50 शाखाएं चल रही है और सात एटीएम भी काम कर रहे है। चेयरमैन ठाकुर रामनाथ सिंह ने बताया कि बैंकों ने डिजीटल ट्रांजेक्शन के क्षेत्र में भी पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस दौरान सभापति मुकेश कुमार जैन, सचिव राजीव चौहान, पंकज पाल, आशीष चौधरी, मुकेश कुमार, अमित चौधरी मौजूद रहे।

# स्कूल चलो अभियान में शिक्षा से जुड़ने का आह्वान

## मंत्री अनिल, कपिल देव के साथ चेयरपर्सन व जिला पंचायत अध्यक्ष ने दिखाई हरी झंडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में शिक्षा के प्रसार और प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ने के उद्देश्य से 'स्कूल चलो अभियान का आगाज करते हुए जनप्रतिनिधियों ने पुस्तकें वितरित की और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।

शनिवार को जानसठ रोड स्थित लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज परिसर में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 'स्कूल चलो अभियान 2026-27' एवं पुस्तक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल एवं नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का डिजिटल माध्यम से प्रेरणादायी संबोधन प्रसारित किया गया। संदेश में शिक्षा को समाज के सर्वांगीण विकास का आधार बताते हुए प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ने का आह्वान किया गया। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, मंत्री अनिल कुमार ने 'स्कूल चलो अभियान' के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि 'स्कूल चलो अभियान' केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें और उनकी शिक्षा में सक्रिय भूमिका निभाएं। नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षित समाज ही प्रगतिशील समाज की पहचान है। उन्होंने विशेष रूप से बालिकाओं की शिक्षा पर जोर देते हुए सभी से इस दिशा में सहयोग की अपील की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नवीन शैक्षणिक सत्र की पाठ्यपुस्तकें वितरित की गईं। साथ ही निपुण विद्यालयों और निपुण विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

अतिथियों ने संयुक्त रूप से सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना हम सभी की जिम्मेदारी है और इसके लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय लोक दल संजय राठी, मंडल अध्यक्ष भाजपा नंदकिशोर पाल, मुख्य विकास अधिकारी कमल किशोर कंडारकर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



मुजफ्फरनगर: सिविल बार एसोसिएशन की निर्वाचित कार्यकारिणी।

# सिविल बार: सुगंध जैन अध्यक्ष व सतेन्द्र पाल महासचिव निर्वाचित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सिविल बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के लिए डाले गए मतों की गिनती पूरी होने के बाद अध्यक्ष पद पर सुगंध जैन व महासचिव पद पर सतेन्द्र पाल निर्वाचित घोषित किए गए। अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए सुंगध जैन ने बिजेन्द्र मलिक को 52 मतों से हराकर विजय प्राप्त की जबकि महासचिव पद पर सतेन्द्र पाल ने अनू कुच्छल को 121 मतों से हराकर अपनी जीत दर्ज कराई। सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं महासचिव सहित नई कार्यकारिणी के लिए शुक्रवार को मतदान कराया गया था। शनिवार को हुई मतगणना के आधार पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर संजीव त्यागी ने अशोक कुशवाह को हराकर जीत दर्ज की, जबकि उपाध्यक्ष पद पर सुधीर गुप्ता ने जीत का प्रचम लहराया। उन्होने आनंद कुमार को हराया। कोषाध्यक्ष पद पर मानसी शर्मा ने रंजना देवी को हराया। सहसचिव प्रशासन के पद पर प्रवीण उपाध्याय ने रूपांकर गुप्ता को हराया। सहसचिव लेखा पद पर प्रशांत शर्मा ने ध्रुव पाल को हराकर जीत दर्ज की सहसचिव पुस्तकालय के पद पर रेखा साही जीती उन्होने नुकुर को हराया।

अध्यक्ष और महासचिव सहित अन्य पदों पर निर्वाचित हुए पदाधिकारियों का फुलमालाओं का स्वागत किया। अध्यक्ष सुगंध व महासचिव सतेन्द्र पाल ने अधिवक्ताओं आभार जताते हुए कहा वह अधिवक्ताओं की लडाई लडने का काम करेंगे।

### किसको कितने मत मिले........

**मुजफ्फरनगर।** सिविल बार एसोसिएशन के चुनाव परिणाम आने के बाद अध्यक्ष पद पर बिजेन्द्र मलिक को 156, सुगंध जैन को 208 व उपाध्यक्ष पद अशोक कुशवाह को 138, संजीव त्यागी को 220 मत मिले। इसी के साथ उपाध्यक्ष पद के लिए आनंद कुमार को 126, सुधीर गुप्ता को 224 मतों पर संकोच करना पड़ा। कोषाध्यक्ष पद के लिए मैदान में उतरी मानसी शर्मा को 235, रंजना देवी को 122 मत मिले। महासचिव पद के लिए अन्नू कुच्छल को 120, सतेन्द्र कुमार को 241 मत हासिल हुए। सहसचिव प्रशासन पद के लिए चुनाव लड़े प्रवीण उपाध्याय को 226, रूपांकर गुप्ता को 131 मतों पर संतोष करना पड़ा। सहसचिव लेखा के लिए ध्रुव मित्तल को 125, प्रशांत शर्मा को 225 मत हासिल हुए। सहसचिव पुस्तकालय के लिए नुकुर को 138, रेखा साही को 218 मत मिले। इसके अलावा वरिष्ठ सदस्य पद के लिए चुनाव लडने वाले अनिल शर्मा को 162, अर्जुन सिंह को 96, हरिष कुमार 77, जय कुमार को 18,निपुण जैन को 102, महेन्द्र जैन को 145, पंकज कुमार को 82, सुभाष चंद को 144, अदिति अग्रवाल को 160, खुशबु सिंह को 90, रूपल दुआ को 83, संगीता शर्मा को 155 मत मिले। कनष्ठि सदस्य पद पर आयुष कुमार को 84, अनिल कुमार को 151, हिमांशु कुमार को 158, कुलभूषण को 82, ललित कुमार को 151 मोनू को 76, प्रत्यूष कुमार 76, प्रियंका गौतम को 158, गायत्री आर्य को 161, पूजा उपाध्याय को 86, कु. राशि को 88, करूणा को 152 मत हासिल हुए।

### दिव्यांशु हत्याकांड: सांसद हरेन्द्र मलिक ने परिजनों से की मुलाकात

**मुजफ्फरनगर।** भोपा थाना क्षेत्र के गांव अथाई में छात्र दिव्यांशु की हत्या के मामले में सपा सांसद हरेन्द्र मलिक ने गांव पहुंचकर शोकुल परिजनों से मुलाकात कर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होने परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि वह इस दुख की घड़ी मे परिवार के साथ है।

गौरतलब है कि दिव्यांशु की देहरादून के प्रेमनगर क्षेत्र के कहरी गांव के पास पीट पीटकर हत्या कर दी गई थी। यह मामला सांसद हरेन्द्र मलिक ने लोकसभा में भी प्रमुख्ता से उठाया, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जा सके।

# महिलाओं ने उठाई आवाज: युद्ध नहीं, शांति चाहिए

## शांति सेना के बैनर पर प्रदर्शन करते हुए महिलाओं ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ईरान अमेरिका महायुद्ध से फैले वैश्विक संकट के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए शांति सेना के बैनर पर दर्जनों महिलाओं ने भारत सरकार से वैश्विक शांति में अहम रोल निभाने की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं के हाथों में शांति संदेश लिखी तख्तिया थी और महिलाएं नारे लगा रही थी कि युद्ध नहीं विश्व शांति चाहिए।

शनिवार को जुलूस के रूप में कलेक्ट्रेट पर पहुंची महिलाओं ने शांति सेना के अध्यक्ष मनेश गुप्ता एडवोकेट के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर पर धरना दिया। यहां महिलाओं ने कहा कि ईरान अमेरिका युद्ध से विश्व शांति भंग हुई है और इसका असर अन्य देशों पर पड़ रहा है। शांति सेना के अध्यक्ष मनेश गुप्ता एडवोकेट ने कहा कि सबसे ज्यादा खामियाजा आम और गरीब जनता को भुगतना पड रहा है। उन्होने कहा कि फैसले शक्तिशाली लोग लेते है, लेकिन इसका नुकसान गरीब व आम जनता को उठाना पड़ता है। उन्होने कहा कि युद्ध की विभीषिका में न केवल जानमाल का नुकसान होता है, बल्कि हजारो परिवार उजड जाते है और देश पर आर्थिक संकट मंडराता है। उन्होने आरोप लगाया कि वैश्विक युद्ध स्तर पर ताकतवर देश आर्थिक हितों के चलते कमजोर देशों पर दबाव बनाते है जिससे अस्थिरता और महंगाई बढ़ती है। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि युद्ध में स्कूल, अस्पताल और अन्य संवेदनशील स्थानों को निशाना बनाया जाना मानवता के खिलाफ है। इस दौरान युद्ध में मारे गए लोगों की आत्माकी शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की गई। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने भारत सरकार से अपील की थी कि वह अपनी पांरपरिक तटस्थ विदेश नीति को अपनाते हुए विश्व शांति स्थापित करने में सक्रिय भूमिका निभाए, ताकि विश्व में शाांति स्थपित हो सके और भारत के प्रति एक अच्छा संदेश अन्य देशों में जाए। प्रदर्शन के दौरान जनपद सहित अन्य जनपदों से भी आई ग्रामीण महिलाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि अन्तर्राष्ट्रीय संघर्षो का असर अब स्थानीय स्तर पर भी महसूस किया जा रहा है और लोग अशांति नहीं बल्कि शांति चाहते है। प्रदर्शनकारी माहिलाओं ने नारे लगाते हुए कहा कि अब और बर्दाश्त नहीं होगा। वैश्विक शांति के लिए भारत को आगे आना चाहिए।




मुजफ्फरनगर: कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करती महिलाएं व विचार रखते शांति सेना अध्यक्ष।

### कागजी कार्रवाई बनाम हकीकतः

# तालाब और चकरोड पर कब्जे से गंगधाड़ी में उबाल

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** तहसील प्रशासन की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। 'संपूर्ण समाधान दिवस' में ग्राम गंगधाड़ी के एक ग्रामीण ने आरोप लगाया कि अधिकारियों द्वारा शिकायतों का निस्तारण केवल कागजों तक सीमित है, जबकि जमीन पर हालात जस के तस बने हुए हैं। तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा और चकरोड पर पड़ा मलबा ग्रामीणों की परेशानी और गुस्से का कारण बना हुआ है।

ग्राम निवासी अजय चौहान ने एसडीएम ललित मिश्रा को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि खसरा संख्या 777, जो राजस्व रिकॉर्ड में तालाब के रूप में दर्ज है, उसे फर्जी तरीके से आबादी भूमि दिखाकर बैनामा करा लिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में राजस्व विभाग की लापरवाही या मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता।

पीड़ित का कहना है कि वह पहले भी तहसील दिवस और जिलाधिकारी स्तर पर शिकायत कर चुका है, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। तालाब की भूमि अब भी कब्जे में है, जिससे न केवल सरकारी संपत्ति पर अतिक्रमण बढ़ रहा है बल्कि गांव के पर्यावरण और जल संसाधनों पर भी खतरा मंडरा रहा है। वहीं, खसरा संख्या 705 स्थित सरकारी चकरोड का मामला भी अधूरा पड़ा है। प्रशासन ने अवैध निर्माण को तो ध्वस्त करा दिया, लेकिन मलबा आज तक नहीं हटाया गया।

इससे रास्ता बाधित हो रहा है और ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कब्जाधारियों ने अब दोबारा उसी स्थान पर 'बिटौरे' रखकर फिर से अतिक्रमण की कोशिश शुरू कर दी है, जिससे प्रशासन की कार्रवाई केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। अजय चौहान ने मांग की है कि फर्जी बैनामे को निरस्त कर सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाए। हालांकि, एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लेखपाल को मौके पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे निर्देश पहले भी कई बार दिए जा चुके हैं, जिनका कोई असर धरातल पर नहीं दिखा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। यह सिर्फ एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे गांव के अधिकार और संसाधनों का सवाल है।

# ससुरालियों पर लगाया हत्या के प्रयास का आरोप

**बुढ़ाना।** एक सिपाही की पत्नी ने अपने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने अपर जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि दहेज की मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की गई। गला घोंटने का प्रयास किया गया और उसकी मासूम बच्ची को भी छीन लिया गया। बागपत जिले के शाहपुर बड़ौली निवासी की शादी 11 फरवरी 2023 को बुढ़ाना निवासी सिपाही से हुई थी। पीड़िता के अनुसार शादी में लगभग 25 लाख रुपये खर्च किए गए थे। इसके बावजूद, ससुराल पक्ष ने अतिरिक्त 20 लाख रुपये और एक स्कॉर्पियो कार की मांग शुरू कर दी। यह मांग पूरी न होने पर वर्षा को लगातार प्रताड़ित किया जाने लगा। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि गर्भ अवस्था के दौरान भी उसके साथ मारपीट की गई और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। बीते 2023 में उसने एक बेटी को जन्म दिया। जिसके बाद ससुराल पक्ष ने लड़की होने पर ताने देने शुरू कर दिए। वर्षा का यह भी आरोप है कि उसका पति अक्सर महीनों तक घर से गायब रहता था और विरोध करने पर मारपीट करता था। पीड़िता के मुताबिक बीती 24 मार्च 2026 की रात ससुराल पक्ष ने उसका गला घोंटकर हत्या करने का प्रयास किया और उसकी मासूम बेटी को उससे छीन लिया। जब उसने विरोध किया तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई। अगले दिन जब पीड़िता के परिजन मामले को सुलझाने पहुंचे तो उन पर भी लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला किया गया। इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई थी। हालांकि पीड़िता का आरोप है कि आरोपी पक्ष के पुलिस से जुड़े होने के कारण उसकी शिकायत दर्ज नहीं की गई और साथ ही उसकी बच्ची को भी वापस नहीं दिलाया गया है। पीड़िता ने अपर जिलाधिकारी से अपनी नाबालिग बेटी को वापस दिलाने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। अपर जिलाधिकारी गजेंद्र सिंह ने बुढ़ाना पुलिस को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## भण्डारे के साथ बालाजी जन्मोत्सव ने पाया विराम

**मजफ्फरनगर।** भरतिया कॉलोनी स्थित श्री बालाजी धाम मंदिर में चल रहे श्री बालाजी जन्मोत्सव के कार्यक्रम पूर्ण हुए इस अवसर पर बीती रात भजन संध्या में श्री बालाजी के भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु वही आज सुबह से ही श्री बालाजी धाम मंदिर में बाबा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, मंदिर कमेटी द्वारा हवन, कन्या पूजन व ब्राह्मणों के भोज के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में बाबा के भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया इस अवसर पर राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, मीनाक्षी स्वरूप ( अध्यक्ष नगर पालिका परिषद)उद्यमी भीमसेन कंसल, व्यापारी नेता संजय मित्तल, सुभाष गोयल, हरिशंकर तायल, कुलदीप कुमार, सुनील तायल, नितिन संगल, जेपी गोयल, अमित अनु, अमन गोयल विनोद राठी, रजत राठी, रजत गोयल, विकास अग्रवाल आदि ने अपनी सेवाएं दी।

# अज्ञात हमलावरों ने युवक को किया अधमरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** काम से लौट रहे एक युवक पर देर शाम अज्ञात हमलावरों ने हमला कर दिया। यह घटना गांव महलजना पीर के पास हुई, जहां 5-6 लोगों ने युवक को घेरकर मारपीट की और फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

अमित पुत्र मगेराम, निवासी गांव अटाली, थाना बुढ़ाना, कस्बे के योग पूरा रोड स्थित सतीश की मोटर की दुकान पर काम करता है। वह रोजाना की तरह शाम को काम खत्म कर अपने घर लौट रहा था।

महलजना पीर के पास पहुंचते ही, पहले से घात लगाए बैठे अज्ञात हमलावरों ने उसे रोक लिया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में अमित गंभीर रूप से घायल हो गया। उसने किसी तरह अपने परिजनों को घटना की सूचना दी। परिजनों के मौके पर पहुंचने के बाद पुलिस को सूचित किया गया। डायल 112 पुलिस टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और घायल अमित को बुढ़ाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। प्राथमिक उपचार के बाद उसे मुजफ्फरनगर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही उकावली चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। चौकी प्रभारी आशीष चौधरी ने बताया कि मारपीट की घटना की पुष्टि हुई है।

पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही आरोपियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



बुढाना: महापुरुषों के चित्र चौ.नरेश टिकैत को देते डा.सतेन्द्र पाल

# नरेश टिकैत से मिले सपा नेता डाक्टर सत्येंद्र पाल

**बुढ़ाना।** शनिवार के दिन बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के गांव सिसौली में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत के आवास पर पहुंचकर समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष और वरिष्ठ सपा नेता डाक्टर सत्येन्द्र पाल ने भारतीय किसान यूनियन के सुप्रीमो चौधरी नरेश टिकैत से शिष्टाचार भेंट कर अमर किसान ज्योति पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। दोनों नेताओं ने किसान मुद्दों पर भी खुलकर बात की।

इस अवसर पर यहां उनके साथ मुख्य रूप से देवेन्द्र सिंह बालियान, रोबिन पाल, योगेश बालियान, अनेश कुमार, सतीश पाल, सभासद राकेश पाल, सभासद रविन्द्र पाल, पुष्पेन्द्र बालियान, अंजुम मारूफ, रचित पाल, अंकित पाल, मोहन कश्यप, अजय कुमार प्रजापति, शंकर कुमार, रवि कुमार, विकास पाल और विशु पाल आदि गणमान्य व्यक्तियों की भी उपस्थिति देखने को मिली।

## कार खाई में गिरी

**बुढ़ाना।** रतनपुरी थाना क्षेत्र के नंगली गांव के निकट शनिवार को एक सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरी जिससे कार में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे में दिल्ली निवासी श्याम लाल और पूनम को गंभीर चोटें आई हैं। आसपास के ग्रामीणों की मदद से घायलों को क्षतिग्रस्त कार से बाहर निकाला गया डॉक्टरों ने उन्हें मेरठ के हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार की रफ्तार काफी तेज थी और चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका जिसके कारण यह हादसा हुआ।

# भाजपा जिला कार्यकारिणी में डा.संदीप वर्मा शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** कस्बा पुरकाजी के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ. संदीप वर्मा को पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी मिली है। उन्हें भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यकारिणी में सदस्य पद पर नियुक्त किया गया है।



मिली जानकारी के अनुसार यह नियुक्ति भाजपा जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी द्वारा पार्टी आलाकमान की अनुमति के बाद की गई है। डॉ. संदीप वर्मा की पार्टी के प्रति निष्ठा और सक्रियता को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।डॉ. संदीप वर्मा के जिला कार्यकारिणी सदस्य बनने की खुशी में समर्थकों ने मिठाई बांटकर जश्न मनाया और अपनी खुशी का इजहार किया।इस अवसर पर डॉ. संदीप वर्मा ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए वह लगातार कार्य करेंगे और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।उन्होंने इस नियुक्ति के लिए पार्टी आलाकमान और जिला नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

# सार्वजनिक कुएं के पानी पर विवाद ने लिया हिंसक रूप, महिला से मारपीट का आरोप



**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** मंसूरपुर क्षेत्र के सो. हजनी तगान गांव में सार्वजनिक कुएं और सरकारी नल से पानी भरने को लेकर लंबे समय से चल रहा विवाद शनिवार को अचानक हिंसक हो गया। आरोप है कि एक पक्ष के लोगों ने महिला के घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की और अभद्र व्यवहार किया।

पीड़िता रीना पत्नी उमेश कुमार ने तहसील पहुंचकर एसडीएम को शिकायत दी। अपने प्रार्थना पत्र में उसने बताया कि गांव के सार्वजनिक कुएं के पास की जमीन को लेकर पड़ोसी पक्ष से पुराना विवाद चल रहा है, जो वर्ष 2007 से न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि फरवरी 2026 में भी उक्त पक्ष ने वहां दीवार खड़ी करने का प्रयास किया था, जिसे ग्रामीणों ने रुकवा दिया था। इसके बाद से दोनों पक्षों के बीच तनाव बना हुआ है। रीना के अनुसार, शनिवार को वह जब सरकारी नल से पानी भरने पहुंची, तो दूसरे पक्ष की महिलाओं ने उसके साथ गाली-गलौज की और वहां से पानी न भरने की चेतावनी दी।

विरोध करने पर मामला बढ़ गया। कुछ देर बाद आरोपित लोग उसके घर में घुस आए और लाठी-डंडों व लात-घूसों से हमला कर दिया। उसने यह भी आरोप लगाया कि हमलावरों ने उसके साथ अभद्रता की और कपड़े तक फाड़ दिए। घटना के दौरान शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़िता ने प्रशासन से सुरक्षा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मामले में एसडीएम ललित मिश्रा ने जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिया है।

# नए हाइटेक कोतवाली का एडीजी भानू भास्कर ने किया उद्घाटन

**बुढ़ाना।** शनिवार के दिन एक नए हाईटेक बुढ़ाना कोतवाली का उद्घाटन किया गया। मेरठ जोन के एडीजी भानु भास्कर और एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने इसका विधिवत शुभारंभ किया। यह पहल उत्तर प्रदेश पुलिस को अधिक आधुनिक और जन अनुकूल बनाने के ख्रष्टिकोण का हिस्सा है। इस अवसर पर पुलिस विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। एडीजी भानु भास्कर ने बताया कि यह थाना पुलिस महानिदेशक और मुख्यमंत्री के आधुनिक पुलिसिंग के सपने को साकार करता है। उन्होंने इस पूरी परियोजना के लिए स्थानीय पुलिस टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों को बेहतर कार्य वातावरण और आम नागरिकों को सुरक्षित माहौल प्रदान करना है। इस हाईटेक थाने की सबसे बड़ी विशेषता इसका व्यापक सीसीटीवी नेटवर्क है जो अत्याधुनिक एनालिटिकल सॉफ्टवेयर से लैस है।

इसके माध्यम से अपराधियों की पहचान और चोरी के वाहनों को ट्रैक करना अब बेहद आसान हो जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा और सहायता के लिए यहां विशेष मिशन शक्ति केंद्र और काउंसलिंग रूम बनाया गया है। पुलिसकर्मियों के कल्याण का ध्यान रखते हुए आधुनिक बैरक, एक उच्च स्तरीय मेस और एक सुंदर पार्क भी विकसित किया गया है। डिजिटल क्रांति को अपनाते हुए मालखाने के प्रबंधन के लिए क्यूआर कोड प्रणाली लागू की गई है, और अपराधियों



पर डिजिटल निगरानी के लिए विशेष यक्ष ऐप का प्रभावी उपयोग किया जाएगा। इस उद्घाटन समारोह में एसएसपी मुजफ्फरनगर संजय कुमार वर्मा, पूर्व एसपी देहात आदित्य बंसल, नये एसपी देहात अक्षय कुमार और बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री सहित कई गणमान्य अधिकारी मौजूद रहे। एडीजी भानु भास्कर ने यह भी स्पष्ट किया कि बुढ़ाना थाने को एक मॉडल के रूप में विकसित किया गया है। जल्द ही मेरठ जोन के सभी 7 जनपदों के थानों को इसी तर्ज पर आधुनिक और हाईटेक बनाने का लक्ष्य पूरा किया जाएगा।

# तस्मिया स्कूल के बच्चों ने सीखे आग बुझाने के तरीके

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** आज तस्मिया जूनियर हाई स्कूल में अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें फायर स्टेशन अधिकारी आर. के. यादव अपने स्टाफ सदस्य क़ैसर ज़ैदी तथा अंकुर के साथ विद्यालय पधारे।

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने विद्यार्थियों को विस्तार से बताया कि आग किन-किन कारणों से लग सकती है, जैसे रसोई गैस सिलेंडर में लापरवाही, शॉर्ट सर्किट, खुले बिजली के तार, अधिक लोड वाले उपकरण, तथा ज्वलनशील पदार्थों का गलत उपयोग।

उन्होंने इनसे बचाव के उपाय भी समझाए, जैसे गैस सिलेंडर की समय-समय पर जांच करना, बिजली के उपकरणों को सावधानीपूर्वक उपयोग करना, खराब वायरिंग को तुरंत ठीक कराना, तथा घर और विद्यालय में अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन करना।

उन्होंने यह भी बताया कि यदि कोई व्यक्ति आग में फंस जाए तो घबराना नहीं चाहिए, बल्कि समझदारी से कार्य करते हुए उसे सुरक्षित बाहर निकालना चाहिए। विद्यार्थियों को यह सिखाया गया कि घायल व्यक्ति को किस प्रकार सावधानीपूर्वक उठाकर सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया जाए। साथ ही घर पर उपलब्ध साधनों से देसी स्ट्रेचर बनाने की विधि भी समझाई गई, जिससे आपात स्थिति में घायल को आसानी से बाहर निकाला जा सके।कार्यक्रम में अग्निशमन यंत्र (एबीसी सिलेंडर) का भी प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों को स्वयं इसका प्रयोग कराकर आग बुझाने का डेमो कराया गया, जिससे उनमें आत्मविश्वास और जागरूकता विकसित हुई।

कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रबंधक



सैयद ऐजाज़ अहमद तथा कार्यवाहक प्रधानाचार्य श्री जावेद मज़हर द्वारा किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन खुशनसीब ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन रेशमा तबस्सुम द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में परवेज़ अहमद, मौलाना शौकत, मिस सबीहा खान तथा समस्त विद्यालय स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 7158/23.08.2010 में गलती से पुत्र का नाम मौ. अली हमजा अंकित करा दिया गया, जबकि वास्तविक नाम अली हमजा है। और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जाएगा। शुद्धिकरण हेतू आवेदन पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**सैय्यद मोबिन असगर**
**निवासी-470, खादरवाला**
**मुजफ्फरनगर**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र बबलू पुत्र गुलाब मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने से बाहर है गलत संगत में पड गया है इसलिए मैने इससे संबंध विच्छेद कर इसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है इसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। यह अपने कृत्य व लेनदेन का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**गुलाब पुत्र बाबू**
**निवासी-ग्राम हरसौली**
**थाना-शाहपुर, तहसील सदर**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मेरी माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2018 का प्रमाणपत्र - सह-अंकपत्र जिसका अनुक्रमाक न. 0626617 है वास्तव में गांधी इंटर कॉलेज चरथावल से घर आते समय रास्ते में कही गिर जाने के कारण खो गया है। जिसका किसी अन्य द्वारा प्रयोग अवैध होगा।

**साहिल मलिक पुत्र मुरसलीन**
**निवासी मौहल्ला हलवाईयान**
**कस्बा चरथावल**
**मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मैंने अपना नाम FARHAN BANU से बदलकर FARANA रख लिया है। अब मुझे FARANA नाम से जाना जाये।

**फराना पत्नि साजिद,**
**निवासी-ग्राम बसेड़ा,**
**छपार, मुज़फ्फरनगर**

**सूचना**

मैंने अपना नाम Ayan से बदलकर Mohd Ayan रख लिया है भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाए

**पता Mohd Ayan**
**s/o Shan Mohammad**
**bhoor islamabad**
**khatuli**
**muzaffarnagar**
**Uttar Pradesh 251201**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरी पुत्री सानिया उम्र करीब 19-20 वर्ष दिनांक 03.04.2026 को उमैर पुत्र जुल्फकार निवासी करीमुल्ला पट्टी, कस्बा जानसठ, मुजफ्फरनगर के साथ फरार हो गई तथा मेरे कहने सुनने में नही है इस कारण मै अपनी पुत्री सानिया को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। भविष्य में सानिया द्वारा किये गये किसी भी लेन-देन या कृत्य मेरी कोई जिम्मेदारी नही होगी। अपने किये के लिए सानिया स्वयं जिम्मेदार होगी।

**कमर जहां पत्नी मरहूम कामिल**
**निवासी करीमुल्ला-पट्टी, कस्बा**
**जानसठ, जिला-मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मै Mohammad mazid s/o Mukeem ने अपना नाम Mohammad mazid से बदल कर Majid ali रख लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**बसधाड़ा दिनकरपुर**
**मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश।**

**गुमशुदा की तलाश**



करीब 23 वर्षीय मेरा छोटा भाई कपिल पुत्र गुलफाम निवासी गांव हजूरनगर थाना शाहपुर जिला मुजफ्फरनगर बीती 21 मार्च 2026 को दोपहर करीब 12 बजे घर से बिना बताये कहीं चला गया। काफी तलाश करने पर नही मिला। वह अब तक वापस घर नहीं आया। हमने उसे हर जगह तलाश किया लेकिन वो नहीं मिला। उसका कद 5 फुट 6 इंच, धारीदार बनियान, नीली जीन्स तथा पैरों मे हवाई चप्पल पहने हुए है। जिस किसी को मिले तो वह निम्न पते पर सूचित करे।

**आजाद पुत्र गुलफाम**
**निवासी ग्राम हजूरनगर**
**थाना शाहपुर, जिला मुजफ्फरनगर,**
**यूपी। 9756659095, 9193981078**

# अधूरी सड़क से बढ़ी मुश्किलें: चारों ओर धूल ही धूल

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** तहसील मार्ग पर अधूरा छोड़ा गया सड़क निर्माण अब स्थानीय लोगों और राहगीरों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन गया है। सड़क पर फैली रोड़ी, किनारों पर बनी गहरी खाई और उड़ती धूल के चलते आए दिन हादसों का खतरा बना हुआ है। खासकर दोपहिया वाहन चालक फिसलकर चोटिल हो रहे हैं, जबकि पैदल चलने वालों को भी सुरक्षित आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार, 8 मार्च को सहारनपुर मंडलायुक्त रूपेश कुमार के प्रस्तावित तहसील निरीक्षण को लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग ने इस लंबे समय से जर्जर सड़क के निर्माण कार्य की शुरुआत की थी। लेकिन काम को अधूरा छोड़ दिया गया, जिससे स्थिति पहले से भी बदतर हो गई है। सड़क के दोनों ओर पर्याप्त मिटी भराव न होने से खाई जैसी स्थिति बन गई है, जो दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले सड़क टूटी जरूर थी, लेकिन इतनी खतरनाक नहीं थी। अब अधूरी चौड़ीकरण प्रक्रिया, बिखरी रोड़ी और धूल के कारण जाम की स्थिति भी बनने लगी है। इससे रोजमर्रा की आवाजाही प्रभावित हो रही है। तहसील के अधिवक्ताओं,सचिन आर्य, राजबीर सिंह, दिमाग सिंह,



जगदीश आर्य और प्रमोद शर्मा ने निर्माण कार्य में लापरवाही का आरोप लगाया है। निर्माण के दौरान डाली गई मिटी से लगातार धूल उड़ रही है वहीं, तीर्थ कॉलोनी और रूपचंद जगत कॉलोनी के निवा. सियों ने भी प्रशासन को शिकायत पत्र सौंपते हुए जल्द समाधान की मांग की है। मनोज बालियान, पंकज कुमार, महेश कुमार, विवान पाल, अजीत, नवाब सिंह और आशीष देशवाल समेत अन्य ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## कढली गांव में बढ़ रहे कैंसर के मामले, ग्रामीणों ने प्रशासन से लगाई गुहार

**खतौली।** तहसील क्षेत्र के कढली गांव में खराब पेयजल व्यवस्था अब ग्रामीणों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है। गांव में बढ़ते कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों के मामलों ने लोगों में भय का माहौल पैदा कर दिया है। शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए उपजिला. धिकारी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से गांव में पानी की गुणवत्ता बेहद खराब है, जिसके कारण बीते कुछ वर्षों में कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। शिकायतकर्ता रवि कुमार के अनुसार, गांव में इस समय दर्जनों लोग कैंसर से जूझ रहे हैं, जबकि कई लोगों की मौत भी हो चुकी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पेयजल के नमूनों की जल्द से जल्द सरक. ारी लैब में जांच कराई जाए और गांव में शुद्ध पानी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा, स्वास्थ्य विभाग की टीम भेजकर गांव में कैंप लगाकर लोगों की जांच और इलाज कराने की भी अपील की गई है। रवि कुमार, प्रमोद कुमार और रामकुमार समेत अन्य ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो हालात और बिगड़ सकते हैं। उनका कहना है कि दूषित पानी के कारण पूरा गांव धीरे-धीरे गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहा है। इस संबंध में एसडीएम ललित मिश्रा ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

**संक्षिप्त समाचार**

## पुरातन छात्रों ने 100 दिन में गांधी पॉलिटैक्निक की काया बदली

**मुजफ्फरनगर।** पुरातन छात्र एसोसिएशन ने पॉलीटेक्निक के रखरखाव, मरम्मत, एवं अनुरक्षण सम्बन्धी कार्यों के 100 दिन पूर्ण किये। पुरातन छात्र एसोसिएशन ने गांधी पॉलीटेक्निक में पुरातन छात्रों के सहयोग से अनुरक्षण, साफ-सफ़ाई, रंगाई-पुताई, पेंटिंग, खिड़की-दरवाजों, अलमारियों, मेज कुर्सियों आदि की मरम्मत सम्बन्धी कार्यों के 100वें दिन पूर्ण किये। पुरातन छात्र एसोसिएशन के संयोजक इंद्र बसन्त कुमार गोयल ने बताया कि गांधी पॉलीटेक्निक के संस्थापक शिक्षा ऋषि ष्पद्मभूषणष स्वामी कल्याण देव के 150वें जयन्ती वर्ष में उन्हें याद करते हुए पॉलीटेक्निक की मरम्मत एवं अनुरक्षण के कार्य विगत 3 माह से भी अधिक समय से निरन्तर किये जा रहे हैं। आज हॉस्टल के विभिन्न अध्ययन कक्षों की दीवारों, छतों पर लगे जालों को साफ किया, छत के पंखों पर लगी गन्दगी साफ की गई स हॉस्टल के खिड़की, दरवाजों, अलमारियों आदि के लकड़ी सम्बंधी टूट-फूट के कार्यों को ठीक किया गया स अलमारियों में लॉकिंग अरेंजमेंट लगाए गए स साफ-सफ़ाई, रंगाई-पुताई के कार्य किये गये, मो. यासीन ने कारपेंटर व राकेश, संजय आदि ने पेंटर के कार्य किये।

# स्वर्णकार नेतृत्व संगम कार्यक्रम का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** हरियाणा के जनपद फरीदाबाद के सेंट्रल पार्क में आयोजित स्वर्णकार नेतृत्व संगम कार्यक्रम में मुजफ्फरनगर के सैकड़ो सोनार समाज के लोगों ने उपस्थित होकर भरी हुंकार, सोनार समाज के इस विशाल सम्मेलन में अलग-अलग प्रांतो से आए विधायक और सांसदों ने समाज को एकजुटता के साथ देश की राजनीति में अपनी भागीदारी किए जाने को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए कार्यक्रम का आयोजन पूर्व सहायक एडवोकेट जनरल विकास वर्मा और स्वर्णकार समाज के प्रधान सचिन वर्मा द्वारा किया गया स सोनार समाज के कार्यक्रम में अलग-अलग राज्यों से आए हजारों की संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

हरियाणा के फरीदाबाद में आयोजित सोनार समाज के इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद झारखंड प्रदीप वर्मा, बिहार सांसद राजेश वर्मा, शोहरतगढ़ उत्तर प्रदेश के अपना दल विधायक विनय वर्मा के अलावा सुनील सोनी छत्तीसगढ़, मोहन वर्मा विधायक हाटा उत्तर प्रदेश, सविता कपूर विधायक देहरादून कैंट, जीवन कुमार एमएलसी बिहार, कैलाश सोनी पूर्व सांसद राज्यसभा मध्य प्रदेश, राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकतंत्र सेनानी संघ, मुकेश टंडन विधायक मध्य प्रदेश,प्रीतम सिंह विधायक उत्तराखंड, हरपाल वर्मा माननीय




न्याय मूर्ति एवं लोकायुक्त हरियाणा सरकार एवं अनेक राज्यों से आईपीएस और इस आईएएस के अलावा पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी भी शामिल थेस सोनार समाज के सम्मेलन में राजस्थान हरियाणा मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश मुंबई कोलकाता गुजरात के अलावा अलग-अलग राज्यों एवं जनपदों से सोनार समाज के लोगो ने हजारों की संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सोनार समाज में एक जूटता और देश की राजनीति में अपनी भागीदारी सुनिश्चित किए जाने के अलावा समाज की समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया साथ ही स्वर्णकार कला बोर्ड के गठन को लेकर भी गहन चिंतन मंथन किया गया सम्मेलन में उपस्थित सोनार समाज के लोगों ने समाज के संस्थापक महाराजा श्री अजमीढ़ जी के नाम पर राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय अवकाश घोषित किए जाने की मांग भी की गई है।

सोनार समाज के प्रधान पवन वर्मा जी ने बताया मेरे नेतृत्व में हरियाणा फरीदाबाद में होने वाले सोनार समाज सम्मेलन में मुजफ्फरनगर से एक बस ले जाएगी इसके अलावा जनपद मुजफ्फरनगर से सोनार समाज के सैकड़ो लोग अपने निजी वाहन से इस सम्मेलन में शामिल हुए पवन वर्मा ने बताया फरीदाबाद में आयोजित इस महासम्मेलन में सोनार समाज से अलग-अलग राज्यों से आये विधायक और सां. सदों के अलावा आईपीएस, आईएएस के अलावा हजारों की संख्या में महिला और पुरुष उपस्थित हुए पवन वर्मा ने यह भी बताया कि हमारे समाज की देश की राजनीति में शून्य के बराबर भागीदारी है यह एक चिंता का विषय है जिसको लेकर समाज के इस महा सम्मेलन में शिक्षित युवाओं को देश की राजनीति में अपनी भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया और साथ ही एक छूट होकर समाज के उत्थान और प्रगति के लिए कार्य करने के लिए युवाओं को प्रेरित किया गया श्री मैढ़ क्षत्रीय सोनार समाज समन्वय समिति मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष श्री पवन वर्मा जी ने बताया की मुजफ्फरनगर में जल्द ही सोनार समाज का एक विशाल सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जिसमें जनपद मुजफ्फरनगर के अलावा अन्य राज्यों ओर जनपदों से भी स्वर्णकार समाज को एकजुट करते हुए आगामी चुनाव में समाज की भागीदारी की रणनीति तय की जाएगी, सोनार समाज के इस सम्मेलन मे मुजफ्फरनगर से मुख्य रूप से सोनार समाज के प्रधान पवन वर्मा, सोनार समाज के सचिव एवं टीवी पत्रकार सुनील वर्मा, कोषाध्यक्ष सतीश वर्मा, सोनार समाज उत्थान समिति के अध्यक्ष महेश वर्मा, शिवकुमार वर्मा, सुशील वर्मा, कंवरपाल वर्मा बीजेपी, कोकिल वर्मा, शिवम वर्मा, विजय वर्मा, राजकुमार वर्मा, रोहतास वर्मा, पूर्व सभासद राजेश वर्मा, रविंद्र वर्मा बिरालसी, नाथी वर्मा बिरालासी, मनोज वर्मा, अनुज वर्मा, रूपक वर्मा, सुनील वर्मा बरवाला, मनोज वर्मा, हिमांशु वर्मा, दिनेश वर्मा, विनायक वर्मा, संजय वर्मा एल्गो, पत्रकार राधेश्याम वर्मा, सुभाष वर्मा नल्के वाले, नरेश वर्मा, मनोज सोनी, विकास वर्मा, पंकज वर्मा दिल्ली पुलिस, मयंक वर्मा, के अलावा अन्य सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## तहसील दिवस में आई कुल 29 शिकायतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** तहसील परिसर में आज संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी गजेंद्र सिंह और उप जिलाधिकारी कृष्णकांत ब्विकर्मा ने जन समस्याएं सुनी। कुल 29 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से चार का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। तहसील दिवस में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर पहुंचे। अधिकारियों ने गंभीरतापूर्वक उनकी फरियादें सुनी और संबंधित दस्तावेजों का अवलोकन किया। प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से राजस्व, भूमि विवाद और विकास कार्यों से संबंधित मामले शामिल थे। एडीएम और एसडीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के लिए कड़े निर्देश दिए। दोनों उच्चाधिकारियों ने साक्ष्यों और आपसी सहमति के आधार पर चार मामलों का मौके पर ही समाधान किया। शेष शिकायतों के लिए अधिकारियों ने समय सीमा निर्धारित करते हुए मातहतों को स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि फरियादियों को बार बार कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें।

## छात्रों ने देखा स्कूल चलो अभियान का लाइव सेशन



**बुढ़ाना।** शनिवार के दिन खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती किरण यादव के अनुपालन में कंपोजिट स्कूल डूंगर में स्कूल प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद के नेतृत्व में शासन के आदेश के अनुपालन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार और खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव के नेतृत्व में विद्यालय में उपस्थित सभी बच्चों को कंपोजिट विद्यालय शिवपुर वाराणसी से मुख्यमंत्री आदित्य योगी नाथ की उपस्थिति में आयोजित स्कूल चलो अभियान का लाइव सेशन बच्चों को दिखाया गया। जिसमें एमआरपी नरेश कुमार, स्कूल का समस्त स्टाफ, ग्राम प्रधान रीटा चौधरी विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्षा उषा मलिक, अभिभावक और बच्चे उपस्थित रहे। लाइव प्रसारण के बाद स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीती 01 अप्रैल 2023 को राज्य में स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया था। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना और साक्षरता दर को बढ़ाना है। बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना और साक्षरता दर को बढ़ाना है।

## ब्लॉक संसाधन केंद्र पर स्कूल चलो अभियान का आयोजन

**बुढ़ाना।** शनिवार के दिन किरण यादव शिक्षा अधिकारी बुढ़ाना के नेतृत्व में स्कूल चलो अभियान का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र बुढ़ाना पर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामनाथ सिंह अध्यक्ष जिला को ऑपरेटिव बैंक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री का वाराणसी में आयोजित स्कूल चलो अभियान का संजीव प्रसारण जन समूह को दिखाया गया। मुख्य अतिथि रामनाथ सिंह के द्वारा परिषदीय विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने तथा बच्चों की नियमित उपस्थिति बढ़ाने के लिए उपस्थित जन समूह को प्रोत्साहित किया गया। उनके द्वारा समाज के निर्माण में शिक्षा का विशेष महत्व है बताया गया। श्रीमती किरण यादव खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रत्येक बच्चों को शिक्षा का अधिकार और समाज के प्रत्येक व्यक्ति का यह दायित्व की कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नही रहे। अभिभावक से अपील की गई कि अपने बच्चों को विद्यालय में नामांकन और नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और बच्चों को विद्यालय के प्रति आकर्षण करने के लिए प्रेरित किया गया एवं विद्यालय से जो बच्चे ड्रॉप आउट हो गया है उनके लिए उनको विद्यालय में नामांकित के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मोनू ठाकुर कुरथल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को निशुल्क पाठड पुस्तक का वितरण किया गया। इसके पश्चात स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत बच्चों व शिक्षकों के द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से सब पढ़े सब बढ़े का संदेश जन जन तक पहुंचाया गया।

## मारपीट व उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**धामपुर।** एक विवाहिता द्वारा पति और ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया है। पीड़िता के अनुसार उसकी शादी करीब 15 वर्ष पूर्व दीपक चौटाला के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उसे लगातार उत्पीड़न और मारपीट का सामना करना पड़ रहा है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसका पति शराब के नशे में आए दिन उसके साथ मारपीट करता है और उसे जान से मारने की धमकी देता है।

## ब्रह्माकुमारी सेंटर पर स्वास्थ्य शिविर का शुभारम्भ




**मोरना।** शुकतीर्थ में स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय ब्विविद्यालय स्वीट साइलेंस धाम यूनिवर्सिटी में शनिवार को विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें आये सेंकडों मरीजो की जांच व उपचार मुफ्त किया गया।ब्रह्मा कुमारी सेंटर पर आयोजित स्वास्थ्य शि. विर का शुभारंभ भाजपा के क्षेत्रीय मन्त्री अमित राठी द्वारा किया गया।शिविर में मुज़फ्फरनगर मेडिकल कॉलिज बेगराजपुर के चिकित्सक मरीजो की मुफ़्त जांच व उपचार किया गया।

शिविर में जनरल फिजिशियन, स्त्री रोग, बाल रोग ,हढी रोग, नाक, कान गला सहित अन्य सभी रोगों का उपचार किया गया ।अमित राठी ने कहा कि आज के नई नई प्राणघातक बीमा. रियां जन्म ले रहीं हैं।जानकारी और सावधानी तथा उचित उपचार ही बचाव है।मोबाइल भी एक घातक मानसिक बीमारी के रूप में प्रचलित हो रहा अनावश्यक मोबाइल के प्रयोग से बच्चो को व स्वयं को बचाएं।तथा अपने आप को खेलो में व्यस्त करें।जिससे स्वास्थ्य सही रहेगा।सेंटर की संच. ालिका बी के प्रवेश दीदी ने कहा कि हमारा स्वास्थ्य ही सर्वोपरि है।तन और मन दोनों को स्वस्थ रखने की व्यवस्था सेंटर पर जारी रहेगी।शिविर में चिकित्सक के रूप में डॉ महेश नाक कान गला विशेषज्ञ, डॉ. मोहित चर्म रोग, डॉ. विवेक फिजिशियन ,डॉ.वीनस टीबी विशेषज्ञ, डॉ.तुहीन पैथोलॉजिस्ट, डॉ अभिषेक हढी रोग,डॉ. रेशल स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ.,रुबा नाज़ बाल रोग, डॉ. ,निशा,सतीश खटाना डॉ,.राजेंद्र सिंह,अनुज कुमार,बीके श्रवण भाई, बीके प्रियांशी दीदी, बिन्नू राठी, विनोद शर्मा, कैप्टन सुधीश आदि मौजूद रहे।

# हाइवे में बाधा बन रहे भव्य टावर को गिराया

**■ एसडीएम कृष्णकांत विश्वकर्मा के नेतृत्व में हुई कार्यवाही**

**बुढ़ाना/फुगाना।** थाना फुगाना क्षेत्र में दिल्ली देहरादून कॉरिडोर हाइवे के निर्माण कार्य में बाधा बन रहे टावर को शनिवार की सुबह एनएचएआई ने मशीनों की मदद से गिरा दिया। करीब 100 मीटर लंबे सड़क हिस्से के बीच खड़े इस टावर के हटने से लंबे समय से अटका निर्माण कार्य पूरा हो गया है जिससे आवागमन सुगम होने की उम्मीद है। कार्रवाई के दौरान एसडीएम ख्रष्णकांत ब्विकर्मा की निगरानी में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। ध्वस्तीकरण के दौरान कुछ समय के लिए मार्ग बंद रहने से जाम की स्थिति भी बनी। वहीं एनएचएआई ने दिल्ली देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर पर अनधिकृत प्रवेश को लेकर सख्त एडवाइजरी जारी कर लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। इस कार्रवाई के दौरान बुढ़ाना के एसडीएम ख्रष्णकांत विश्वकर्मा मौके पर मौजूद रहे और पूरे अभियान की निगरानी की। प्रशासन और एनएचएआई की टीम ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करते हुए टावर को नियंत्रित तरीके से ध्वस्त किया। अभियान के दौरान आसपास के क्षेत्र को खाली कराया गया ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके।

टावर गिराने की प्रक्रिया के दौरान कुछ समय के लिए मार्ग पूरी तरह बंद कर दिया गया जिससे सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई हालांकि पुलिस और प्रशासन की तत्परता के चलते कुछ ही समय में यातायात को सामान्य कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि अब सड़क निर्माण पूरा होने से यात्रा अधिक सुगम और सुरक्षित हो सकेगी।

इसी बीच एनएचएआई ने निर्माणाधीन दिल्ली देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर को लेकर भी सख्त एडवाइजरी जारी की है। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि निर्माण स्थल पर आम लोगों और वाहनों का अनधिकृत प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित है।

ऐसा करना न केवल नियमों का उल्लंघन है बल्कि यह जानलेवा भी साबित हो सकता है। एनएचएआई अधिकारियों के अनुसार कॉरिडोर पर इस समय तेज गति से निर्माण कार्य चल रहा है जहां भारी मशीनें और श्रमिक लगातार काम में जुटे हैं। ऐसे में किसी भी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश गंभीर दुर्घटनाओं को जन्म दे सकता है। प्राधिकरण ने नागरिकों से अपील की है कि वे निर्माणाधीन क्षेत्रों से दूरी बनाए रखें और ट्रैफिक व सुरक्षा नियमों का पालन करें। साथ ही यह भी चेतावनी दी गई है कि निर्देशों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनहित में जारी इस एडवाइजरी का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना और संभावित हादसों से बचाना है। एनएचएआई ने सभी नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर जोर दिया है। एनएचएआई अधिकारी अंकित दुबे ने बताया कि दिल्ली देहरादून कॉरिडोर हाईवे पर करीब 20 से 30 मीटर रैंप का निर्माण कार्य शेष था लेकिन बीच में खड़ा टावर इस कार्य में बाधा बन रहा था। इसी वजह से टावर को गिराने की कार्रवाई की गई ताकि निर्माण कार्य को जल्द पूरा किया जा सके।

## श्री शिव मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारम्भ

**मुजफ्फरनगर।** भोपा रोड स्थित मौहल्ला शांतिनगर के श्री शिव मंदिर परिसर में आज श्रीमद् भागवत कथा का शुभारम्भ हुआ। कथा का वर्णन कथा व्यास पूज्य बिजेन्द्र मिश्रा जी महाराज के श्रीमुख से आगामी 10 अप्रैल तक दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक प्रतिदिन किया जायेगा।मुख्य अतिथि दिव्य ध्यान योग आश्रम बचन सिंह कालोनी के स्वामी श्रीभगवान आश्रम जी महाराज ने दीप प्रज्जवलित कर कथा का शुभारम्भ करते हुए कहा कि श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करने से जहां मन को शांति मिलती है, वहीं नकारात्मक विच. ारों का नाश होता है और सकारात्मक विचार मन में आने से मन और शरीर को नई ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि युवा पीढी को भी कुछ समय निकाल.



कर श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने से नई पीढी में संस्कारों के साथ-साथ बडे-बुजुर्गो का सम्मान करने की प्रेरणा मिलेगी, जिससे घर-परिवार में शांति का वातावरण बना रहेगा। इससे पूर्व कथा स्थल पर पहुंचने पर पंडित धर्मेन्द्र मिश्रा, पंडित राहुल मिश्रा, पंडित अनुज मिश्रा और पंडित शिवम शर्मा ने कथा व्यास बिजेन्द्र मिश्रा जी महाराज और स्वामी श्रीभगवान आश्रम जी महाराज का स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कथास्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमडने से आयोज. कों के चेहरों पर खुशी देखी गई और उन्होंने समस्त श्रद्धालुओं का स्वागत किया।

## छात्र-छात्राओं को मॉक ड्रिल कर आग पर काबू पाने के गुर सिखाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** कस्बे के आर्यन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं को मॉक ड्रिल कर आग पर काबू पाने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान बच्चों ने मॉक ड्रिल के माध्यम से आग से बचाव के गुरु सीखें। इस दौरान सभी बच्चों को इकठा करके आग से कैसा बचा जा सकता है उसके बारे में बताया गया और आग लगने पर स्विच ऑफ कैसे करने चाहिए तथा $CO_2$ से कैसे आग पर नियंत्रित किया जा सकता है।

सभी क्रियाएं करके मॉक ड्रिल के माध्यम से छात्राओं को बताया गया।कार्यक्रम में तीन तरह



की आग से बचाव हेतु छात्र-छात्राओं को बताया गया जैसे ठोस, गैस, तरल आग की चपेट से बचने के लिए तथा उसको नियंत्रित करने के लिए क्या-क्या करना चाहिए वह सब मॉक ड्रिल के माध्यम से छात्र-छात्राओं को सिखाया गया। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अनुपस्थित अधिकारियों पर डीएम सख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनसमस्याओं के त्वरित और प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने सख्त रुख अपनाते हुए लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई की। तहसील शामली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अनुपस्थित पाए गए बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं विद्युत विभाग के तीन अधिशासी अभियंताओं का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए, जिससे प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया। तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासन की प्राथमिकता जनसमस्याओं का शीघ्र समाधान है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान कुल 50 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 3 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए जल्द समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश अधीनस्थों को दिए। इस अवसर पर एसडीएम अर्चना शर्मा, डीएफओ जगदेव सिंह, सीएमओ डा. अनिल कुमार, पीडी डीआरडीए प्रेमचंद, तहसीलदार मनोज कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इसी क्रम में तहसील कैराना में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सत्येन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ, जहां 24 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 2 का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं तहसील ऊन में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 20 शिकायतें आईं, जिनमें से 2 का निस्तारण मौके पर किया गया। तीनों तहसीलों में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि लंबित शिकायतों का समयबद्ध और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# दबंगों के डर से महिला ने मकान पर लगाए पलायन व बिकाऊ के पोस्टर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** क्षेत्र के गांव केरटू में पुरानी रंजिश से परेशान एक महिला द्वारा अपने मकान पर 'पलायन' और 'बिकाऊ' के पोस्टर लगाए जाने से इलाके में हड़कंप मच गया। पीड़िता ने गांव के कुछ लोगों पर दबंगई, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता सुमन का आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों से उनकी पुरानी रंजिश चल रही है।

वर्ष 2024 में आरोपियों ने उनके घर में घुसकर उनकी बेटी के साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया था। उस समय गांव के जिम्मेदार लोगों की मौजूदगी में आपसी समझौता कर लिया गया था, लेकिन इसके बावजूद विपक्षी पक्ष रंजिश मानता रहा। महिला ने बताया कि बाद में उसके बेटे संदीप को एक मामले में जेल भिजवा दिया गया था। महिला के अनुसार, उसका बेटा दूसरे समुदाय की एक लड़की को बहला-फुसलाकर ले गया था, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया था। जेल से छूटने के बाद से ही विपक्षी लोग उसके बेटे के साथ जहां-तहां मारपीट करते हैं और उसे जान से मारने की धमकी देते हैं। पीड़िता का कहना है कि आरोपी अक्सर धमकी देते हैं कि उसके बेटे को गाड़ी से कुचल देंगे। साथ ही, उसकी बेटी को उठाकर ले जाने की भी धमकी दी जा रही है, जिससे पूरा परिवार भयभीत है। सुमन ने बताया कि वह पिछले कई वर्षों से गांव में रह रही है और अपने दो बेटों व एक बेटी के साथ मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करती है। लगातार मिल रही धमकियों से परेशान होकर उसने अपने घर पर 'पलायन' और 'बिकाऊ' के पोस्टर लगा दिए हैं।

पीड़िता ने प्रशासन से सुरक्षा की मांग करते हुए कहा है कि यदि जल्द ही कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो वह मजबूरन अपना मकान बेचकर दूसरे राज्य में पलायन करने को विवश होगी। प्रशासनिक कार्रवाई की मांग के बीच गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

## जानलेवा हमले में 10 दिन बाद मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** गांव हथछोया निवासी तसव्वर पुत्र जबरदीन ने तहरीर देकर बताया कि 26 मार्च 2026 को सुबह करीब 10रू30 बजे उसका भतीजा सोयब घर पर अकेला बैठा था।

इसी दौरान गांव के ही लिल्ला उर्फ अफजाल, अब्बास, सुफियान, जुलफान, आमिर व रहीस एकराय होकर लाठी-डंडों व धारदार हथियारों के साथ घर में घुस आए और सोयब पर हमला कर दिया। आरोप है कि सभी आरोपित ने युवक को बेरहमी से पीटा और जमीन पर गिराकर भी मारते रहे, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और वह बेहोश हो गया। शोर सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे तो आरोपित उसे मृत समझकर गाली-गलौच करते हुए फरार हो गए।

## अविका शर्मा ने पाया दूसरा स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** चंडीगढ के मुहाली में नॉर्थ इंडिया के रियलिटी डांस शो किसमें कितना है दम का आयोजन किया गया। जिसमें नॉर्थ इंडिया से पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान राज्यों के करीब 2,25000 प्रतिभागियों ने भाग लिया। 15-20 वर्ष कैटेगरी में शामली के प्रमुख समाजसेवी विकास शर्मा एडवोकेट की बेटी अविका शर्मा ने भाग लिया, जिसमें फाईनल राउंड में 16 प्रतियोगियों ने भाग लिया, जिसमें अविका शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# पिकअप ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नेशनल हाईवे स्थित भूरा अंडरपास एक बार फिर सड़क हादसे का गवाह बना। तेज रफ्तार अज्ञात पिकअप ने बाइक सवार दंपत्ति को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए,जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि अंडरपास पर फैले अतिक्रमण के कारण यहां आए दिन हादसे हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं।



जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर गांव गोगवान निवासी कौसर अपनी पत्नी हसमूदा (45) के साथ स्प्लेंडर बाइक संख्या यूपी-19 डब्ल्यू-3152 से किसी काम से कैराना आ रहे थे। जैसे ही वे बाईपास नेशनल हाईवे स्थित भूरा अंडरपास के नीचे पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार और अनियंत्रित पिकअप ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पति-पत्नी सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तुरंत परिजनों को सूचना दी। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों को कैराना के मल्टी केयर हॉस्पिटल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए दोनों को शामली के एक निजी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि हादसे में घायल महिला हसमूदा का पैर टूट गया है, जबकि उसके पति कौसर का हाथ फैक्चर हो गया है। दोनों का शामली के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। उधर, हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। हालांकि मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने पिकअप का नंबर यूपी-19 एटी-3421 नोट कर लिया है। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई।

## एक नजर

### आईडी का दुरुपयोग कर निकाला लाखों का लोन, डीएम से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** तहसील कैराना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में वित्तीय धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। गांव ईस्सापुर खुरगान निवासी एक व्यक्ति ने उसकी पहचान पत्र का दुरुपयोग कर उसके नाम पर फर्जी तरीके से लाखों रुपये का ऋण निकलवाने का आरोप लगाया है। पीड़ित अब्दुल कादिर पुत्र कामिल हसन ने जिला अधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव के ही तालिब पुत्र फरजू शेख ने जालसाजी कर उसकी आईडी का इस्तेमाल करते हुए होम क्रेडिट और बजाज कंपनी से लोन निकलवा लिया। पीड़ित का कहना है कि उसने कभी कोई ऋण नहीं लिया और न ही किसी दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए, इसके बावजूद उसके नाम पर कर्ज चढ़ा दिया गया। अब्दुल कादिर के अनुसार, हाल ही में जब उसे इस पूरे मामले की जानकारी हुई तो उसने आरोपी से विरोध जताया। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही थाना कैराना पुलिस को मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश देने की भी गुहार लगाई है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मौजूद अधिकारियों ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वहीं, बिना जानकारी किसी की आईडी पर लोन निकलने जैसी घटनाओं से क्षेत्र के लोगों में चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि इस तरह की धोखाधड़ी पर रोक लग सके।

### विवाहिता से मारपीट

**चौसाना।** पानीपत के नूरवाला निवासी महिला की शादी करीब दो वर्ष पूर्व ग्राम टोडा निवासी विवेक कुमार राणा के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही पति विवेक, सास शिमला, ननद स्वीटी व मीनू तथा ननदोई सतीश निवासी मंगलौरा हरियाणा द्वारा दहेज़ की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाने लगा। पीड़िता का कहना है कि शनिवार सुबह करीब 10 बजे ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ मारपीट की और 15 लाख रुपये मायके से लाने का दबाव बनाया। रकम न लाने पर घर से निकालने और जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता ने बताया कि उसके पिता का पहले ही निधन हो चुका है, जिससे वह आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर स्थिति में है। घटना के बाद उसने चौकी चौसाना पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### इन्वर्टर का करंट लगने से युवक की मौत

**कैराना।** गांव अलीपुर निवासी मुर्तजा (30) पुत्र इस्लाम शनिवार रात अपने घर पर इन्वर्टर लगाने का काम कर रहा था। बताया जा रहा है कि इन्वर्टर पहले से चार्ज था। इसी दौरान वह बिजली बोर्ड में कनेक्शन जोड़ रहा था, तभी अचानक उसे तेज करंट लग गया और वह मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़ा। इस दौरान परिजन आनन-फानन में उसे उपचार के लिए कैराना के एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि मृतक विवाहित था और उसके तीन-चार छोटे बच्चे हैं। अचानक हुई इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने मृतक युवक को बिना किसी कार्रवाई के निकट स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया है।

### झगड़े में पांच को किया नामजद

**चौसाना।** चौसाना चौकी क्षैत्र के गांव गढी हसनपुर मे बीते दो अप्रैल को एक शादी समारोह हुआ था। विवाहिता की विदाई के दौरान रिश्तेदारो के दो पक्ष आपसी झगडे के लिए पंचायत करने लगे। इसी बीच पंचायत मे झगडा हो गया और ईंट पत्थर फैंके जाने से छह लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए पॉच लोगो को शान्तिभंग मे चालान कर दिया था। घंटना के तीसरे दिन दथेडा की एक महिला ने टोडा,गढी हसनपुर व मवी कला कैराना के पॉच लोगो पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत की और कडी कार्यवाही की मांग की है। वही पुलिस ने बताया कि मवीं व टोडा पक्षो के मध्य फैसला हो गया है। तहरीर देने वाला पक्ष तीसरा है,जो बीच बचाव मे घायल हुआ है। पुलिस मामले की कार्यवाही मे जुटी है।

### तिलक लगाकर छात्रों का स्वागत

झिंझाना। जय सीताराम किसान इंटर कॉलेज में प्रवेश लेने आए बच्चों का कॉलेज प्रबंधन द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कॉलेज के प्रबंधक डॉ. लोकेश कुमार गर्ग व प्रधानाचार्य रण सिंह ने बच्चों को तिलक लगाकर सम्मानित किया तथा मिठाई खिलाई। दाखिला लेने आए बच्चों ने कॉलेज प्रबंधन के स्नेहपूर्ण व्यवहार पर प्रसन्नता जताई। प्रधानाचार्य ने बताया कि 6 से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन होना आवश्यक है और कॉलेज में सभी कक्षाओं के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है। इस दौरान पंकज कुमार, अशोक पूर्वानी, संजय यादव, अनिल, मनोज गंगवार सहित छात्राओं में आरती, आंचल, वंशिका, राधिका, शबा, गुढ्डू, रूपाली और काकुल आदि मौजूद रहे।

### विवाहिता को दिया तीन तलाक

**झिंझाना।** सितारा पत्नी सलमान निवासी बल्लामाजरा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 16 जनवरी 2023 को सलमान पुत्र इकराम निवासी कोटला देहात अम्हेटा पीर थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगा। पीड़िता के अनुसार, उसने अपने वैवाहिक जीवन को बचाने के लिए कई बार मायके से पैसे लाकर पति को दिए और करीब एक लाख रुपये दे चुकी है। इसके बावजूद पति व सास खुर्शीदा व जेठ इसरार द्वारा लगातार बुलेट मोटरसाइकिल व दो लाख रुपये की मांग की जाती रही। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट व गाली-गलौच की गई।

# मिशन शक्ति अभियान में निकाली साइकिल रैली

**शामली।** जनपद शामली में महिलाओं के जागरूकता फैलाने हेतु एक भव्य साइक्लोथॉन (साइकिल रैली) का आयोजन किया गया। यह 30 दिवसीय विशेष अभियान 19 मार्च 2026 से बासंतिक नवरात्रि के अवसर पर प्रारंभ हुआ। जिसे जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान के निर्देशन में संचालित किया। कार्यक्रम का आयोजन ब्रिगेडियर होशियार सिंह इंटर कॉलेज से महिला कल्याण, पुलिस एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस रैली में श्री सत्यनारायण इंटर कॉलेज, ब्रिगेडियर होशियार सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज एवं सरस्वती बालिका विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक प्रसन्न चौधरी एवं मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी द्वारा किया गया। अधिकारियों ने बालिकाओं को शिक्षा, आत्मनिर्भरता और मिशन शक्ति के उद्देश्यों के प्रति प्रेरित किया। साइकिल रैली कॉलेज से प्रारंभ होकर नवीन मंडी होते हुए थाना आदर्श मंडी पर संपन्न हुई। रैली के माध्यम से नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का सशक्त संदेश दिया गया। प्रतिभागी बालिकाएं महिला सशक्तिकरण की प्रेरणादायक प्रतीक बनकर उभरीं। कार्यक्रम से पूर्व विभिन्न विभागों द्वारा बालिका शिक्षा, महिला कल्याण योजनाओं, लिंगानुपात, बाल विवाह और हेल्पलाइन सेवाओं पर जागरूकता प्रदान की गई। रैली के दौरान पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौजूद रही।

# स्मार्ट मीटर सिस्टम से परेशान उपभोक्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर व देहात क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि कई लोगों के बिजली बिल समय पर जमा नहीं हो पाए और उनके कनेक्शन काट दिए गए जिससे जनता में भारी रोष देखने को मिला।

बिजली विभाग के बिल जमा काउंटर पर सुबह से ही लोगों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं। भीषण भीड़ के चलते व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई और लोगों को घंटों तक लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है । खास बात यह रही कि नौकरी पेशा लोगों को भी अपनी डड्यूटी छोड़कर बिल जमा करने के लिए लाइन में लगना पड़ा जिससे उनकी रोजमर्रा की जिंदगी



प्रभावित हुई। उपभोक्ताओं का कहना है कि ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा भी सही तरीके से काम नहीं कर रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि हमारे पास कोई भी मैसेज वगैरा नहीं आता है जिससे हमें पता नहीं लगा कि बिल कितना माइनस हो गया है कई बार प्रयास करने के बावजूद भुगतान नहीं हो पा रहा जिससे मजबूरी में लोगों को काउंटर का रुख करना पड़ रहा है।

लोगों ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर सिस्टम लागू करने से पहले विभाग द्वारा उचित व्यवस्था नहीं की गई जिसके चलते यह अव्यवस्था पैदा हुई है। कनेक्शन काटे जाने की कार्रवाई से नाराज उपभोक्ताओं ने विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई और व्यवस्था में सुधार की मांग की। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि ऑनलाइन सिस्टम को दुरुस्त किया जाए और कनेक्शन काटने से पहले उपभोक्ताओं को पर्याप्त समय दिया जाए ताकि आम जनता को इस तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े। एसडीओ विकास कुमार का कहना है की सभी उपभोक्ताओं के पास बिजली विभाग का ऐप डाउनलोड नहीं है जिससे उन्हें बिल की पूर्ण जानकारी नहीं मिल पा रही इससे भी प्रॉब्लम आ रही हैस और बिल जमा होने के बाद कनेक्शन ना जोड़ने को लेकर जब पूछा गया तो उन्होंने बताया कि अपडेटिंग चल रही थी इसलिए कनेक्शन जोड़ने में देरी हो रही है।

## फोन कर घर बुलाया, युवती पर लाठी-डंडों से हमला

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र में युवक द्वारा युवती को फोन कर घर बुलाने के बाद मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बमोहल्ला आर्यपुरी निवासी प्रवीण पुत्री इशाक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 2 अप्रैल 2026 की शाम करीब पांच बजे जाकिर पुत्र शौकत ने उसे फोन कर जरूरी बात का बहाना बनाकर गुलशन नगर स्थित अपने घर बुलाया। आरोप है कि वहां पहुंचते ही आरोपी ने लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया और बेरहमी से मारपीट की।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर हुआ मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के तहत मंडल का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर नगर के जैन स्थानक में आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय सह-संयोजक राकेश तोमर ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है और समाज के अंतिम व्यक्ति का उत्थान ही भाजपा का लक्ष्य है।

दूसरे सत्र में पूर्व विधायक तेजेंद्र निर्वाल ने एकात्म मानववाद को भाजपा की वैचारिक आधारशिला बताते हुए राजनीति को सेवा का माध्यम बताया। जिलाध्यक्ष रामजीलाल कश्यप ने कहा कि पंडित दीनदयाल के बताए मार्ग पर चलकर ही सशक्त भारत का निर्माण संभव है। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष डॉ. रश्मिकांत जैन, कुशांक चौहान, राजीव शर्मा, सुधा तोमर, प्रतिभा उर्फ सिमरन, सादिक, अनिल बोहरा, संजय मित्तल, डॉ. रणवीर, रवि टांक, अशोक चौहान, राजेंद्र वर्मा, कृष्णपाल गंगेरू, दीपक गुप्ता व संदीप सैनी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिक्षामित्रों के हित में हो रहे प्रयासःएमएलसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे के चर्चित चौधरी पतंजलि स्टोर पर आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक एमएलसी श्री चंद शर्मा का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उन्हें बुके भेंट कर सम्मानित किया।इस अवसर पर भाजपा नेता बंटी चौधरी ने कहा कि शिक्षक एमएलसी श्री चंद शर्मा शिक्षामित्रों के हित में लगातार अथक प्रयास कर रहे हैं। उनके प्रयासों के चलते ही प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षामित्रों का मानदेय 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 18 हजार रुपये किए जाने की घोषणा की गई है। उन्होंने क्विश्वास जताया कि भविष्य में भी शिक्षामित्रों के लिए और बेहतर कदम उठाए जाएंगे।

शिक्षक एमएलसी श्री चंद शर्मा ने कहा कि शिक्षामित्रों की समस्याओं को लेकर वह सदैव गंभीर रहे हैं और उनकी मांगों को शासन स्तर तक मजबूती से उठाया जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि शिक्षामित्रों के मानदेय, सेवा सुरक्षा और अन्य लंबित मुद्दों के समाधान के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार भी शिक्षामित्रों के हित में सकारात्मक सोच के साथ कार्य कर रही है। कार्यक्रम में शिक्षक एमएलसी श्री चंद शर्मा के साथ राजेंद्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष चौधरी भोपाल सिंह, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विनोद तोमर, प्रतीक गर्ग, भूपेंद्र शर्मा, जिला महामंत्री भाजपा अ श्वनी शर्मा, मनोज चौधरी व मयंक चौधरी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में भाजपा नेता बंटी चौधरी ने शिक्षक एमएलसी का आभार व्यक्त करते हुए पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आहवान किया।

**सूचना**

मेरा पुत्र इम्तियाज व पुत्रवधु फरजाना गलत संगत में पड़ गए है और आए दिन मेरे परिवार के साथ मारपीट करते है। जिसके चलते मैं उन्हे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध-विच्छेद करता हूं। भविष्य में उनके किसी कृत्य से मेरे व मेरे परिवार का कोई संबंध नही है।

**जिंदा पुत्र मुमताज निवासी मौहल्ला रामशाला मनिहारान शामली।**

# न्यायालय के आदेश पर फैसला रद्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर के गांधी चौक स्थित प्राचीन श्रीकृष्ण कुटी मंदिर से जुड़े प्रबंधन विवाद में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाते हुए नगर पालिका परिषद शामली के आदेश को निरस्त कर दिया है। अदालत ने उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें मंदिर की प्रबंध समिति के स्थान पर पीर शेरनाथ का नाम दर्ज किया गया था।

नगर के गांधी चौंक स्थित प्राचीन श्रीकृष्ण कुटी मंदिर का प्रबंधन एक रजिस्ट्रर्ड समिति द्वारा किया जा रहा है। गत 28 जून 2025 को पीर शेरनाथ के प्रतिनिधि ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को एक पत्र देकर अपना नाम उक्त मंदिर के प्रबंधक के तौर पर दर्ज करने के लिए कहा, जिस पर नगर पालिका परिषद ने रजिस्टर में उनका नाम दर्ज कर लिया। नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी के इस फैसले के विरुद्ध केएस चौहान के नेतृत्व वाली प्रबंध समिति ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की। केएस चौहान ने बताया कि श्री कृष्ण कुटी मंदिर समिति की याचिका पर गत 25 मार्च को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की दो सदस्यीय खंडपीठ के जस्टिस नीरज तिवारी और जस्टिस सुधाशुं चौहान ने सुनवाई की। वादी की ओर से विद्वान अधिवक्ता श्रेया गुप्ता ने पैरवी की। उच्च न्यायालय की खंडपीठ में सुनवाई के दौरान नगर पालिका परिषद शामली के अधिवक्ता सुमित सूरी ने यह स्वीकार किया कि नगर पालिका परिषद ने पालिका के दस्तावेजों में पीर शेरनाथ का नाम दर्ज करने के मामले में निर्धारित उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया, इसमें न तो याचिकाकर्ता को कोई नोटिस जारी किया गया और न ही सुनवाई का कोई अवसर दिया गया। सुनवाई के दौरान पीर शेरनाथ के वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश पांडे ने भी इस खामी को स्वीकार किया। दो सदस्यीय विद्वान न्यायधीशों ने श्री कृष्ण कुटि मंदिर प्रबंध समिति की रिट याचिका स्वीकार करते हुए नगर पालिका परिषद शामली में 28 जून 2025 को पीर शेरनाथ का नाम दर्ज करने के पारित आदेश को निरस्त कर दिया है। श्रीकृष्ण कुटी मंदिर के अध्यक्ष केएस चौहान ने बताया कि बताया कि मंदिर प्रबंध समिति में 15 वर्ष का कार्यकाल पूरा कर चुके प्रबंध समिति के मंत्री पुष्पेन्द्र भारद्वाज सहित कुछ सदस्यों ने अपने पदों से त्यागपत्र दे दिए हैं, जिनके स्थान पर नए सदस्य समायोजित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रबंध समिति ने नारी वंदन के तहत महिलाओं को प्रबंध कमेटी में 50 प्रतिशत पद देने का निर्णय लागू किया है।

# दादी झुनझुनू वाली का 24वां विराट वार्षिक महोत्सव मनाया

**शामली।** नगर के हनुमान धाम मंदिर में शुक्रवार देर रात्रि भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां श्री दादी जी सेवा संस्थान द्वारा लाडली दादी झुनझुनू वाली का 24वां विराट वार्षिक महोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ आयोजित किया गया। महोत्सव में सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे और भजनों की स्वर लहरियों पर देर रात तक झूमते नजर आए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चेयरमैन अरविन्द संगल, पूर्व विधायक तेजेन्द्र निर्वाल, योगी तेजपाल सिंह, कुशांक चौहान, अमित सिंह, अनुज गर्ग, अंकित गोयल और मनोज मित्तल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात वृंदावन-बरसाना से आई बाई ब्रज रास अनुरागी पूर्णिमा दीदी तथा शामली के भजन गायक निशांत भागवत पाठक ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। महोत्सव में दादी का भव्य दरबार, 108 ज्योतियों की विशेष सज्जा और छप्पन भोग श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहे। कार्यक्रम का संचालन उत्तम नामदेव ने कुशलतापूर्वक किया। इस अवसर पर हनुमान धाम के प्रधान सलिल द्विवेदी, सचिव राजकुमार मित्तल सहित राजन बत्रा, ब्रजमोहन शर्मा, गौरव गर्ग, अमन गोयल, दीपक कौशिक, मयंक संगल, राकेश शर्मा, राहुल शर्मा, सोनू चावला आदि उपस्थित रहे।

# उत्साह और हर्षोल्लास से मनाया महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** फतेहपुर कला मे स्थित धर्म सिंह जगदीश सिंह महाविद्यालय में 16 वां वार्षिक कार्यक्रम बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुजफ्फराबाद ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश पुंडीर ने कहा कि आज के समय में शिक्षा ही मनुष्य को सही दिशा देती है और कड़ी मेहनत अनुशासन तथा अच्छे संस्कार ही सफलता की वास्तविक कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान करते हुए कहा कि वह उच्च शिक्षा प्राप्त कर उच्च पदों पर नौकरी प्राप्त करके देश समाज की सेवा करते हुए अपने गुरुजनों एवं शिक्षा संस्थान का नाम रोशन करने का काम करे। विशिष्ट अतिथि एवं वरिष्ठ समाज सेवी डा सुरेन्द्र चौहान ने कहा कि विद्यार्थी जीवन बहुत महत्वपूर्ण होता है शिक्षा से ही बच्चों का भविष्य तय करती है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डा विनय चौहान ने कहा कि घाड क्षेत्र में आज से 16 वर्ष पूर्व उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए कोई भी महाविद्याल नहीं था लेकिन हमने इस पिछड़े क्षेत्र में उच्च शिक्षा देने के लिए महाविद्याल की स्थापना की गई और शिक्षा को हमेशा सेवा का माध्यम माना और पूरी ईमानदारी तथा कठिन परिश्रम के साथ बहुत ही कम व्यवस्था शुल्क लेकर विद्यालय को आगे बढ़ाने का काम किया गया। महाविद्याल की प्रबंधक डा अमिता चौहान तथा प्राचार्य डाक्टर विनय चौहान ने मुख्य अतिथियों का फूल मालाएं एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। पिछले वर्ष महा विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं में बीए कक्ष




में प्रथम, शिखा , द्वितीय अपर्णा, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली शिवानी को तथा बीएससी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले संजीव कुमार, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले सुरुचि सैनी, तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दिवांश कुमार तथा बीकॉम कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले स्मृति चौहान, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले ईशा, तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले आकांक्षा को स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाले छात्र छात्राओं अंशिका, प्रतिभा,खुशी, गौरव, ऋतु, प्रियंका, विशाली आदि को भी मुख्य अतिथियों द्वारा पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संजीव कुमार, रवि कुमार, सचिन कुमार, शुरुचि, सर्विष्ठा देवी, परमिला, पूर्व प्रधान राजीव चौहान, दिलशाद मालिक, राजेश, सतपाल, सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर अजीत राणा का भव्य स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ।** धन्वंतरि कॉलेज शेरपुर में काम्बोज समाज द्वारा भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अजीत सिंह राणा का जोरदार एवं भव्य स्वागत किया गया। भाजपा द्वारा जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर समाज में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम का संचालन मास्टर देवेन्द्र काम्बोज ने किया, जबकि अध्यक्षता प्रेम सिंह काम्बोज ने की। इस अवसर पर भाजपा नेता साहब सिंह पुण्डीर, ब्लॉक प्रति. निधि योगेश पुण्डीर तथा युवा नेता अभय प्रताप राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का बुकें एवं फूल-मालाओं से स्वागत कर सम्मानित किया गया। कॉलेज के चेयरमैन डॉ. अश्वनी काम्बोज ने भी जिलाध्यक्ष अजीत सिंह राणा का अभिनंदन करते हुए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था सुशील काम्बोज एवं सचिन काम्बोज द्वारा संभाली गई। भाजपा नेता साहब सिंह पुण्डीर ने कहा कि पार्टी ने अजीत सिंह राणा जैसे कर्मठ और जुझारू कार्यकर्ता को जिलाध्यक्ष बनाकर संगठन को और मजबूत करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा कार्यकर्ताओं का सम्मान करती है और सभी को साथ लेकर चलने की नीति पर कार्य करती है। वहीं नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अजीत सिंह राणा ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, वह उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना और सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर आगे बढ़ना है। उन्होंने काम्बोज समाज सहित सभी वर्गों का आभार व्यक्त किया और कहा वह जिले के विकास के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

# वार्षिक परीक्षा परिणामों की घोषणा

**अंबेहटा।** नगर के कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय अंबेहटा में वार्षिक परीक्षा परिणामों की घोषणा की गई। समारोह में कक्षा 6, 7 और 8 के मेधावी छात्र-छात्राओं को परीक्षाफल वितरित कर सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में कक्षा 8 के दीपेश कुमार ने प्रथम स्थान, अंजय कुमार ने द्वितीय स्थान और कुमारी राशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा 7 में आदित्य कुमार प्रथम, आमना द्वितीय और रोजिश तृतीय रहे।कक्षा 6 में शबा प्रवीण प्रथम, हलीमा सादिक द्वितीय तथा प्रवीण तृतीय स्थान पर रहे। समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य संदीप पंवार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि मेहनत और लगन से ही सफलता मिलती है। तुम सभी ने अपनी मेहनत का फल पाया है। मैं सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ। आगे भी इसी तरह परिश्रम करते रहो। इस अवसर पर मास्टर असलम, श्रीमती सपना सैनी सहित कई अभिभावक राजू रोहिला, अमरदीप उपस्थित रहे। अभिभावकों ने विद्यालय की इस पहल की सराहना की और अपने बच्चों को बधाई दी।

# चेयरमैन अब्दुर्रहमान ने जानी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** नगर पंचायत चेयरमैन अब्दुर रहमान उर्फ शालू भैय्या ने अपने कैम्प कार्यालय मे कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोगो की जन सुनवाई की जन सुनवाई के बाद लोगो की समस्याओं का हल भी कराया गया ।

शनिवार को नागर पंचायत बेहट चेयरमैन अब्दुल रहमान उर्फ शालू भैय्या कस्बे साहित ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की समस्याओ को लेकर गम्भीर रहते है अपने कैम्प कार्यालय मे बैठते है और दोपहर तक कस्बे वासियों की समस्याओं को लेकर उनकी जन सुनवाई करते है। नगर पंचायत के टैक्स प्रकाश व्यवस्था , बिजली,पानी पेंशन, राशन कार्ड आवास आदि की जन समस्याओं की जन सुनवाई करते हुए उनका निस्तारण के लिए नगर पंचायत कर्मचारियों को निर्देशित करते है। उनके मधुर स्वभाव के चलते कस्बे के सभी वर्ग के लोग उनके कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते है।

जन सुनवाई के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुर रहमान उर्फ शालू भैय्या ने कहा कि उनका एक ही लक्ष्य रहता है कि वे अपने कस्बे के लोगो की जो समस्या है उनका समय रहते निस्तारण कराना है। इस दौरान सभासद पति जिशान अहमद अल्ला दिया खघन राव मुराद नसीम अहमद आसिफ शेख उस्मान रिहान अहमद तमजीद अहमद आदि मौजूद रहे।

# सभासदों को दिलाई शपथ

**गंगोह।** नगर पालिका परिषद के शासन द्वारा मनोनीत पांच सभासदों को नगर पालिका अध्यक्ष साजिया मलिक ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। नगर पालिका कार्यालय में शपथ लेने वाले नामित सभासदों में डॉ. काशीराम सैनी, शशांक गोयल, अवनीश मोघा, जैलसिंह भारती, आर्यकुमार बालियान रहें। इसके बाद नेताजी सुभाषचन्द्र बोस पार्क में आयोजित स्वागत समारोह में नामित सभासदों के अलावा विधायक किरत सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि नोमान मसूद, जिला उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह, जिला महामंत्री राकेश आर्य सैनी, मांगे राम सैनी, मुकेश राणा, अरविन्द बालियान, रमेश गर्ग आदि का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। अध्यक्षता नगराध्यक्ष राजेश गांधी और संचालन सभासद नीरज अग्रवाल ने किया। सभासद अजय कुमार, गुरमीत व दानिश कुरैशी, राज. ेश काका, अर्जुन सैनी, मदनलाल, अचल बाबी, विनोद मौजूद रहे।

# मेधावी बच्चों को पुरस्कार से नवाजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** जे पी एस मेमो. रियल पब्लिक स्कूल पठेड़ में वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

क्षेत्र की अग्रणी शिक्षण संस्था जेपीएस मैमोरियल पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर किया गया।वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मोसीना, शबीना, रिजा, दीपांशु ,फाजिला, सबा व तन्नू ने प्रथम चांदनी, वंश, जैनब, आफरीन, सायबा, नीशु, जिकरा, शिवन्या, आलीमा, अर्पित, कैफ, शिफा, मो. शाद ने द्वितीय उस्मान, हुमैरा, अर्श, इरम, वलिया, वृंदा, छवि, अर्पिता, माही, शानुमा, मानसी, सोफिया, जीनत व वंशिका ने अपनी अपनी कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना कर उन्हें शुभकामनाएं दी व भविष्य में और भी अच्छे अंक लाकर परीक्षा उत्तीर्ण करने की बात कही। इस अवसर पर अक्षय कुमार, रोहित कुमार, उषा शर्मा, सुलेखा शर्मा, नाजिया, रितिका, बबीता, सदफ, कोमल, विशाखा, सपना, वंदना, साहिबा व अफसा आदि उपस्थित रहे।

# स्वामी विवेकानन्द स्कूल का परीक्षाफल घोषित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** स्वामी विवेकानन्द हाई स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार मनसब अली परवेज, सरदार गुलजार सिंह चीमा, मोहित कश्यप, एस.डी गौतम ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिसमें वंशिका ने स्कूल टॉप किया। इसके अलावा शिवांकपाल, अनमोल, युवराज अपने अपने ग्रुप मे टॉपर रहे।

प्रधानाचार्य देवेन्द्र पाल धवलहार ने बताया कि नर्सरी में मौ. अर्श प्रथम, रूही द्वितीय और अवंतिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एल. के.जी. में जुनेरा ने प्रथम, हुमेरा ने द्वितीय व उमरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा यू. के.जी. में जुनैद, हुमेरा ने प्रथम, रहमान, श्रृष्टि, सिदरा, ईशा ने द्वितीय व असद, प्रज्ञा, महक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 1 में खुशी, जैद ने प्रथम, वाणी, लविश ने द्वित्तीय स्थान व आरोही, सिया, अली ने तृत्तीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा-2 में उमर ने प्रथम, नैन्सी ने द्वितीय व जैनब ने तृत्तीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा-3 में दिव्यांशी ने प्रथम, महक ने द्वितीय व अनुराग ने तृत्तीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा-4 में वंश ने प्रथम, लविश ने द्वितीय व निखिल ने तृत्तीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा-5 में वंशिका ने प्रथम, शिवांक ने द्वितीय व मिष्ठी ने तृत्तीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा-6 में पलक ने प्रथम परी ने द्वितीय व कनिका ने तृत्तीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा-7 में निक्की, श्रृष्टि, अनमोल ने प्रथम, गौरी शर्मा, सानिया, नबिया, निहाल ने द्वित्तीय व दीपांशी, सागर, देव चौधरी ने तृत्तीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा-8 में तनवी, युवराज ने प्रथम, आसिफा, श्रेष्ठ, प्रिंस ने द्वितीय व नैना, वंश कुमार ने तृत्तीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा-9 में सदफ मलिक ने प्रथम, अलीना ने द्वित्तीय व आस्था, आदित्य ने तृत्तीय स्थान प्राप्त किया। सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कार और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर प्रबंधक देवपाल धवलहार, सुरेन्द्र कुमार, पंकज कुमार सुनील कुमार, सन्दीप कुमार, भोपाल, रोशनलाल, रीता त्यागी, कु.मीनू, कु. संजूल, रजनी त्यागी, शबनम, मीरा शर्मा, कु.काजल, कु. फरहाना, रजनी सैनी, कु. शालू आदि उपस्थित रहे।

# हज के सभी अहकाम अच्छी तरह सीखें: हाजी अय्यूब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** हज ट्रेनर हाजी मोहम्मद अय्यूब ने कहा कि पवित्र हज यात्रा पर जाने वाले लोगों को हज के सभी अहकाम अच्छी तरह सीख लेने चाहिएं। क्योंकि हज फर्ज और खास इबादत है।

हज कमेटी द्वारा नियुक्त हज ट्रेनर हाजी मोहम्मद अय्यूब ने इस साल हज पर जाने वाले हज यात्रियों के लिए अपील जारी करते हुए कहा कि हज फर्ज और एक खास इबादत है।इसलिए हज यात्रा पर जाने वाले सभी लोग हज के खास अरकान, अहकाम अच्छी तरह सीख लें।कई बार कुछ लोग हज पर चले जाते हैं ल े कि न अरकान,अहकाम की सही जानकारी न होने की वजह से गलती कर बैठते हैं।कई बार तो ऐसी गलती कर देते हैं कि उन पर दम वाजिब हो जाता है।

हाजी मोहम्मद अय्यूब ने कहा कि अगर एक भी अरकान अहकाम छूटा तो हज नहीं होगी।उन्होंने कहा कि अहराम बांधने, कुर्बानी करने,शैतान को कंकर मारने और दिगर जानकारी के लिए अपने आसपास के आलिमों या हज ट्रेनर से राब्ता करना चाहिए।

# बच्चों को सुरक्षा सम्बन्धी विषयों पर किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर की महिला एंटी रोमियो प्रभारी मिथलेश राठौर ने शनिवार को अपनी महिला पुलिस टीम के साथ कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय भैंसराऊ का दौरा किया और बच्चों को सुरक्षा संबंधी विभिन्न विषयों पर जागरूक किया।

महिला कांस्टेबल प्रीति और महिला कांस्टेबल सुमन के साथ पहुंची टीम ने विद्यालय की बालि. काओं को गुड टच-बैड टच, सड़क सुरक्षा, अजनबियों से सावधानी बरतने, साइबर क्राइम से बचाव तथा आपात स्थिति में पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 का उपयोग करने की विस्तृत जानक. ारी दी बच्चों से संवाद करते हुए एंटी रोमियो प्रभारी मिथलेश राठौर ने कहा, आप सभी हमारी आने वाली पीढ़ी हैं। अपनी सुरक्षा का ध्यान खुद रखें कोई भी गलत बात या संदिग्ध गतिविधि हो तो तुरंत घरवालों या पुलिस को बताएं। टीम ने विद्यालय में बच्चों के साथ इंटरैक्टिव सत्र भी आयोजित किया जिसमें बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी शंकाओं को दूर किया इसके अलावा, टीम ने ग्राम बड़कला में चौपाल लगाकर वहां की महिलाओं और बालिक. ाओं को भी सुरक्षा जागरूकता का संदेश दिया चौपाल में महिलाओं को घरेलू हिंसा बाल विवाह साइबर सुरक्षा और आपातकालीन मदद के बारे में बताया गया। मिथलेश राठौर ने बताया कि एंटी रोमियो स्क्वॉड का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाना तथा उन्हें हर प्रकार की असुरक्षा से बचाना है। उन्होंने कहा कि ऐसी जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे ताकि समाज में महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराधों में कमी आए।

## भाजपा सभासद ने दी तहरीर

**गंगोह।** भाजपा के मनोनीत सभासद की तहरीर पर पुलिस ने कांग्रेस सभासद पहलसिंह सैनी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है।

उधर पत्रकारों से बातचीत में विधायक चौ. किरत सिंह ने और कांग्रेस नेता व पूर्व चौयरमैन नोमान मसूद ने भी सभासद के फेसबुक पर दिये गये लाईव बयान को अनुचित करार देकर सभासद को अपनी वाणी पर संयम रखने की नसीहत दी है। गौरतलब है कि नगर पालिका के मनोनीत सभासद डा. काशीराम सैनी द्वारा भाजपा नेताओं के साथ कोतवाली जाकर कांग्रेसी सभासद पहलसिंह सैनी के खिलाफ तहरीर दी गई।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र सलमान व पुत्र वधू शाहनिया को नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**अकरम निशा पत्नि सलीम निवासी खाताखेडी, मौहम्मद नगर, पास मौहम्मदिया मस्जिद, थाना मण्डी, सहारनपुर।**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र साहिल को नाफरमानी व गलत आचरण के कारण को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**नूर मौहम्मद पुत्र कय्यूम निवासी पुराना कलसिया रोड, विश्वास नगर, थाना मण्डी, सहारनपुर।**

# समस्याओं का समय से हो निस्तारणः डा. रूपेश




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** कमिश्नर डॉ रूपेश कुमार ने कहा कि समाधान दिवस में आने वाले लोगों की समस्याओं का समय पर निस्तारण और सन्तुष्टि होनी चाहिए। शासन की लाभकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को मिलना चाहिए।

तहसील परिसर में आयोजित समाधान दिवस में कमिश्नर डॉ रूपेश कुमार ने आए हुए लोगों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना।डॉ रूपेश कुमार ने कहा कि जनशिकायतों का समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण में संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण अपनाना चाहिए ताकि फरियादियों को संतुष्टि मिल सके। उन्होंने कहा कि शासन की लाभकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों को मिलना चाहिए। इस दौरान एसडीएम डॉ पूर्वा शर्मा, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सचिन कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

**बेहट।** तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर फरियादियों की खासी भीड़ उमड़ी। उप जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान कुल 42 शिकायतें दर्ज की गई। जिनमें से मात्र एक शिकायत का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका। सर्वाधिक शिकायतें राजस्व, विद्युत, पेयजल, सफाई व्यवस्था, पुलिस संबंधी आदि को लेकर रही। इस मौके पर सीओ/ए एसपी एस एन वैभव पांडेय, तहसीलदार विजय कुमार ,नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह देवेन्द्र कुमार प्रजापति ,सीडीपीओ अफसाना बेगम ,संयोगिता यादव ,एसडीओ विद्युत बेहट बृज मोहन सिंह, नगर पंचायत बेहट वरिष्ठ लिपिक ओमप्रकाश, कोतवाली बेहट प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह दिखीत, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मिर्जापुर दुबे सिंह सहित अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# आम्बेडकर जयंती पर शोभायात्रा को लेकर हुई बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को शांतिपूर्ण व सुव्यवस्थित ढंग से मनाने के लिए अंबेहटा पुलिस चौकी पर आज एक अहम बैठक आयोजित की गई।

नकुड़ थाना प्रभारी सुरेश सिंह ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए साफ संदेश दिया कि केवल पहले से चली आ रही परंपरागत शोभायात्रा को ही अनुमति दी जाएगी। किसी भी प्रकार की नई शोभायात्रा या अनधिकृत जुलूस निकालने की अनुमति नहीं होगी। बिना अनुमति के कोई भी जुलूस या शोभायात्रा निकालने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी उपस्थित प्रतिनिधियों से अपील की कि वे डॉ. अंबेडकर जयंती को शांतिपूर्ण, अनुशासित और व्यवस्थित तरीके से मनाएं तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का पूरा सहयोग करें। किसी भी तरह की अफवाह या उत्तेजक गतिविधि से पूरी तरह बचने की सलाह दी गई। बैठक में डॉक्टर बिन्दर गांव ब्राह्मण माजरा से दीपक मौय, अंकुर कुमार, अंजय कुमार, प्रवेश कुमार, सागर कुमार, अरुण कुमार गांव शमूगढ़ से जोगेंद्र कुमार, ब्रजेश कुमार गांव रनियाला दयालपुर से कुलद. ीप कुमार, सतीश उपस्थित रहे।

## नये सत्र का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** द बून किड्स प्रीस्कूल में नए शैक्षणिक सत्र का आरंभ हवन एवं पूजन के माध्यम से किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कैसे अभिभावक और विद्यालय मिलकर बच्चे के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। इस ज्ञानवर्धक सत्र में अभिभावकों को बच्चों के समग्र विकास में उनकी भूमिका को अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. हरिदत्त शर्मा ने बच्चों को जीवन मे आगे बढ़ने के टिप्स दिए। डायरेक्टर अरुण राज ने विद्यालय का नाम लंदन किड्स से बदलकर द बून किड्स रखने की जानकारी दी।

# संपूर्ण समाधान दिवस में गैस सिलेंडर का छाया रहा मुद्दा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** संपूर्ण समाधान दिवस में गैस सिलिंडर नहीं मिलने का मुद्दा छाया रहा। समाधान दिवस पहुंचे कई लोगों ने सिलिंडर की व्यवस्था सुचारू कराए जाने की गुहार लगाई। फरयादियों द्वारा दर्ज कराई गई 38 शिकायतों में से तीन का अधिकारियों ने मौके पर ही निस्तारण किया।

खंड विकास कार्यालय में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) संतोष बहादुर सिंह की अध्यक्षता में 38 फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे और समाधान को अधिकारियों को पत्र सौंपे। इनमें सर्वाधिक मामले घरेलू गैस सिलिंडर को लेकर रहे। लोगों ने कहा कि गैस सिलिंडर नहीं मिलने से बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एजेंसियों पर लंबी लंबी लाइन में लगने के बाद भी कई कई दिन तक सिलिंडर नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने अधिकारियों से जल्द से जल्द समस्या के निदान किये जाने की मांग की।




वहीं, कई लोग ऐसे भी पहुंचे जिन्होंने अपनी बेटियों, भाई एवं बहनों के विवाह समारोह के कार्ड अधिकारियों को दिखाते हुए उन्हें 15-15 सिलिंडर दिलवाए जाने की मांग की। अधिकारियों ने गैस सिलिंडर की व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए। पुलिस, राजस्व, नगरपालिका, चकबंदी और सिंचाई विभाग को लेकर भी लोगों ने अपनी शिकायतें रखीं। इस मौके पर उपजिलाधिकारी युवराज सिंह, तहसीलदार पुष्पांकर देव, खंड विकास अधिकारी अमित नारंग, नायब तहसीलदार मोनिका चौहान आदि तहसील स्तरीय अधिकारी शामिल रहे।

# शराब तस्कर सहित दो लोग गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** कोतवाली पुलिस ने एक शराब तस्कर समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जिन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस के मुताबिक गांव के समीप मार्ग पर चेकिंग के दौरान कुरलकी गांव निवासी सनी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से अवैध शराब के 30 पव्वे बरामद हुए हैं। बताया कि वह पिछले काफी समय से अवैध शराब की तस्करी में लगा था, जिसके खिलाफ लगातार शिकायतें भी मिल रही थीं। आबकारी अधिनियम में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी का चालान किया गया है। वहीं, पुलिस ने मोहल्ला मटकोटा निवासी नफीस उर्फ कोटा को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ अदालत से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। जिसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# पहले 90 प्रतिशत मुस्लिम बाला सुंदरी मेले में दुकान लगाते थे: महाराज

**देवबन्द।** मां बाला सुंदरी देवी मेले में मुस्लिम अपनी दुकानें न लगाएं, ऐसी चेतावनी देने वाले योग साधना आश्रम बघरा, मुजफ्फरनगर के पीठाधीश्वर स्वामी यशवीर महाराज शनिवार को मां बाला सुंदरी देवी मंदिर पहुंचे। उन्होंने मेले का भ्रमण किया और हिंदू दुकानदारों को भगवान वराह के चित्र वितरण किए। उन्होंने कहा कि पूर्व में 90 प्रतिशत मुसलमान मेले में अपनी दुकानें लगाते थे, लेकिन उनकी चेतावनी के बाद इस बार नाममात्र को ही मुस्लिमों ने अपनी दुकानें यहां लगाई है। भविष्य में हिंदू समाज के लोग इन दुकानों को भी नहीं लगने देंगे।



मेले में पहुंचे मुजफ्फरनगर के पीठाधीश्वर स्वामी यशवीर महाराज ने कहा कि मां बाला सुंदरी का यह मेला पश्चिम उत्तर प्रदेश का प्रसिद्ध मेला है। इस मेले में 90 प्रतिशत थूक मूत्र जिहादी गैंग का कब्जा रहता था और वह ही अपनी दुकानें यहां लगाते थे। 15 दिन पहले उन्होंने घोषणा की थी कि यह मेल सनातन धर्म का है इसमें दुकानें हिंदू ही लगाएंगे। उन्होंने हिंदू समाज से आह्वान करते हुए कहा था कि वह किसी भी सूरत में मुस्लिमों की दुकानें मेले में नहीं लगने दें। कहा कि आज उन्हें मेले में आकर बहुत अच्छा लगा। उन्होंने भ्रमण के दौरान देखा कि पूरे मेले में अब चंद दुकानें ही दूसरे समाज के लोगों की लगी है। कहा कि हमारे इस अभियान को बड़ी सफलता मिली है और अगले साल देवबंद के मां बाला सुंदरी देवी मेले में कोई भी दुकान थूक मूत्र जिहादी गैंग की नहीं लगने दी जाएगी। इस दौरान युवाओं ने स्वामी यशवीर महाराज का अभिनंदन किया। मेले में सुंदर व्यवस्था के लिए स्वामी यशवीर ने सहारनपुर पुलिस प्रशासन को धन्यवाद किया। इस मौके पर राष्ट्रीय बजरंग दल के रुद्र मिश्रा, अजय त्यागी, अनुज प्रजापति, कुलदीप सैनी, विशाल त्यागी, नंदू उपाध्याय आदि शामिल रहे।

# छात्रों को हदीस की सबसे बड़ी पुस्तक बुखारी शरीफ का पढ़ाया पहला पाठ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** दारुल उलूम वक्फ के मो. हतमिम मौलाना सुफियान कासमी ने मदरसा छात्रों को नसीहत करते हुए कहा कि अल्लाह की खुशी के लिए नबी का इल्म (तालीम) हासिल करने में लग जाओ, क्योंकि तालीम के बिना इंसान का जीवन अंधकारमयी होता है।



दारुल उलूम वक्फ के मोहत. मिम सुफियान कासमी ने छात्रों को हदीस की सबसे बड़ी पुस्तक बुखारी शरीफ का पहला पाठ पढ़ाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इमाम बुखारी ने पहली हदीस में इशारा किया है कि कामों का तरीका आपके इरादों पर निर्भर करता है। इसलिए अपनी नीयत को साफ करो और अल्लाह की खुशी के लिए नबी का इल्म हासिल करने में लग जाओ। साथ ही नबी की सुन्नत के हिसाब से जिंदगी गुजारने का इरादा करो, इसी में दोनों दुनिया में कामयाबी का राज है। उन्होंने कहा कि जहां नीयत को बेहतर बनाना जरूरी है, वहीं यह भी जरूरी है कि समय-समय पर अपनी नीयत का जायजा लेते रहो कि तुम्हारी नीयत अभी भी साफ है या उसमें कोई कमी रह गई है। उन्होंने छात्रों से मेहनत, लगन और पूरी ईमानदारी के साथ शिक्षा ग्रहण करने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने छात्रों को मल्टीमीडिया मोबाइल और सोशल मीडिया से दूरी बनाने की नसीहत की।

# पंचांग हमारे जीवन के लिए बेहद उपयोगी है: सिंघल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अग्रणी समाजसेवी संस्था मानव कल्याण मंच के वार्षिक पंचांग (पर्व दर्शिका) का विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंचांग में महत्वपूर्ण त्योहारों के साथ ही मंच के वर्ष भर चलने वाले सेवा कार्यों के बारे में जानकारी दी गई है।

लाल वाला रोड स्थित माइल स्टोन पोंपिस प्ले स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा. अनुज गोयल ने मानव कल्याण मंच द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मंच निर्धन व जरूरतमंद लोगों की हर संभव सहायता कर रहा है। केएल जनता इंटर कालेज के प्रबंधक दीपक. राज सिंघल व एडवोकेट देवीदयाल शर्मा ने कहा कि पंचांग हमारे जीवन के लिए बेहद उपयोगी है। मंच हर वर्ष




इस कार्य को करता आ रहा है। पूर्व अध्यक्ष राजीव शर्मा, अधिवक्ता लो. केश वत्स व महासचिव राजू सैनी ने भी विचार रखें। संस्थापक अरुण अग्रवाल व अध्यक्ष सुशील कर्णवाल ने कहा कि समाज सेवा का कार्य



बेहद पुनीत है। इससे आत्म सुख की अनुभूति होती हैं। संचालन राजीव शर्मा ने किया। जितेंद्र कश्यप, नंद किशोर नागर, अजय बंसल, सुनील बंसल, गिरीश गोयल, यश बंसल, प्रमोद मित्तल, नरेंद्र बंसल, राजेश सैनी, रविंद्र कश्यप, राजकुमार जाटव आदि शामिल रहे।

# डीएवी कॉलेज में एमसूटा शिक्षक संघ कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**मुजफ्फरनगर।** डीएवी कॉलेज मुजफ्फरनगर एवं मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं नवगठित शिक्षक संघ कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। संगोष्ठी का मुख्य विषय शिक्षा के बदलते आयाम और शिक्षक की भूमिका NEP 2020 के संदर्भ में रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। इसके पश्चात सेमिनार संयोजक प्रो देवेश त्यागी द्वारा सेमिनार के विषय में जानकारी साझा की गई। प्रबंध समिति सचिव डॉ एम के बंसल ने अपने स्वागत भाषण मे सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षक राष्ट्र का निर्माता है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर की कुलपति प्रो. विमला वाई रहीं। प्रो संजीव कुमार द्वारा उनका परिचय पढ़ा गया। प्रो विमला वाई ने अपने संबोधन में नई शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन में शिक्षकों को धुरी बताते हुए राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को रेखांकित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे फुपुक्टा महामंत्री प्रो. प्रदीप कुमार सिंह का परिचय प्रो अमित मलिक के द्वारा पढ़ा गया। प्रो प्रदीप सिंह ने शिक्षकों के हितों और उनकी बदलती भूमिका पर विचार साझा किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंध समिति के अध्यक्ष अमित कुमार के द्वारा की गई। इस अवसर पर मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय शिक्षक संघ द्धडैन्ज।ऋ की नवगठित कार्यकारिणी का आधिकारिक शपथ



ग्रहण समारोह भी संपन्न हुआ। संगोष्ठी के विशेष सत्र में मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय शिक्षक संघ द्धडैन्ज।ऋ के नवनिर्वाचित पदा. धिकारियों को फुपुक्टा महामंत्री प्रो। प्रदीप कुमार सिंह ने पद की शपथ दिलाई । शपथ ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से अध्यक्षरू डॉ जयविंदर तोमर, महामंत्री डॉ सुभाष चंद्रा, उपाध्यक्षरू डॉ. आभा सैनी, डॉ. दिनकर मलिक एवं डॉ. मनु गुप्ता, संयुक्त सचिव डॉ. सुभाष विकल एवं डॉ. ध्रुव गुप्ता, डॉ नीतू वर्मा, कोषाध्यक्षरू डॉ. वंदना शर्मा, फुपुक्टा प्रतिनिधि डॉ. टेशु शर्मा एवं डॉ पंकज उप्रेती रहे। कार्यक्रम के अंत में



कॉलेज के प्राचार्य प्रो. योगेश कुमार ने महाविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों को साझा करते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन संयोजक सचिव प्रो. संगीता वास्तव एवं डॉ सत्येंद्र कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के सैकड़ों प्राध्यापक और शोधार्थी उपस्थित रहे, जिन्होंने संगोष्ठी के दौरान अपने शोध पत्र और विचार साझा किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो नवीन शर्मा, प्रो विपिन जैन प्रो। रामकिशन शर्मा, डॉ। सतेंद्र कुमार, प्रो वेदपाल, प्रो ओम दत्त, डॉ राहुल शर्मा एवं अन्य सभी शिक्षकों तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

# स्वर्ण समाज का उत्पीड़न किया जा रहा है: राजपूत

**देवबन्द।** रेलवे रोड पर आयोजित कांग्रेस की बैठक में यूजीसी को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना की गई। पूर्व महासचिव कृष्णा राजपूत ने कहा कि भाजपा सरकार देश को विनाश की ओर धकेल रही है। यूजीसी बिल पर स्वर्ण समाज का उत्पीड़न किया जा रहा है और उन्हें अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ झूठ की राजनीति करती है। स्वर्ण समाज इसे उखाड़ फेंकने का काम करेगा। इस मौके पर सीमा, आशीष, शिवम, दीपक, हरीश और अशोक आदि शामिल रहे।

# नशे का इंजेक्शन लेने वाली वीडियो वायरल, पुलिस जांच में जुटी

**देवबन्द।** वन विभाग के जंगल में युवकों द्वारा खुद को नशे के इंजेक्शन लगाने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल रही है। यह वीडियो अहम इसलिए बन जाती, क्योंकि एक अप्रैल से श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मेला आरंभ हुआ है। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और युवतियां भी जाती हैं। जिस जगह की यह वीडियो बताई गई है, वह स्थान मेले के स्थान से मिला हुआ है। बताया गया है कि युवक नशे के इंजेक्शन लगाकर मेले में महिलाओं और युवतियों के साथ छेड़छाड़ भी कर रहे हैं। पुलिस का कहना है मामले की जांच कराई जा रही है।

# स्मार्ट मीटर पर संसद में गूंजा गरीबों का दर्द

## सांसद चंद्रशेखर के सवालों पर सरकार बैकफुट, ऊर्जा मंत्री बोले-जबरन नहीं लगेगा मीटर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** देशभर में तेजी से लगाए जा रहे स्मार्ट विद्युत मीटर को लेकर संसद में उस वक्त माहौल गर्म हो गया, जब सांसद चंद्रशेखर ने इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाते हुए आम जनता, विशेष रूप से दिहाड़ी मजदूरों की समस्याओं को सदन के सामने रखा। उन्होंने सरकार की नीतियों पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि जहां प्राइवेट कंपनियां 'पहले इस्तेमाल करो, फिर विश्वास करो' की बात करती हैं, वहीं वर्तमान व्यवस्था में गरीबों के सामने 'पहले बिल भरो, फिर बिजली' जैसी स्थिति बन गई है।

सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि देश में करोड़ों लोग ऐसे हैं जो रोजाना मेहनत करके दिहाड़ी कमाते हैं। कई बार उन्हें लगातार कई दिनों तक काम नहीं मिलता, जिससे उनकी आमदनी रुक जाती है। ऐसी स्थिति में यदि वे समय पर बिजली बिल जमा नहीं कर पाते हैं, तो उनकी बिजली आपूर्ति काट दी जाती है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब घर में अंधेरा होगा तो




बच्चों की पढ़ाई कैसे होगी, परिवार का दैनिक जीवन कैसे चलेगा और छोटे-छोटे काम कैसे पूरे होंगे।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर व्यवस्था के तहत उपभोक्ताओं पर अप्रत्यक्ष दबाव बनाया जा रहा है, जिससे उन्हें नई प्रणाली अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इस पर सरकार से स्पष्ट जवाब की मांग की गई।

सांसद के इन सवालों के जवाब में ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सदन में स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि देश में कहीं भी स्मार्ट मीटर जबरन नहीं लगाए जा रहे हैं। यह पूरी तरह से स्वैच्छिक (Optional) व्यवस्था है और उपभोक्ता की इच्छा पर आधारित है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति चाहे तो अपने पुराने मीटर सिस्टम को जारी रख सकता है।

ऊर्जा मंत्री ने आगे बताया कि यदि कोई उपभोक्ता पुराने मीटर से स्मार्ट मीटर पर शिफ्ट होता है, तो उसके द्वारा पहले जमा की गई सिक्योरिटी राशि को वापस करने का प्रावधान भी मौजूद है। इससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा।

हालांकि, इस पूरे मुद्दे ने देशभर में बहस को जन्म दे दिया है। सांसद चंद्रशेखर द्वारा संसद में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाने के बाद अब यह स्पष्ट हो गया है कि स्मार्ट मीटर को लेकर कोई बाध्यता नहीं है और उपभोक्ताओं के पास इसे अपनाने या न अपनाने का पूरा अधिकार है। इससे देशभर के करोड़ों उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

सांसद चंद्रशेखर ने इस मुद्दे को और व्यापक बनाते हुए कहा कि एशियाई देशों में चल रहे युद्ध के कारण गैस की कमी लगातार ऊंची बनी हुई हैं। ऐसे में बड़े शहरों में रहने वाले लाखों परिवार अब बिजली से चलने वाले चूल्हों पर निर्भर हो गए हैं, जो उनके लिए खाना बनाने का एक महत्वपूर्ण सहारा बन चुका है।

उन्होंने सदन में सवाल उठाया कि यदि किसी कारणवश बिजली आपूर्ति बाधित होती है या स्मार्ट मीटर के कारण कनेक्शन काट दिया जाता है, तो ऐसे परिवारों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ बिजली का मुद्दा नहीं, बल्कि आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी और भोजन जैसी मूलभूत जरूरतों से जुड़ा हुआ विषय है।

सांसद ने सरकार से मांग की कि इस संवेदनशील पहलू को ध्यान में रखते हुए ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे किसी भी परिस्थिति में गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को बिजली कटौती जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े।

### नगीना की जनता का आशीर्वाद, गरीबों की आवाज संसद तक: विवेक सेन

**धामपुर।** सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन ने बताया कि सांसद चंद्रशेखर आजाद यह सब नगीना लोकसभा क्षेत्र की जनता से मिले आशीर्वाद के कारण ही आज संसद में गरीबों, मजदूरों और आम लोगों की समस्याओं को मजबूती से उठा रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आगे भी सांसद चंद्रशेखर जनता की हर आवाज को इसी तरह सदन में प्रमुखता से उठाते रहेंगे।

# नजीबाबाद प्रीमियर लीग: रोडवेज की टीम ने जीता सेमीफाइनल मैच

## बार एसोसिएशन को हराकर फाइनल में बनाई जगह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद प्रीमियर लीग सीजन-4 क्रिकेट टूर्नामेंट के छठे दिन सेमीफाइनल मुकाबले में रोडवेज टीम ने बार एसोसिएशन को 56 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। नेशनल एंटी करप्शन सोल्जर ट्रस्ट द्वारा आयोजित यह टूर्नामेंट नजीबाबाद में खेला जा रहा है।



रोडवेज टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने निर्धारित 18.2 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 178 रन बनाए। जवाब में बार एसोसिएशन की टीम 15.1 ओवर में 122 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

रोडवेज टीम की ओर से भूपेंद्र ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 29 गेंदों पर 64 रन बनाए, जबकि अनुज ने 11 गेंदों में 21 रनों का योगदान दिया। बार एसोसिएशन के लिए तल्हा ने 24 रन बनाए और 3 विकेट भी लिए।

भूपेंद्र को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया, वहीं तल्हा को 'फाइटर ऑफ द मैच' का खिताब मिला। ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल ने विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की।

मैच अंपायर फाजिल अली और संतोष सिंह की देखरेख में खेला गया। मैच से पहले अंपायर फाजिल अली ने झंडारोहण किया, जिसके बाद प्रकृति अग्रवाल, शगुन प्रजापति, मायांशी कश्यप, यशस्वी, ईशानी, परविंदर कौर और इशिका सहित अन्य बच्चों ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। मौहम्मद अहसान और सुखदेव सिंह ने मैच की कमेंट्री की।

टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल मैच कल बैंक विभाग और तहसील टीम के बीच खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट का सीधा प्रसारण यूट्यूब के जीटी स्पोर्ट्स चैनल पर किया जा रहा है।

इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल के साथ अल्ताफ हुसैन, दानिश मंसूरी, विनीत कुमार विक्की, आदित्य विक्की, हिना अग्रवाल, विनीता, सरदार जसपाल सिंह, नरेश चंद, राजेश और सोनू कश्यप सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**सम्बंध विच्छेद**

मेरा पुत्र संजय मेरे कहने सुनने में नहीं है उसके गलत आचरण के कारण मैंने अपने पति के जीवनकाल में ही सन 2012 में संजय को उसकी सम्पत्ति का हिस्सा दे दिया था। समय समय पर गांव में आकर मुझे व मेरे परिवार को तंग व परेशान करता रहता है। जबकि मेरा व मेरे परिवार का उसके साथ कोई किसी प्रकार का कोई सम्बंध नहीं है। तथा मैंने अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बंध विच्छेद कर लिये है।

श्रीमति सरोज पत्नी स्व. रामपाल
निवासी ग्राम केन्दूकी थाना देवबन्द
जिला सहारनपुर

**सम्बंध विच्छेद**

मेरा पुत्र प्रवीण कुमार व पुत्रवधू सपना मेरे कहने सुनने में नहीं है तथा उनके गलत आचरण के कारण मैंने दोनों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में इन दोनों के द्वारा किए गए किसी भी गलत कार्य के लिए यह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

श्याम सुंदर उर्फ लिल्लू पुत्र पलटूराम
निवासी ग्राम फतेहपुर कला थाना
देवबंद जिला सहारनपुर

# फरजंद अली का गृह नगर आने पर स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** पीसीएस-2024 में 109वीं रैंक प्राप्त कर प्रथम बार गृह नगर लौटे फरजन्द अली का नगरवासियों ने फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। स्थानीय पत्रकारों ने भी उन्हें शॉल व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्राप्त समाचार के अनुसार आज गृह नगर की चुंगी नंबर पांच पर पहुंचे फरजन्द अली का नगरवासियों ने फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया। बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उनकी उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया।

फरजन्द अली ने आभार व्यक्त करते हुए अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और कोचिंग सेंटर को दिया। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास से ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने छात्रों से पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने और अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया।

इस दौरान हाजी फहीम अंसारी, पूर्व सभासद वजीर अंसारी, अफसर अंसारी, अब्दुल्ला उर्फ सद्दू, कांग्रेस नेता फुरकान महमूद अंसारी, केसर अंसारी, सुब्हान अंसारी, शाकिर अंसारी, नासिर अंसारी, लियाकत अंसारी, अबरार अहमद, शफक्कत एस भारती, अजीज अंसारी, नौशाद अंसारी, शेख इल्यास, मौहम्मद यासीर, मौहम्मद शादाब, पीएस चौहान, अफरोज खान सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# दिल्ली की लगातार दूसरी जीत

**नई दिल्ली।** आईपीएल के 8वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने 5 बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को 6 विकेट से हरा दिया। यह डीसी की लगातार दूसरी जीत है।

शनिवार को अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बालिंग का फैसला किया। मुंबई ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 162 रन बनाए। 163 रन का टारगेट दिल्ली ने 4 विकेट खोकर 18.1 ओवर में हासिल कर लिया। दिल्ली के लिए इम्पैक्ट प्लेयर समीर रिजवी ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 51 बाल पर 90 रन बनाए। उनकी सीजन में यह लगातार दूसरी और आईपीएल की लगातार फिफ्टी है। उनके अलावा पाथुम निसांका ने 44 और डेविड मिलर ने नाबाद 21 रन का योगदान दिया। मुंबई के लिए दीपक चाहर, कार्बिन बाश और मिचेल सैंटनर को 1-1 विकेट मिला। वहीं, नीतीश राणा को जसप्रीत बुमराह ने रन आउट किया। इससे पहले, एमआई के लिए स्टैंड -इन कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अर्धशतक (51 रन) लगाया। उनके अलावा रोहित शर्मा ने 35, नमन धीर ने 28 और मिचेल सैंटनर ने नाबाद 18 रन बनाए। डीसी के लिए मुकेश कुमार ने 2 विकेट लिए। अक्षर पटेल, लुंगी एनगिडी, विपराज निगम और टी नटराजन को 1-1 विकेट मिला। मुंबई इंडियंस के रेगुलर कप्तान हार्दिक पंड्या आज के मैच में नहीं खेले। टास के समय सूर्यकुमार यादव ने बताया कि हार्दिक पूरी तरह फिट नहीं हैं, इसलिए आज वे टीम की कमान संभाल रहे हैं। 18वें ओवर की पहली बाल पर डेविड मिलर ने शानदार चौका जड़ा। इसी शाट के साथ दिल्ली 6 विकेट से जीत गई। कार्बिन बाश ने दिल्ली कैपिटल्स को बड़ा झटका देते हुए समीर रिजवी की शानदार पारी का अंत किया। रिजवी ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 51 गेंदों में 90 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 7 छक्के शामिल रहे। हालांकि इस बार वे शाट को सही तरह से प्लेस नहीं कर पाए और गेंद सीधे तिलक वर्मा के हाथों में चली गई। आउट होने के बाद डेविड मिलर और रायनन रिकेल्टन ने उनकी बेहतरीन पारी की सराहना की।



समीर रिजवी ने 90 रन बनाए, पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को छह विकेट से हरा दिया

# हम बाहरियों को प्रभावित नहीं करना चाहते: श्रेयस

**चेन्नई।** पंजाब किंग्स के कप्तान ने कहा कि हमने ड्रेसिंग रूम में फैसला किया है कि चाहे कुछ भी हो जाए हम एक ब्रांड वाली क्रिकेट खेलेंगे जो एक-दूसरे को प्रभावित करने वाली होगी, न कि बाहर के लोगों को।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के सातवें मुकाबले में पंजाब किंग्स ने 200 से अधिक रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक नौवीं बार पीछा किया है। इस टूर्नामेंट में यह किसी टीम द्वारा सर्वाधिक बार किया गया कारनामा है और वे यहां तक चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पांच विकेट की जीत के साथ पहुंचे हैं। मुकाबला जीतने के बाद श्रेयस ने कहा, ष्हमने ड्रेसिंग रूम में ए निर्णय लिया है कि चाहे कुछ भी हो जाए हम एक ब्रांड वाली क्रिकेट खेलेंगे जो एक-दूसरे को प्रभावित करने वाली होगी, न कि बाहर के लोगों को। इससे जब हम मैच खेलते हैं तो हमें भी एक तरह से काफी कुछ साफ पता रहता है। साधारण तौर पर ड्रेसिंग रूम के अंदर के लोगों को चैलेंज करना है न कि बाहर के लोगों को।ष उन्होंने कहा, ष्मुझे खुशी हो रही है कि पहले दो मैचों में ही सबको बल्लेबाजी करने का मौका मिला है। इससे टीम का आत्मविश्वास भी बहुत बढ़ जाता है। जब भी हम दबाव कि स्थिति में होते हैं तो लोगों को पता है कि इससे कैसे निपटना है। मेरे खडाल से बल्लेबाजी के लिए पिच अच्छी थी, लेकिन तीन ओवर में 25 रन के साथ हमने अच्छी शुरुआत की थी। अचानक उन्होंने वहां से तेजी पकड़नी शुरू कर दी। लेकिन अहम ए था कि हम शांत रहें। इसके साथ ही ओवर रेट भी ऐसी चीज है जिस पर हमें ध्यान रखना होगा क्योंकि अंतिम दो ओवरों में यदि पांच फील्डर अंदर रहेंगे तो आपको ये पता होता है कि एक ही लाइन पर गेंदबाजी करनी है। हमें केवल इसी चीज पर फोकस रखना है।



### श्रेयस अय्यर पर लगा 24 लाख का जुर्माना

**चेन्नई।** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर जुर्माना लगाया गया है, क्योंकि उनकी टीम ने चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ टाटा आईपीएल 2026 के मैच नंबर 7 के दौरान धीमी ओवर-रेट बनाए रखी। चूंकि आईपीएल की आचार सं. हता के अनुच्छेद 2-22 के तहत यह उनकी टीम का इस सीजन का दूसरा अपराध था - जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है - इसलिए अय्यर पर 24 लाख का जुर्माना लगाया गया। प्लेइंग ग्प के बाकी सदस्यों पर, जिसमें इम्पैक्ट प्लेयर भी शामिल है, या तो 6 लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाएगा।

# आरबीसी के खिलाफ सीएसके को करनी होगी वापसी

**बेंगलुरु।** क्रिकेट सिर्फ बल्ले और गेंद का खेल होता, तो कोई इसे इतने ड्रामे के साथ लिखने की जहमत नहीं उठाता। लेकिन फिर, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम चेन्नई सुपर किंग्स कभी भी सिर्फ क्रिकेट नहीं रहा है। यह एक नाटक है, और कभी-कभी, आंकड़ों के साथ परोसा गया दिल टूटने का एहसास भी।

इस लंबी चलने वाली गाथा का ताजा एपिसोड चिन्नास्वामी स्टेडियम में आ रहा है, एक ऐसी जगह जहां बाउंड्री छोटी हैं, खिलाड़ियों का मिजाज और भी छोटा है, और गेंदबाज अक्सर ऐसे लोगों की तरह दिखते हैं जिन्होंने जदिगी में कोई गलत मोड़ ले लिया हो। बेंगलुरु एक खास तरह के अंदाज के साथ मैदान में उतरता है, ऐसा अंदाज जो चेन्नई के खिलाफ हाल के मुकाबलों में एक बार नहीं, दो बार नहीं, बल्कि लगातार तीन बार जीतने से आता है। क्रिकेट की भाषा में, इसे मोमेंटम (गति) कहा जाता हैद्ध इंसानी भाषा में, इसे आत्मविश्वास कहा जाता है जो कभी-कभी घमंड की हद तक पहुंच जाता है। दूसरी ओर, चेन्नई एक ऐसे अनुभवी सज्जन की तरह आती है जिसने अपना चश्मा कहीं खो दिया हो। उन्हें पता है कि क्या करना है, उन्हें याद है कि यह कैसे करना है, लेकिन किसी तरह, इस सीजन के शुरुआती मैचों में इसे ठीक से कर पाना उनके लिए मुश्किल रहा है। दो हारों ने पहले ही दबे-छिपे सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं, ऐसे सवाल जो पहले तो विनम्रता से पूछे जाते हैं, और फिर जब नतीजे बेहतर नहीं होते तो जोर से दोहराए जाते हैं। बेंगलुरु की बल्लेबाजी कुछ ऐसी रही है कि दर्शक गेंदबाजों के अस्तित्व को ही भूल जाते हैं। विराट कोहली एक बार फिर इस उथल-पुथल के बीच एक मजबूत सहारा बने हैं, और इतनी सहजता से पारी को संभालते हैं कि यह एक रस्म जैसा लगने लगता है। देवदत्त पडिक्कल ने अपनी निडर बल्लेबाजी से टीम में युवा जोश भरा है, जबकि रजत पाटीदार ने दिखाया है कि पारी को खत्म करना (फिनिशिंग) सिर्फ एक कला नहीं, बल्कि एक बयान भी है। साथ मिलकर, उन्होंने बेंगलुरु को तेज शुरुआत करने और उससे भी तेज अंत करने की सहूलियत दी है। उनके पीछे एक सहायक टीम है जो सिर्फ सहायक बनकर रहने से इनकार करती है। फिलिप सॉल्ट अपने इरादे जाहिर करते हैं, जितेश शर्मा टीम को लचीलापन देते हैं, टिम डेविड एक ऐसे शांत लेकिन खतरनाक खिलाड़ी की तरह आते हैं जो छोटी-मोटी बातों के बजाय छक्के मारना ज्यादा पसंद करता है। रोमा. रियो शेफर्ड अपनी ताकत और मोमेंटम, दोनों से टीम में योगदान देते हैं। क्रुणाल पांड्या, जो हमेशा से एक उपयोगी ऑलराउंडर रहे हैं, अपनी शांति से टीम के सभी हिस्सों को एक साथ जोड़ते हैंद्ध उनकी यह शांति बताती है कि उन्होंने इस खेल को इतना करीब से देखा है कि अब इस खेल में आने वाली कोई भी चुनौती उन्हें हैरान नहीं कर सकती। उनके गें. दबाज भी सिर्फ दर्शक बनकर नहीं रहे हैं। जैकब डफी ने अपनी अनुशासित और असरदार गेंदबा. जी से तुरंत ही अपनी छाप छोड़ी, और अहम मौकों पर विकेट चटकाए। भुवनेश्वर कुमार, जो एक पुरानी घड़ी की तरह भरोसेमंद हैं, ने गेंदबाजी को कसी हुई रखा है, जबकि सहायक गें. दबाजों ने यह सुनिश्चित किया है कि विरोधी टीम कभी भी पूरी तरह से सहज न हो पाए। चेन्नई की बल्लेबाजी की कहानी कुछ और ही है-एक ऐसी कहानी जिसमें उम्मीद तो है, लेकिन उसमें निरंत. रता की कमी आड़े आती रहती है। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ पर पारी की शुरुआत को सही दिशा देने की जम्मिेदारी है, जबकि संजू सैमसन अपनी कलात्मकता और किसी भी शांत ओवर को एक धमाकेदार ओवर में बदलने की क्षमता लेकर आते हैं। आयुष म्हात्रे ने एक आत्मविश्वास से भरी अर्धशतकीय पारी खेलकर पहले ही अपनी काबिलियत की झलक दिखा दी है, और सरफराज खान अपनी तेज-तर्रार बल्लेबाजी से मध्यक्रम में एक अलग ही तरह का रोमांच और अप्रत्याशितता जोड़ते हैं। हालांकि, शिवम दुबे इस टीम में सबसे दिलचस्प खिलाड़ी बने हुए हैं। उनकी जब चाहें तब बाउंड्री पार करने की क्षमता उन्हें एक हथियार भी बनाती है और एक चेतावनी भी। चिन्नास्वामी जैसे मैदान पर, जहां गेंद सोच से भी ज्यादा तेजी से बाउंड्री की ओर भागती है, उनका किरदार और भी ज्यादा अहम हो जाता है। अगर वह क्रीज पर ज्यादा देर तक टिके रहते हैं, तो वह किसी की भी परवाह किए बिना पूरे मैच का रुख पलटने की क्षमता रखते हैं। बाकी के बल्लेबाज टीम को गहराई तो देते हैं, लेकिन उनमें हमेशा निरंतरता देखने को नहीं मिलती। चेन्नई के सामने चुनौती प्रतिभा की कमी नहीं है, बल्कि सही समय पर उस प्रतिभा को एकजुट होकर प्रदर्शन में बदलने की है। आखिर, क्रिकेट सिर्फ अलग-अलग खिलाड़ियों का जमावड़ा नहीं है, बल्कि उन खिलाड़ियों के बीच आपसी तालमेल और संवाद का खेल है। गेंदबाजी के मोर्चे पर, चेन्नई की टीम थोड़ी कमजोर नजर आई है। तेज गेंदबाजों में मैट हेनरी सबसे ज्यादा भरोसेमंद साबित हुए हैंद्ध उन्होंने विकेट तो चटकाए हैं, लेकिन अक्सर उन्हें अपने साथी गेंदबाजों से अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पाया है।



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम चेन्नई सुपर किंग्स कभी भी सिर्फ क्रिकेट नहीं रहा है, यह एक नाटक है, और कभी-कभी, आंकड़ों के साथ परोसा गया दिल टूटने का एहसास भी

# पीठ की चोट के अंतिम स्कैन के लिए आस्ट्रेलिया लौटे कमिंस

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के नियमित कप्तान पैट कमिस अपनी पीठ की चोट के अंतिम स्कैन के लिए ऑस्ट्रेलिया लौट गए हैं।



पिछले साल जुलाई से ही मैदान से दूर चल रहे कमिस इस बीच केवल एक एशेज टेस्ट खेल पाए थे। अब आईपीएल 2026 के बीच में ही वह अपनी इंजरी का अपडेट लेने के लिए टीम कैंप छोड़कर ऑस्ट्रेलिया रवाना हो गए हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो की जानकारी के अनुसार, यह स्कैन पहले से ही तय था और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्धसीएऋ की देखरेख में किया जाएगा। गुरुवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच खत्म होने के बाद कमिस भारत से रवाना हुए। अगर रिपोर्ट सही आती है और बोर्ड से मंजूरी मिलती है, तो उनके 17 अप्रैल तक वापस टीम से जुड़ने की संभावना है। यह पूरी कवायद टीम की पुरानी योजना का हिस्सा है। कमिस ने आईपीएल शुरू होने से पहले ही साफ कर दिया था कि, ष्अगर स्थिति अनुकूल रही, तो मैं टूर्नामेंट के दूसरे हाफ और नॉकआउट मुकाबलों द्धयदि एसआरएच पहुंचती हैऋ में खेलता नजर आऊंगा।ष वह टूर्नामेंट के आगाज से ही टीम के साथ थे और नेट सत्र में गेंदबाजी का अभ्यास भी कर रहे थे। हैदराबाद ने अपना पहला मैच 28 मार्च को बेंगलुरु में आरसीबी के खिलाफ खेला था। कमिस की गैर-मौजूदगी में इशान किशन ही टीम की कमान संभालना जारी रखेंगे। उन्हें कप्तान तब नियुक्त किया गया था, जब यह साफ हो गया था कि पैट शुरुआती मैचों के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। कमिस आखिरी बार पिछले साल दिसम्बर में तीसरे एशेज टेस्ट में एक्शन में दिखे थे।

जुलाई में पहली बार उनकी पीठ में तकलीफ शुरू हुई थी। हालांकि, उन्होंने इस साल टी20 विश्व कप खेलने की उम्मीद जताई थी, लेकिन रिकवरी के दौरान एक ष्मामूली झटकेष की वजह से उन्हें बाहर बैठना पड़ा। भारत आने से कुछ दिन पहले कमिस ने बिजनेस ऑफ स्पोर्ट्स पॉडकास्ट पर अपनी चोट को लेकर बात की थी।


# न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका से 2-1 से जीती वनडे सीरीज

**बेसिन रिजर्व।** न्यूजीलैंड ने शनिवार को वेलिगटन के बेसिन रिजर्व में खेले गए तीसरे वनडे में दक्षिण अफ्रीका को 66 रनों से हराकर महिला वनडे सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली।

मैडी ग्रीन के शतक की मदद से न्यूजीलैंड ने खराब शुरुआत से उबरते हुए वापसी की, जब टीम का स्कोर 3 विकेट पर सिर्फ 3 रन था। इस पतन की शुरुआत टुमी सेखुखुने ने की, जिन्होंने सूजी बेट्स और अमेलिया केर, दोनों को आउट किया, जबकि अयांडा लुबी ने जॉर्जिया प्लिमर को पवेलियन भेजा। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका शुरुआती बढ़त का फायदा नहीं उठा पाई, क्योंकि ग्रीन और ब्रुक हॉलिडे के बीच 211 रनों की विशाल साझेदारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने मैच में वापसी कर ली। ग्रीन 141 रनों पर नाबाद रहीं, जबकि हॉलिडे अपने शतक से सिर्फ दो रन पीछे रह गईंद्ध इस तरह न्यूजीलैंड ने 306/7 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में, दक्षिण अफ्रीका ने अच्छी शुरुआत की और उसके ओपनरों ने मिलकर 68 रनों की साझेदारी की। इसके बाद कप्तान लॉरा वोल्वार्ट और एनेरी डर्कसेन के बीच 77 रनों की एक और साझेदारी हुई, जिसने प्रोटियाज को मैच पर अपनी पकड़ बनाए रखने में मदद की। हालांकि, 26वें ओवर में वोल्वार्ट के आउट होते ही दक्षिण अफ्रीका की पारी लड़खड़ा गई और टीम का स्कोर 145/1 से गिरकर 154/4 हो गया। पारी को संभालने की तमाम को. शिशों के बावजूद, नियमित अंत. राल पर विकेट गिरते रहने के कारण लक्ष्य का पीछा करने की प्रक्रिया पटरी से उतरती रही।

# वरिष्ठ खेल पत्रकार संतोष सूरी का दिल दौरा पड़ने से निधन

**लखनऊ।** वरिष्ठ खेल पत्रकार एवं टॉइम्स ऑफ इंडिया लखनऊ के पूर्व खेल संपादक संतोष सूरी का शनिवार को हृदयाघात के कारण निधन हो गया। वह करीब 68 वर्ष के थे। परिजनो से मिली जानकारी के अनुसार आज भोर करीब तीन बजे उन्हे सीने में दर्द की शिकायत पर गोमतीनगर स्थित डा राममनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



उनका अंतिम संस्कार गोमती नगर स्थित बैकुंठ धाम में कर दिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पत्रकार और खेल जगत से जुड़ी हस्तियों ने उन्हे अश्रुपूरित नेत्रों से श्रद्धाजंलि अर्पित की। खेल पत्रकार जगत में परफेक्ट जेंटलमैन की पहचान रखने वाले सूरी 1984 में टाइम्स ऑफ इंडिया के लखनऊ संस्करण से जुड़े थे हालांकि 2016 में रिटायरमेंट के बाद वह मिड डे के साथ जुड़ कर लगातार क्रिकेट की रिपोर्टिंग कर रहे थे। अपने लगभग छह दशक के करियर में उन्होंने क्रिकेट विश्वकप समेत कई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं को कवर किया। सूरी को खेल जगत से जुड़ी हर छोटी बड़ी घटनाओं का विश्लेषण सरल और सटीक अंदाज में करने की महारथ हासिल थी। उत्तर प्रदेश क्रिकेट और यहां के कई उदईमान क्रिकेटरों के बारे में उन्हे इतना गहरा ज्ञान था कि उन्हे यूपी क्रिकेट का इन्साइक्लोपीडिया कहा जाता था। उनके साथी और वरिष्ठ पत्रकार असीम मुखर्जी और सैयद सबूर मोहम्मद का कहना है कि सूरी यूपी क्रिकेट पर एक किताब लिखना चाहते थे। जर्मनी के बर्लिन में 1958 में जन्मे सूरी ने बैंगलोर में पत्रकारिता का ककहरा सीखा था हालांकि गुजरात के जामनगर और पंजाब के पटियाला में भी उन्होंने काफी समय गुजारा। सूरी पत्रकारिता के अलावा क्रिकेट खेलने के भी शौकीन थे। उन्होंने स्कूल क्रिकेट के अलावा कई क्रिकेट क्लबों में मध्यम तेज गेंदबाज के तौर पर प्रतिनिधित्व किया था। पूर्व भारतीय बल्लेबाज नवजोत सिंह सिद्धधू के साथ भी उन्होंने क्रिकेट खेला जबकि नब्बे के दशक में लोकप्रिय शीशमहल क्रिकेट

# एसआरएच की नजर बड़े स्कोर पर, एलएसजी को वापसी की तलाश

**हैदराबाद।** भारत में क्रिकेट, ज्यादातर अहम चीजों की तरह, शायद ही कभी सीधी रेखा में चलता है। यह कभी टेढ़ा-मेढ़ा चलता है, कभी चौंकाता है, कभी तारीफ बटोरता है, और कभी-कभी उन लोगों को भी जमीन दिखा देता है जो सोचते हैं कि उन्होंने इसे पूरी तरह समझ लिया है।

हैदराबाद की एक गर्म दोपहर में, दो टीमें बहुत अलग-अलग तरह के बोझ लेकर मैदान में उतर रही हैं- एक के पास आत्मविश्वास का बोझ है, तो दूसरी के पास सुधार करने का। सनराइजर्स हैदराबाद इस मुकाबले में उस टीम के सहज आत्मविश्वास के साथ उतर रही है जिसने अपनी बैटिंग की लय पा ली है। उनके हालिया प्रदर्शन निडर स्ट्रोकप्ले और लगातार आक्रामक इरादों पर आधारित रहे हैं। अभिषेक शर्मा सबसे बेहतरीन योगदान देने वालों में से एक रहे हैं, उन्होंने तेज गति से रन बनाए हैं और पारी की शुरुआत में ही टीम के लिए माहौल तैयार कर दिया है। उनके आक्रामक रवैए ने यह पक्का किया है कि हैदराबाद शायद ही कभी अपनी पारी की शुरुआत रक्षात्मक अंदाज में करती है। उनके साथ, ट्रैविस हेड ने अपनी साफ और जोरदार हिटिंग से इस आक्रामकता को और भी मजबूत बनाया है। दोनों ने मिलकर एक ऐसा टॉप ऑर्डर बनाया है जो सिर्फ पारी को आगे ही नहीं बढ़ाता, बल्कि शुरू से ही विरोधी टीम के गेंदबाजी आक्रमण पर हावी हो जाता है। मिडिल ऑर्डर में, हेनरिक क्लासेन ने टीम को स्थिरता और पारी को फर्निनिश करने की ताकत दी है। पिछले मैच में उनके शांत स्वभाव के साथ बनाए गए अर्धशतक ने उनके संयम और टाइमिग, दोनों गुणों को दिखाया( यही वो गुण हैं जिन्होंने इस सीजन में हैदराबाद की सफलता में उन्हें एक अहम खिलाड़ी बनाया है। यहां तक कि उनके कप्तान, ईशान किशन ने भी टीम को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका निभाई है)। उन्होंने कप्तानी और बैटिग, दोनों जम्मिेदारियों को पूरी लगन के साथ निभाया है। कुल मिलाकर, हैदराबाद लगातार 200 से ज्यादा का स्कोर बना रही है यह एक ऐसा ट्रेंड है जो न सिर्फ उनकी अच्छी फॉर्म को दिखाता है, बल्कि उनकी खेल की सोच को भी जाहिर करता है। हालांकि, उनकी गेंदबाजी की कहानी थोड़ी ज्यादा उलझी हुई है। जहां जयदेव उनादकट और ईशान मलिगा जैसे खिलाड़ियों ने बीच-बीच में असरदार गेंदबाजी करते हुए कुछ अहम विकेट लिए हैं, वहीं पूरी गें. दबाजी यूनिट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की कमी दिखी है। रन काफी ज्यादा दिए गए हैं, खासकर पावरप्ले में, और टीम अक्सर अपनी बैटिग की ताकत पर निर्भर रहती है ताकि गेंदबाजी की इन कमियों की भरपाई की जा सके। दूसरी तरफ लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम है, जो इस सीजन के शुरुआती दौर में अभी भी अपनी लय और तालमेल की तलाश में है। उनके अभियान की शुरुआत हार के साथ हुई थीद्ध उस मैच में उनकी बैटिंग लाइन. अप लड़खड़ा गई थी और खिलाड़ी कोई बड़ी पार्टनरशिप नहीं बना पाए थे, जिसके चलते गें. दबाजों के पास बचाव के लिए काफी कम स्कोर बचा था। अब सारी जम्मिेदारी ऋषभ पंत के कंधों पर आ गई हैद्ध उनकी कप्तानी और बैटिग की फॉर्म ही लखनऊ के भविष्य को तय करने में सबसे अहम भूमिका निभाएगी। उन्हें न केवल पारी को संभालना होगा, बल्कि उस टीम में आत्मविश्वास भी जगाना होगा जो अभी तक पूरी तरह से जम नहीं पाई है। उनके साथ, मिशेल मार्श और एडेन मार्करम से टीम को स्थिरता और ढांचा देने की उम्मीद है। दोनों के पास पारी को संभालने का अनुभव और संयम है, जिसकी कमी लखनऊ को अब तक खली है। मध्य क्रम में, निकोलस पूरन उनके सबसे विस्फोटक विकल्प बने हुए हैं।

उनकी तेजी से रन बनाने की क्षमता उन्हें किसी भी स्थिति में एक खतरनाक खिलाड़ी बनाती है, हालांकि उनका प्रभाव काफी हद तक उस आधार पर निर्भर करता है जो उनके लिए पहले से तैयार किया गया हो। अगर लखनऊ को एक प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा करना है, तो अब्दुल समद और अन्य जैसे सहयोगी खिलाड़ियों को आगे बढ़कर योगदान देना होगा। गेंदबा. जी के मामले में, लखनऊ के पास ज्यादा संतुलित आक्रमण है। मोहम्मद शमी अपने अनुभव और नियंत्रण के साथ तेज गेंदबाजी इकाई की अगुवाई करते हैं, और अक्सर उन्हें शुरुआती झटके देने का काम सौंपा जाता है। एनरिक नोर्त्जे अपनी तेज गति से गेंदबाजी करते हैं, जबकि मोहसिन खान ने बीच के ओवरों में अनुशासन बनाए रखने की क्षमता दिखाई है। अगर ए गेंदबाज अपनी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करते हैं, तो वे हैदराबाद जैसी मजबूत बल्लेबाजी लाइनअप को भी चुनौती दे सकते हैं। हैदराबाद में परिस्थितियां बल्लेबाजी के अनुकूल रहने की उम्मीद है। पिच पर गेंद सही उछाल के साथ आती है, जिससे स्ट्रोक लगाने वाले बल्लेबाज आत्मविश्वास के साथ गेंद की लाइन में आकर शॉट खेल पाते हैं। मैच के बाद के चरणों में स्पिनरों को कुछ मदद मिल सकती है, लेकिन कुल मिलाकर, यह मैदान बड़े स्कोर वाले मुकाबलों के लिए जाना जाता है।



हैदराबाद की एक गर्म दोपहर में, दो टीमें बहुत अलग-अलग तरह के बोझ लेकर मैदान में उतर रही हैं, एक के पास आत्मविश्वास का बोझ है, तो दूसरी के पास सुधार करने का



आगरा। कई गांवों में बारिश और ओलावृष्टि के बाद क्षतिग्रस्त हुए गेहूं की फसल को इकट्ठा करता मजदूर।

## अमेरिका की राजनीति में भारतीय मूल भागीदारी लगातार बढ़ रही

**वाशिंगटन।** अमेरिका की राजनीति में भारतीय मूल के लोगों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। इसी कड़ी में रिनी संपत ने इतिहास रचते हुए वाशिंगटन डीसी मेयर चुनाव के बैलेट में जगह बना ली है। वह इस पद के लिए बैलेट तक पहुंचने वाली पहली दक्षिण एशियाई उम्मीदवार बन गई हैं। तमिलनाडु के थेनी में जन्मी रिनी संपत बचपन में ही अमेरिका चली गई थीं। उन्होंने बताया कि यह उपलब्धि सिर्फ उनके लिए नहीं, बल्कि पूरे दक्षिण एशियाई समुदाय के लिए गर्व का पल है। रिनी ने कहा कि वह सात साल की उम्र में अमेरिकन ड्रीम को पूरा करने के लिए अमेरिका आई थीं। अब उनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यह सपना वाशिंगटन डीसी के हर नागरिक के लिए हकीकत बने।

# 23 साल बाद दुश्मन ने गिराया अमेरिकी फाइटर जेट

## अब तक ईरानी हमलों में अमेरिका के 7 विमान तबाह, तेहरान की रणनीति नहीं समझ पा रहा अमेरिका

**तेहरान।** ईरान जंग के एक महीने बाद ट्रम्प ने 2 अप्रैल को अमेरिकी जनता को संबोधित किया। 19 मिनट के भाषण में उन्होंने दावा किया कि अमेरिका ने ईरान की हवाई सेना को तबाह कर दिया है और उनके पास जवाब देने की क्षमता नहीं बची है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अमेरिका का ईरान के आसमान पर कब्जा हो चुका है।

उनके विमान तेहरान के ऊपर उड़ रहे हैं और ईरान कुछ नहीं कर पा रहा है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी ऐसे ही दावे किए। लेकिन हालात अब अलग कहानी बता रहे हैं। पिछले 24 घंटों में अमेरिका के दो सैन्य विमान और सर्च ऑपरेशन में लगे दो ब्लैकहाक हेलीकॉप्टर ईरान के हमले का शिकार हुए। 23 साल में पहली बार अमेरिकी लड़ाकू विमान दुश्मन की गोलीबारी में गिराए गए। इससे पहले 2003 में इराक युद्ध के दौरान ऐसा हुआ था। ईरानी मीडिया के मुताबिक सबसे पहले अमेरिकी एफ-5ई फाइटर जेट को मार गिराया गया। यह ईरान के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में उड़ान भर रहा था। एफ-5ई फाइटर जेट के क्रू को ढूंढने के लिए अमेरिकी विमान ।-10 अटैक एयरक्राफ्ट पहुंचा तो उस पर भी हमला हुआ। ए-10 हमले के बाद कुवैत के हवाई क्षेत्र तक पहुंच गया, जहां पायलट ने सुरक्षित तरीके से इजेक्ट किया। पायलट सुरक्षित है, हालांकि विमान कुवैत में क्रैश हो गया। एफ-5ई में दो क्रू मेंबर थे। इनमें से एक को सुरक्षित निकाल लिया गया है, जबकि दूसरा लापता है। ईरानी सरकारी मीडिया का कहना है कि पैराशूट के जरिए बाहर निकला यह क्रू सदस्य देश के दक्षिणी हिस्से में उतरने का अनुमान है। वहीं, एफ-5ई फाइटर जेट के रेस्क्यू के लिए 2 ब्लैकहाक हेलीकॉप्टर भेजे गए थे। उन पर भी हमला हुआ। हालांकि, इन पर मौजूद सभी अमेरिकी सैनिक सुरक्षित बताए जा रहे हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अमेरिका को ईरान के आसमान में बढ़त जरूर है, लेकिन पूरी तरह कंट्रोल नहीं है। ईरान का एयर डिफेंस सिस्टम कमजोर जरूर हुआ है, लेकिन पूरी तरह खत्म नहीं हुआ। अब सवाल यह है कि कमजोर एयर डिफेंस होने के बावजूद ईरान ने इतने एडवांस अमेरिकी विमानों को कैसे निशाना बनाया, इसका जवाब है ईरान की 'असिमेट्रिक वारफेयर' यानी अलग तरीके से युद्ध लड़ने की रणनीति। ईरान जानता है कि सीधे युद्ध में अमेरिका से मुकाबला करना मुश्किल है, इसलिए कम संसाधनों में ज्यादा नुकसान पहुंचाने की रणनीति अपना रहा है। वह अक्सर अमेरिका पर चौंकाने वाले हमले कर रहा है। यही वजह है कि जंग शुरू होने के 35 दिन बाद भी अमेरिका अभी भी ईरान की रणनीति को पूरी तरह समझ नहीं पाया है। एक्सपर्ट का मानना है कि अमेरिकी विमानों और हेलिकाप्टर पर हमले के पीछे मजीद एयर डिफेंस सिस्टम या कंधे से दागी जाने वाली मिसाइल (शोल्डर-फायर मिसाइल) हो सकती हैं। माना जा रहा है कि अमेरिकी विमान कम ऊंचाई पर उड़ रहे थे, इसलिए वे इन मिसाइलों की रेंज में आ गए।

■ पिछले 24 घंटों में अमेरिका के दो सैन्य विमान और सर्च ऑपरेशन में लगे दो ब्लैकहाक हेलीकॉप्टर ईरान के हमले का शिकार हुए



# अमेरिकी इतिहास के सबसे बड़े रक्षा बजट का प्रस्ताव

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वित्त वर्ष 2027 के लिए अमेरिकी इतिहास का सबसे बड़ा रक्षा बजट पेश किया है। ट्रम्प प्रशासन ने डेढ़ खरब डॉलर के रिकार्ड रक्षा बजट का प्रस्ताव पेश किया है। यह रक्षा बजट में 44 प्रतिशत की बड़ी वृद्धि है, जिससे पेंटागन के खर्च में खासी बढ़ोतरी होगी। रक्षा बजट बढ़ाने के लिए कई घरेलू कार्यक्रमों में कटौती करने की तैयारी है। व्हाइट हाउस ने अपने आधिकारिक बजट प्रस्ताव में कहा कि राष्ट्रीय रक्षा के लिए पहले दिए गए ऐतिहासिक 1 खरब डॉलर के बजट को आगे बढ़ाते हुए 2027 के लिए 1.5 खरब डॉलर की मांग की गई है, जो 44 प्रतिशत की वृद्धि है। अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि यह प्रस्ताव बढ़ते सुरक्षा दबावों के बीच अमेरिका की सैन्य बढ़त को बनाए रखने में मदद करेगा।

दस्तावेज में कहा गया कि 2027 का बजट इस वादे को सुनिश्चित करेगा कि अमेरिका दुनिया की सबसे शक्तिशाली और सक्षम सेना बनाए रखे। प्रस्ताव में लगभग 1.1 खरब डॉलर का आधारभूत रक्षा खर्च शामिल है, जबकि करीब 350 अरब डॉलर गोला-बारूद उत्पादन और रक्षा औद्योगिक ढांचे के विस्तार के लिए निर्धारित किए गए हैं। इस बजट का एक प्रमुख हिस्सा 'गोल्डन डोम' मिसाइल रक्षा प्रणाली विकसित करने के लिए रखा गया है। व्हाइट हाउस के अनुसार, गोल्डन डोम परियोजना को मजबूत वित्तीय समर्थन दिया जाएगा और इसे घरेलू सुरक्षा रणनीति के तहत प्राथमिकता मिलेगी। बजट में जहाज निर्माण के लिए 65.8 अरब डॉलर का प्रावधान भी किया गया है, जिसमें नए युद्धपोत और सहायक पोत बनाने की योजना है। साथ ही, सैन्य कर्मियों के वेतन में वृद्धि का भी प्रस्ताव है, जिसमें ई-5 और उससे नीचे के रैंक के जवानों के लिए 7 प्रतिशत वेतन बढ़ोतरी शामिल है। रक्षा खर्च में इस बढ़ोतरी के साथ अमेरिकी सरकार कई अन्य अहम कार्यक्रमों के बजट में कटौती की तैयारी कर रही है। आधिकारिक दस्तावेज के मुताबिक कि 2026 के गैर-रक्षा कार्यक्रमों की तुलना में बजट में 10 प्रतिशत की कटौती का प्रस्ताव है।



■ शिक्षा-विदेशी मदद में कटौती की तैयारी

# होर्मुज जलमरूडमध्य को तीन श्रेणी में बांटेगा ईरान

## देशों को 'शत्रु', 'तटस्थ' और 'मित्र' देशों के रूप में वर्गीकृत करने पर विचार कर रहा तेहरान

**तेहरान।** ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाज को तीन श्रेणी में बांटने की योजना बना रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान देशों को 'शत्रु', 'तटस्थ' और 'मित्र' देशों के रूप में वर्गीकृत करने पर विचार कर रहा है। इसके तहत 'शत्रु' देशों के जहाजों को हॉर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा, जबकि 'तटस्थ' देशों को वहां से गुजरने के लिए शुल्क देना होगा और मित्र देश को आसान या बिना रोक-टोक प्रवेश की अनुमति देगा।

उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल ने तेहरान सहित ईरान के कई ठिकानों पर हमले किए थे, जिससे जान-माल का नुकसान हुआ था। जवाब में ईरान ने इजरायली क्षेत्र और पश्चिमी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया था। ईरान के आसपास बढ़ते तनाव के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य की वास्तविक घेराबंदी की गई है। यह जलमार्ग फारस की खाड़ी के देशों से वैश्विक बाजार तक तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति का प्रमुख मार्ग है। इस स्थिति ने क्षेत्र में तेल उत्पादन और निर्यात के स्तर को भी प्रभावित किया है, जिससे अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें काफी बढ़ गई हैं। वहीं ईरान ने कहा है कि अगर वह अमेरिका के साथ बातचीत करने का फैसला करता है, तो इस बात की जानकारी रूस समेत अपने मित्र देशों को देगा। एक ईरानी राजनयिक सूत्र ने कहा कि अगर ईरान अमेरिका के साथ बातचीत करने का फैसला करता है, तो वह रूस समेत अपने दोस्तों को इसकी जानकारी देगा। सूत्र ने बताया कि ईरान इस मुद्दे पर रूस के प्रति पूरी पारदर्शिता दिखाने के लिए तैयार है। गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पहले कहा था कि अमेरिका और ईरान के बीच सार्थक बातचीत हुई है। वहीं, ईरानी विदेश मंत्रालय ने अमेरिका के साथ बातचीत से इनकार किया था, लेकिन कहा कि ईरान को मध्यस्थों के जरिए अमेरिका की ओर से संदेश मिले हैं, जिनमें संघर्ष को खत्म करने के लिए बातचीत शुरू करने की इच्छा जाहिर की गई है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान के कई ठिकानों पर हमले किए, जिनमें तेहरान भी शामिल था। इन हमलों से नुकसान हुआ और आम नागरिकों की जान भी गई। इसके बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई में इजरायली क्षेत्र और पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए।



### ईरान युद्ध में अब तक 365 अमेरिकी सैनिक घायल, 13 लोगों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध के दौरान अब तक कुल 365 अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं, जबकि 13 सैनिकों की मौत हुई है। बीसीसी ने अमेरिकी रक्षा विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के हवासे से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अभी तक यह तुरंत स्पष्ट नहीं है कि इन आंकड़ों में ईरान में हाल ही में एक अमेरिकी लड़ाकू विमान के मार गिराए जाने और लापता चालक दल को खोजने के लिए चलाए गए बचाव अभियान के दौरान घायल हुए सैनिक भी घायलों की इस सूची में शामिल हैं या नहीं। अमेरिकी रक्षा विभाग की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार मरने वालों की संख्या 13 ही बनी हुई है।

# जर्मनी में पुरुषों के देश छोड़ने पर लगी रोक

■ सरकार ने 17-45 साल आयुवर्ग के पुरुषों पर देश छोड़ने के मामले में पाबंदियां लगाई

**नई दिल्ली।** जर्मनी में 17 से 45 साल के पुरुषों की विदेश यात्रा को लेकर बड़ा बदलाव सामने आया है। सरकार ने नई व्यवस्था लागू की है, जिसके तहत इस आयु वर्ग के पुरुषों को तीन महीने से ज्यादा समय के लिए देश छोड़ने से पहले अनुमति लेनी होगी।

यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब जर्मनी अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, अब अगर कोई पुरुष तीन महीने से ज्यादा समय के लिए पढ़ाई, नौकरी या किसी अन्य कारण से विदेश जाना चाहता है, तो उसे जर्मन सेना यानी बुंडेसवेहर से मंजूरी लेनी होगी। यह नियम 1 जनवरी 2026 से लागू किया गया है। पहले यह नियम सिर्फ आपात स्थिति या युद्ध जैसे हालात में लागू होता था, लेकिन अब इसे सामान्य समय में भी लागू कर दिया गया है। नई व्यवस्था के तहत 17 से 45 साल के पुरुषों को लंबी अवधि के लिए विदेश जाने से पहले सैन्य प्राधिकरण से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। यह अनुमति बुंडेसवेहर के करियर सेंटर से मिलेगी। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि जरूरत पड़ने पर सेना के लिए योग्य लोगों की जानकारी और उपलब्धता बनी रहे। जर्मनी सरकार इस कदम को सैन्य मजबूती से जोड़कर देख रही है। सरकार का लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में सेना की संख्या बढ़ाई जाए। फिलहाल जर्मनी की सेना में करीब 1.84 लाख सैनिक हैं, जिसे बढ़ाकर 2035 तक 2.55 से 2.70 लाख तक करने की योजना है। ऐसे में संभावित सैनिकों का रिकार्ड रखना जरूरी माना जा रहा है। नई नीति के तहत 2008 या उसके बाद जन्मे युवाओं को सेना में रुचि से जुड़ा एक फार्म भरना होगा। यह पुरुषों के लिए अनिवार्य है, जबकि महिलाएं स्वेच्छा से इसमें भाग ले सकती हैं। सरकार का उद्देश्य युवाओं को भविष्य की सैन्य जरूरतों के लिए तैयार रखना है। विशेषज्ञों का मानना है कि यूरोप में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच जर्मनी अपनी सुरक्षा नीति को मजबूत कर रहा है। कुछ विश्लेषकों ने यह भी कहा है कि जर्मनी नाटो में एक अहम भूमिका निभाता है, इसलिए उसे अपनी रक्षा क्षमता बढ़ाने की जरूरत है। इस नियम को लेकर कुछ लोगों ने चिंता भी जताई है कि इससे नागरिकों की स्वतंत्रता प्रभावित हो सकती है। पहले ऐसा नियम सिर्फ युद्ध या संकट के समय लागू होता था, लेकिन अब सामान्य हालात में भी इसे लागू करना एक बड़ा बदलाव माना जा रहा है।

# एपस्टीन मामले में बड़ा समझौता

■ 7.25 करोड़ डॉलर का बनाया गया फंड, एक साथ कई पीड़ित महिलाओं को मिलेगा मुआवजा

■ इस फंड का फायदा 60 से 75 महिलाओं को मिल सकता है: अदालत

**वाशिंगटन।** दुनियाभर में कुख्यात वित्त कारोबारी और दोषी यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन का घिनौना मामला लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। नए-नए खुलासों और दस्तावेजों ने दुनियाभर के कई बड़े नेताओं और अरबपतियों की नींद उड़ा दी है।

इसी बीच इस मामले में बैंक आफ अमेरिका और पीड़ित महिलाओं के वकीलों के बीच हुए समझौते के तहत 7.25 करोड़ डॉलर (करीब 600 करोड़ रुपये) का एक फंड बनाया गया है, जिससे पीड़ित महिलाओं को मुआवजा दिया जाएगा। अदालत के अनुसार, इस फंड का फायदा 60 से 75 महिलाओं को मिल सकता है, जिनका एपस्टीन ने 2008 के बाद यौन शोषण किया था। अमेरिकी जिला जज जेड एस. रैकाफ ने इस समझौते को शुरुआती मंजूरी दे दी है और अंतिम सुनवाई 27 अगस्त को होगी। उन्होंने यह भी कहा कि सभी पीड़ितों तक इस फंड की जानकारी पहुंचनी चाहिए, ताकि कोई भी छूट न जाए। मामले में पीड़ित महिलाओं के वकीलों का आरोप था कि बैंक आफ अमेरिका ने एपस्टीन के संदिग्ध लेनदेन को नजरअंदाज किया, जबकि वह 2008 से 2019 के बीच लड़कियों और महिलाओं का शोषण कर रहा था।

हालांकि बैंक ने आरोपों के बाद भी अपने बयान में कहा कि वह अपने पुराने रुख पर कायम है कि उसने किसी भी तरह के अपराध में मदद नहीं की, लेकिन इस समझौते से मामला खत्म होगा और पीड़ितों को कुछ राहत मिलेगी। जेफरी एपस्टीन को जुलाई 2019 में अवैध देह व्यापार के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, लेकिन अगस्त 2019 में न्यूयार्क की जेल में उसकी मौत हो गई, जिसे आत्महत्या बताया गया।

## ईरान के नए सर्वोच्च नेता रूस में नहीं हैं: राजनयिक स्रोत

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के रूस दौरे की कथित खबरें सही नहीं हैं और उनकी चोटें उनके काम में बाधा नहीं डाल रही हैं। एक राजनयिक स्रोत से शनिवार को यह जानकारी मिली। मार्च में कुवैत के समाचार पत्र 'अल-जरीदा' ने सूत्रों के हवाले से खबर दी थी कि ईरान के नए सर्वोच्च नेता हमले में घायल होने के बाद इलाज के लिए आपातकालीन स्थिति में रूस ले जाया गया था। सूत्रों ने बताया कि नए सर्वोच्च नेता कुछ घंटों के लिए भी रूस में नहीं रहे हैं। उनको आई चोटें गंभीर नहीं हैं और वे कामकाज में कोई बाधा नहीं डाल रही हैं।

# जंग के बीच पैसा बनाने में जुटे ट्रम्प के बेटे

## ड्रोन बनाने वाली कंपनी से जुड़े, एक्सपर्ट बोले: युद्ध से फायदा कमाने वाले पहले राष्ट्रपति

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक ड्रोन स्टार्टअप को लेकर विवाद खड़ा हो गया है, जिसमें राष्ट्रपति ट्रम्प के बेटे एरिक ट्रम्प और डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर जुड़े हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, फ्लोरिडा की पावरस कंपनी मिडिल ईस्ट के देशों को अपने ड्रोन सिस्टम बेचने की कोशिश कर रही है। ट्रम्प के बेटे एरिक ट्रम्प और डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर फरवरी के अंत में इस कंपनी से सलाहकार के तौर पर जुड़े थे, ये वही समय था जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर हमला किया था।

हालांकि दोनों को कंपनी में बड़ी हिस्सेदारी मिलने की उम्मीद है। पावरस से जुड़े अधिकारियों ने अबू धाबी में अधिकारियों से मुलाकात की है। बातचीत इस बात पर हुई कि यूएई को हथियार और ड्रोन डिफेंस सिस्टम बेचे जा सकते हैं, क्योंकि वह ईरान के खिलाफ अपने डिफेंस को और मजबूत करना चाहता है। इस घटना के बाद आलोचकों का कहना है कि राष्ट्रपति के परिवार के लोग युद्ध से फायदा कमा रहे हैं। पावरस के सह-संस्थापक ब्रेट वेलिकोविच ने बताया कि उनकी टीम खाड़ी के कई देशों में ड्रोन डेमो दिखा रही है, ताकि यह समझाया जा सके कि उनके इंटरसेप्टर ड्रोन ईरानी हमलों से बचाव में कैसे मदद कर सकते हैं। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि किन देशों में यह प्रदर्शन किया जा रहा है। वेलिकोविच ने कहा कि अमेरिका को चीन और रूस जैसे देशों से मुकाबले के लिए तेजी से ड्रोन तकनीक विकसित करनी होगी, नहीं तो वह पीछे रह जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ राजनीति नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। इस पूरे मामले से यह साफ होता है कि ईरान युद्ध के चलते ड्रोन और एंटी-ड्रोन सिस्टम की मांग बढ़ रही है। ईरान सस्ते ड्रोन का इस्तेमाल कर रहा है, जबकि अमेरिका और उसके सहयोगी महंगे मिसाइल सिस्टम से उन्हें गिराने की कोशिश करते हैं। इससे लागत का बड़ा अंतर पैदा हो रहा है। यही वजह है कि सस्ते और असरदार एंटी-ड्रोन सिस्टम बनाने वाली कंपनियों के लिए बड़ा मौका बन रहा है।

■ ट्रम्प के बेटे एरिक ट्रम्प और डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर फरवरी के अंत में इस कंपनी से सलाहकार के तौर पर जुड़े थे



# ईरान युद्ध में पाक को यूएई ने दिखाया आईना

## मध्यस्थता करने की कोशिश कर रहे इस्लामाबाद से वापस मांगा अपना 3.5 अरब डॉलर का कर्ज

**इस्लामाबाद।** ईरान और अमेरिका के बीच संघर्ष खत्म करने के लिए पाकिस्तान मध्यस्थता करने की कोशिश कर रहा है। हालांकि इस बीच यूएई ने उसे आईना दिखाते हुए अपना 3.5 अरब डॉलर का कर्ज वापस मांग लिया है। आर्थिक मोर्चे पर तंगहाली से जूझ रहे पाकिस्तान को संयुक्त अरब अमीरात के इस कदम से बड़ा झटका लगा है।

यूएई की तरफ से कर्ज चुकाने की अवधि को बार-बार बढ़ाया जा रहा था। हालांकि, शुक्रवार को आई मीडिया रिपोर्ट्स में साफ किया गया है कि यूएई ने पाकिस्तान से इस महीने के अंत तक सारा कर्ज वापस करने के लिए कहा है। मौजूदा समय में पाकिस्तान के पास विदेशी मुद्रा भंडार में 21 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि है। विदेशी मुद्रा भंडार की राशि से पाकिस्तान फिलहाल यूएई को कर्ज चुका सकता है, लेकिन आने वाले महीनों में देश को बाहरी वित्तीय मदद की आवश्यकता पड़ सकती है। हालांकि, पाकिस्तान दुनिया के अन्य देशों के सामने हाथ फैलाकर ही अपनी गाड़ी को आगे खींच रहा है। 31 मार्च 2026 तक पाकिस्तान ने आईएमएफ से लगभग 729 करोड़ डॉलर का कर्ज ले रखा है। ट्रेडिंग इकोनामिक्स के अनुसार, पाकिस्तान पर कुल विदेशी कर्ज दिसम्बर 2025 की दूसरी तिमाही तक लगभग 138 अरब डॉलर पहुंच गया है। आईएमएफ के अनुसार, पाकिस्तान वर्तमान में आईएमएफ के 7 अरब डॉलर के विस्तारित फंड सुविधा कार्यक्रम के तहत काम कर रहा है। जल्द ही आईएमएफ ने पाकिस्तान के लिए लगभग 1.2 अरब डॉलर की अगली किस्त जारी करने पर सहमति जताई। चीन पाकिस्तान का सबसे बड़ा कर्जदाता है। चीन ने पाकिस्तान को लगभग 29 अरब डॉलर का कर्ज दिया है। इसके अलावा सऊदी अरब ने करीब 9.16 अरब डॉलर की वित्तीय सहायता और जमा राशि के रूप में मदद दी है। प्रोफिट बाई पाकिस्तान के आंकड़ों के अनुसार, पाकिस्तान को अप्रैल 2026 में 1.3 अरब डॉलर के यूरोबान्ड का भुगतान भी करना है। पाकिस्तानी मीडिया डान की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारी ने बताया कि अबू धाबी ने रकम तुरंत वापस करने की मांग की थी।



## ईरान संघर्ष के पीछे लंदन की नीतियां भी जिम्मेदार: एंड्रे केलिन

**मॉस्को।** ब्रिटेन में रूस के राजदूत एंड्रे केलिन ने कहा है कि ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल की आक्रामक कार्रवाई के पीछे आंशिक रूप से लंदन की नीतियां जिम्मेदार हैं। केलिन ने रूस की समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती से बातचीत में कहा कि दरअसल, ईरान और पूरे क्षेत्र में हुई दुखद घटनाएं कई मायनों में लंदन की नीतियों का परिणाम हैं, जिसने वॉशिगटन में ईरान-विरोधी 'हॉक्स' का साथ दिया और संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) के पतन में योगदान दिया। रूस के राजदूत ने यह भी आरोप लगाया कि ब्रिटेन ईरान की जवाबी कार्रवाई की आलोचना करता है, लेकिन ईरानी नागरिकों के खिलाफ कथित युद्ध अपराधों की निंदा नहीं करता।

# सवालों के घेरे में ईरान युद्ध वार्ता में गतिरोध

■ क्या पाक मध्यस्थता से बाहर है, क्या भारत को इसमें शामिल होना चाहिए

नई दिल्ली। वर्तमान पश्चिम एशिया संकट, विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य के विवाद को सुलझाने के लिए ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच मध्यस्थता करने की पाकिस्तान की महत्वाकांक्षाएं विफल होती दिख रही हैं क्योंकि खबरों के अनुसार ईरान ने इस्लामाबाद में वार्ता करने से इनकार कर दिया है।

यद्यपि ईरान या अमेरिका-इजरायल की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि ईरानी अधिकारियों के इस प्रक्रिया को खारिज करने और तेहरान के मध्यस्थों को औपचारिक रूप से सूचित करने के बाद कि वह इस्लामाबाद की वार्ता में भाग नहीं लेगा, पाकिस्तान की भूमिका पर प्रश्नचिह्न लग गया है। इस कूटनीतिक गतिरोध के साथ, क्या इस्लामाबाद इस प्रक्रिया से बाहर है और भारत (ब्रिक्स अध्यक्ष के रूप में) इसमें शामिल होगा? यह प्रश्न अभी भी बना हुआ है। दोनों पक्षों के सीधे बयानों से बढ़ते कूटनीतिक अलगाव का संकेत मिलता है। ईरान के विदेश मंत्रालय और मुंबई स्थित इसके महावाणिज्य दूतावास ने पाकिस्तान के नेतृत्व वाली किसी भी मध्यस्थता में भाग लेने से इनकार किया है। ईरान ने पहले ही ट्रम्प प्रशासन की 15-सूत्रीय शांति योजना को खारिज कर दिया है, जो इस्लामाबाद के माध्यम से तेहरान भेजी गई थी। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि पाकिस्तान के मंच उनके अपने हैं, हमने उनमें भाग नहीं लिया। उन्होंने मध्यस्थों (पाकिस्तान) के माध्यम से दिए गए अमेरिकी प्रस्तावों को 'अत्यधिक, अनुचित और अवास्तविक' बताकर खारिज कर दिया है। दूसरी ओर, पाकिस्तान के विदेश मंत्री और उप-प्रधानमंत्री इशाक डार ने शुरू में 'सार्थक वार्ता' की मेजबानी के लिए तत्परता व्यक्त की थी और दावा किया था कि वाशिंगटन और तेहरान दोनों ने इस्लामाबाद की भूमिका पर विश्वास जताया है। पाकिस्तान विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने 2 अप्रैल को अपने प्रयासों में कुछ 'बाधाओं' को स्वीकार किया, हालांकि उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद अपना कूटनीतिक प्रयास जारी रखेगा। पाकिस्तान की मध्यस्थता विफल होने की खबरें केवल अटकलों पर नहीं, बल्कि ठोस तथ्यों पर आधारित हैं।

# ग्लोबल एनीमे अवॉर्ड्स में बतौर प्रेजेंटर नजर आएंगी रश्मिका

**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री रश्मिका मंदाना जापान के टोक्यो में होने वाले ग्लोबल एनीमे अवॉर्ड्स में बतौर प्रेजेंटर नजर आएंगी। अभिनेत्री रश्मिका मंदाना एक बार फिर इंटरनेशनल मंच पर छाने वाली हैं।रश्मिका मंदाना इंटरनेशनल लेवल पर एक बार फिर भारत को प्रस्तुत करने वाली हैं। वह इस साल टोक्यो में होने वाले ग्लोबल एनीमे अवॉर्ड्स में बतौर प्रेजेंटर नजर आएंगी। यह इवेंट 23 मई को जापान के टोक्यो शहर में आयोजित किया जाएगा। रश्मिका इससे पहले भी 2024 में इस अवॉर्ड शो का हिस्सा रह चुकी हैं और

**रश्मिका मंदाना इस साल टोक्यो में होने वाले ग्लोबल एनीमे अवॉर्ड्स में बतौर प्रेजेंटर नजर आएंगी, यह इवेंट 23 मई को जापान के टोक्यो शहर में आयोजित किया जाएगा।**

उस समय वह ऐसा करने वाली पहली भारतीय प्रेजेंटर बनी थीं। रश्मिका ने खुद इस खबर को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने लिखा कि वह एक बार फिर जापान जाकर एनीमे से जुड़े टैलेंटेड लोगों के साथ इस खास मौके को सेलिब्रेट करने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं। उल्लेखनीय है कि एनीमे अवॉर्ड्स दुनियाभर के कलाक. ारों, क्रिएटर्स और एनीमे लवर्स को एक साथ लाने वाला बड़ा प्लेटफॉर्म है, जहां बेहतरीन काम को सम्मानित किया जाता है।





## कलयुग राइजिंग

# भारत की एआई फिल्म ने रचा इतिहास

**मुंबई।** कलियुग राइजिंग-द बिगिनिंग ने प्रतिष्ठित हिग्सफील्ड मेक योर एक्शन प्रतियोगिता में शीर्ष 10 में स्थान हासिल किया। 100 से अधिक देशों से आई 9,000 से अधिक प्रविष्टियों में से वैश्विक स्तर पर 9वां स्थान प्राप्त करते हुए, यह उपलब्धि हासिल करने वाली एकमात्र भारतीय एआई फिल्म बनी। यह परियोजना कृत्रिम बुद्धिमत्ता-प्रथम रचनात्मक स्टूडियो इमैजिन इफ और फिल्म निर्माता प्रतया साहा को एक साथ लाती है, जहां कहानी कहने की महत्वाकांक्षा और अत्याधुनिक तकनीक का संगम होता है।

# लीसा मिश्रा ने छह महीने तक आवाज खोने के बारे में किया खुलासा

**मुंबई।** गायिका और अभिनेत्री लीसा मिश्रा ने हाल ही में अपने जीवन का एक बेहद निजी अनुभव साझा किया, जिसे आमतौर पर लोग एक सफल और लगातार परफॉर्म करने वाले कलाकार से जोड़कर नहीं देखते। लीसा मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2022 में उनकी आवाज लगभग छह महीने के लिए पूरी तरह चली गई थी। इसका कारण वोकल नोड्यूल्स थे, जो ज्यादा इस्तेमाल और दबाव के कारण वोकल कॉर्ड्स पर बनने वाले छोटे-छोटे कठोर उभार होते हैं। लीसा इस समय को अपने करियर का सबसे कठिन दौर मानती हैं। एक पेशेवर गायिका के लिए आवाज सिर्फ एक साधन नहीं होती, बल्कि उसकी पहचान, रोजगार और भावनात्मक सहारा भी होती है। इसे खो देना न सिर्फ करियर के लिए बड़ा झटका होता है, बल्कि मानसिक रूप से भी बहुत भारी पड़ता है। लीसा ने बताया कि यह अनुभव उनके लिए कितना मुश्किल था, क्योंकि इस दौरान उन्हें डर, आत्म-संदेह और अपने भविष्य को लेकर अनिश्चितता का सामना करना पड़ा। अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। हाल ही में लीसा ने लगातार चार दिनों तक कई शो किए, और इस दौरान उनकी आवाज पूरी तरह ठीक रही, बिना किसी परेशानी के।
















अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com







